


■ सरकार ने अदला-बदली नीलामी में वापस खरीदे 6,309 करोड़ बॉन्ड - 12



■ अमेरिका ने किया अनुरोध-रूसी तेल खरीद रिफाइनरियों में भेजे भारत - 12



■ नेपाल : सबसे युवा और पहले मधेसी पीएम होंगे बालेंद्र - 13




■ बारबाडोस से अहमदाबाद तक : क्रिकेट में भारत के दबदबे की अभूतपूर्व दास्तान - 14

आज का मौसम
33.0° अधिकतम तापमान
19.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.28
सूर्यास्त 06.18

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष सप्तमी 01:54 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2083

मंगलवार, 10 मार्च 2026, वर्ष 7, अंक 104, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये

# ईरान जंग पर सदन में हंगामा, बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर नहीं हो पाई चर्चा

● सरकार बोली- स्पीकर को हटाने के प्रस्ताव पर बहस के लिए तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा में सोमवार को विपक्षी दलों के सदस्यों ने पश्चिम एशिया संकट पर चर्चा कराने की मांग को लेकर हंगामा किया, जिसके कारण सदन की कार्यवाही दो बार के स्थगन के बाद दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्ष के इस रुख पर अड़े रहने के कारण लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव लाने के विपक्ष के नोटिस पर चर्चा और मतदान की प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी।

सदन की बैठक दो बार स्थगित होने के बाद अपराह्न तीन बजे शुरू हुई तो पीठासीन सभापति जगदंबिका पाल ने कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद को लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अपना संकल्प रखने को कहा। इस दौरान कांग्रेस समेत विपक्ष के सदस्य पश्चिम एशिया के हालात पर सदन में चर्चा कराने की मांग करते हुए आसन के समीप आकर नारेबाजी करने लगे। कांग्रेस के सदस्य नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बोलने की इजाजत भी आसन से मांग रहे थे। पीठासीन सभापति पाल ने मोहम्मद जावेद से कहा, आप केवल अपना संकल्प रख सकते हैं। आपको और कोई प्रस्ताव रखने का अधिकार नहीं है। आप आसन से यह नहीं कह सकते कि राहुल (गांधी) को बोलने दें, केसी वेणुगोपाल को बोलने दें। यह कौन सा नियम है। उन्होंने कहा, संसद की कार्यवाही में प्रति मिनट ढाई लाख रुपये खर्च होते हैं। एक दिन में नौ करोड़ रुपये खर्च हो रहे हैं। जनता के पैसे का इस तरह आप नुकसान कर रहे हैं। आप संसद को बंधक बनाने की कोशिश कर रहे हैं। विपक्ष ने इतने दिन पहले से लोस अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया है, लेकिन इस विषय पर चर्चा कराने की जगह अब दूसरा विषय उठाया जा रहा है।



नई दिल्ली में संसद के बजट सत्र के दौरान राज्यसभा में चर्चा में शामिल विदेश मंत्री एस जयशंकर।

## अपने नागरिकों की सुरक्षा और राष्ट्रीय हित प्राथमिकता : जयशंकर

● कहा- संघर्ष क्षेत्र में फंसे 67,000 भारतीयों को वापस लाया जा चुका

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पश्चिम एशिया संकट के समाधान के लिए संवाद और कूटनीति की जरूरत पर जोर देते हुए सोमवार को लोकसभा में कहा कि उस क्षेत्र में रहने वाले भारतीय नागरिकों की सुरक्षा तथा अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करना भारत सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। संसद के दोनों सदनों में पश्चिम एशिया संघर्ष पर दिए अपने वक्तव्य में जयशंकर ने कहा कि भारत सरकार पश्चिम एशियाई क्षेत्र के सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता बनाए रखने के पक्ष में है। उन्होंने एक ईरानी जहाज को भारतीय बंदरगाह पर खड़ा करने की अनुमति देने को मानवीय आधार पर लिया गया सही निर्णय बताया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार इस क्षेत्र के हालात पर नजर रख रही है और संघर्ष क्षेत्र में फंसे 67,000 भारतीय नागरिकों को पहले ही वापस लाया जा चुका है। जयशंकर ने कहा कि भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और ऊर्जा सुरक्षा तथा व्यापार जैसे राष्ट्रीय हित सरकार के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। उन्होंने लोकसभा और राज्यसभा में दिए वक्तव्य में कहा, भारत शांति के पक्ष में है और बातचीत और कूटनीति का मार्ग अपनाने का आग्रह करता है। दोनों सदनों में, जब जयशंकर वक्तव्य देने के लिए उठे तो विपक्ष ने जोरदार नारेबाजी की और मांग की कि पश्चिम एशिया की स्थिति पर उनके वक्तव्य से पहले चर्चा होनी चाहिए।

## लोस अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब दे सकते हैं शाह

**नई दिल्ली।** विपक्षी द्वारा लोकसभा अध्यक्ष बिरला के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार को जवाब दे सकते हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सदन में होने वाली चर्चा के दौरान अन्य वक्ताओं के अलावा सरकार की ओर से संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू भी हिस्सा ले सकते हैं।

## ब्रीफ न्यूज

### ईडी ने असम के पूर्व आईएएस अधिकारी की संपत्ति कुर्क की

**नई दिल्ली।** ईडी ने असम के पूर्व आबकारी सचिव और आईएएस अधिकारी इंद्रेश्वर कलिता के खिलाफ आय के ज्ञात स्रोतों की तुलना में अधिक संपत्ति के मामले में धन शोधन की जांच के तहत पांच करोड़ रुपये से अधिक की अचल संपत्ति कुर्क की है। मामला मुख्यमंत्री के विशेष सतर्कता प्रकोष्ठ (सीएमएसवीसी) द्वारा कलिता के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी से जुड़ा है। ईडी ने एक बयान में कहा कि सीएमएसवीसी के आरोप पत्र में कहा गया है कि एक मार्च 2000 से 31 दिसंबर 2018 की जांच अवधि के दौरान, कलिता के पास कुल मिलाकर 5.64 करोड़ रुपये की संपत्ति थी, जो उनकी आय के ज्ञात स्रोतों की तुलना में 131.12 प्रतिशत अधिक थी।

### मथुरा में नाबालिग लड़की से सामूहिक दुष्कर्म, मामला दर्ज

**मथुरा।** मथुरा में नौहझील थाना क्षेत्र के एक गांव में दो युवकों द्वारा नाबालिग लड़की से सामूहिक दुष्कर्म करने की घटना सामने आई है। पुलिस ने पीड़िता के परिजनों की तहरीर पर नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दायर कर जांच शुरू कर दी है। मांट क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक संदीप कुमार सिंह ने बताया कि यह घटना शुक्रवार शाम की है, जिसके बारे में पीड़िता ने परिजनों को शनिवार को जानकारी दी। इसके बाद उन्होंने रविवार को पुलिस में शिकायत दर्ज की।

# मुजतबा खामेनेई नए सुप्रीम लीडर अमेरिका-इजराइल के हमले तेज


## सऊदी ने ईरान को चेताया, हमले बंद करो नहीं तो देंगे करारा जवाब

दुबई, एजेंसी

ईरान में सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद उनके बेटे मुजतबा खामेनेई को सोमवार को देश का अगला शासक नामित किया गया। देश की असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स ने उनका चुनाव किया है। मुजतबा (56) के देश के अर्धसैनिक बल रिवॉल्यूशनरी गार्ड से करीबी संबंध हैं। सुप्रीम लीडर चुने जाने से भड़के अमेरिका-इजराइल ने तेहरान पर हमले तेज कर दिए हैं।

रिवॉल्यूशनरी गार्ड युद्ध की शुरुआत के दौरान 28 फरवरी को अयातुल्ला अली खामनेई (86) की मौत के बाद से इजराइल और खाड़ी के अरब देशों पर मिसाइलों और ड्रोन से हमले कर रहा है। मुजतबा को उनके पिता से भी ज्यादा कट्टर विचारों वाला माना जा रहा है। वह युद्ध शुरू होने के बाद से सार्वजनिक रूप से नजर नहीं आए हैं। ईरान के राजनीतिक जानकारों ने वंशानुगत तरीके से मुजतबा को सर्वोच्च नेता चुने जाने की आलोचना की है। इजराइल पहले ही कह चुका है कि मुजतबा उनके निशाने पर हैं जबकि ट्रंप ने उन्हें अस्वीकार्य बताया है। ईरान समर्थित लेबनानी उग्रवादी समूह हिजबुल्ला ने मुजतबा के समर्थन में बयान जारी किए।

वहीं, सऊदी अरब ने सोमवार को ईरान को आगाह किया कि अगर वह अरब देशों पर हमले करता रहा तो उसे अब तक का सबसे बड़ा नुकसान उठाना पड़ेगा। सऊदी का यह बयान उस ड्रोन हमले के बाद आया, जिसमें जाहिर तौर पर उसके बड़े शायबा तेल क्षेत्र को निशाना बनाया गया।



तेहरान में मुजतबा खामेनेई के समर्थन में एकत्रित भीड़।

### भारत ने बहरीन में अपने नागरिकों से सतर्क रहने का किया आग्रह

**दुबई।** भारत ने बहरीन में रहने वाले अपने नागरिकों के लिए सोमवार को एक परामर्श जारी कर क्षेत्र में मौजूदा स्थिति को देखते हुए सतर्क रहने, उचित सावधानी बरतने और स्थानीय अधिकारियों के सुरक्षा दिशानिर्देशों का पालन करने का आग्रह किया। बहरीन स्थित भारतीय दूतावास के परामर्श में कहा गया है कि बहरीन स्थित भारतीय दूतावास सामान्य रूप से कार्य कर रहा है। फंसे भारतीय नागरिकों, विशेषकर पर्यटक या अल्पकालिक वीजा धारकों को प्राथमिकता दी जा रही है।

### युद्ध जीतने के लिए ब्रिटेन की मदद की जरूरत नहीं, ट्रंप ने की आलोचना

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने मौजूदा हालात पर राष्ट्रपति ट्रंप से बातचीत की। उधर, ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर लिखा, ब्रिटेन, जो कभी हमारा महान सहयोगी रहा है, अब पश्चिम एशिया में दो विमानवाहक पोत भेजने पर विचार कर रहा है। कोई बात नहीं, प्रधानमंत्री स्टॉर्मर, हमें अब उनकी जरूरत नहीं है हम इसे याद रखेंगे। हमें ऐसे लोगों की जरूरत नहीं है जो युद्ध जीतने के बाद उसमें शामिल हों।

### पुतिन ने मुजतबा को दी बधाई अटूट समर्थन देने की बात कही



**मॉस्को।** रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने ईरान के नये सर्वोच्च नेता चुने गए अयातुल्ला मुजतबा खामेनेई को सोमवार को बधाई दी और तेहरान को मॉस्को के अटूट समर्थन और एकजुटता की पुष्टि की। कहा कि मुझे विश्वास है कि आप अपने पिता के कार्यों को आगे बढ़ाएंगे।

# कच्चे तेल में तेजी से शेयर बाजार में कोहराम, प्रमुख सूचकांक 3% तक टूटे



● 2494.35 अंक तक फिसलने के बाद सेंसेक्स 1,353 अंक की गिरावट पर बंद
● निफ्टी 752.65 तक टूटने के बाद 422 अंक की गिरावट पर हुआ बंद

मुंबई, एजेंसी

पश्चिम एशिया में गहराते संकट के बीच कच्चे तेल के भाव में तेजी से सोमवार को भारतीय बाजार में कोहराम मच गया और शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक तीन प्रतिशत तक टूट गए। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स में लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट दर्ज की गई और यह 1,352.74 अंक यानी 1.71 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,566.16 अंक पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान, यह 2,494.35 अंक यानी 3.16 प्रतिशत का गोता लगाकर 76,424.55 अंक पर आ गया था। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 422.40 अंक यानी 1.73 प्रतिशत टूटकर 24,028.05 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 752.65 अंक यानी 3.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,697.80 अंक पर आ गया था। सेंसेक्स की सभी कंपनियां लाल निशान में हैं।

सबसे ज्यादा गिरावट वाली 10 कंपनियां क्रमशः इंडिगो, भारतीय स्टेट बैंक, टाटा स्टील, एशियन पेंट्स, मारुति सुजुकी, लार्सन एंड टुब्रो, एक्सिस बैंक, इटरनल, महिंद्रा एंड महिंद्रा और आईसीआईसीआई बैंक रहे। वहीं, इस अवधि में निवेशकों की कुल संपत्ति में लगभग 22.40 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आई है। इस दौरान बीएसई-सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 22,40,408.82 करोड़ रुपये की भारी गिरावट के साथ 4,41,10,262.45 करोड़ रुपये (4,780 अरब डॉलर) रह गया।

### एमसीएक्स में क्रूड के भाव 26% ऊपर खुलकर 10,549 रुपये प्रति बैरल पहुंचे, देर शाम तक फिसले

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में संघर्ष तेज होने से वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति बाधित होने की आशंका के बीच सोमवार को वायदा कारोबार में कच्चे तेल की कीमतें 26 प्रतिशत से अधिक के उछाल के साथ 10,549 रुपये प्रति बैरल के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गईं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में मार्च डिलिवरी वाला कच्चा तेल 2,186 रुपये यानी 26.13% बढ़कर 10,549 रुपये प्रति बैरल के अपने अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में इसका बंद भाव 8,363 रुपये प्रति बैरल था। कच्चे तेल का अप्रैल डिलिवरी वाला अनुबंध भी 2,158 रुपये यानी 26.91% बढ़कर 10,177 रुपये प्रति बैरल के नए शिखर पर पहुंच गया। इससे पिछले सत्र में इसका भाव 8,019 रुपये प्रति बैरल था। वायदा कारोबार के दौरान दोनों आपूर्ति अनुबंध अपने-अपने ऊपरी सर्किट स्तर तक पहुंच गए। चॉइस ब्रोकिंग के जिंस एवं मुद्रा विश्लेषक आमिर मकडा ने कहा कि एमसीएक्स पर कच्चे तेल का मार्च अनुबंध पहले ही ऊपरी सर्किट स्तर को छू चुका है और आने वाले सत्रों में इसकी कीमतें 11,300 रुपये प्रति बैरल तक भी जा सकती हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी कच्चे तेल की कीमतें वर्ष 2022 के बाद पहली बार 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गईं। डब्ल्यूटीआई कच्चा तेल अप्रैल डिलिवरी के लिए 28.58 डॉलर यानी 31.44% बढ़कर 119.48 डॉलर प्रति बैरल हो गया। देरशाम भाव फिसल कर नीचे आ गए।

# यौन हिंसा पीड़ितों के मामलों में संवेदनशीलता के नए दिशा-निर्देश जारी

● इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में प्रदेश सरकार ने जारी किया शासनादेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** यौन हिंसा और दुष्कर्म के मामलों में गर्भवती लड़कियों व महिलाओं के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने और मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए प्रदेश सरकार ने सोमवार को सभी चिकित्सा संस्थानों व प्रशासनिक अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। अब गर्भसमापन, मेडिकल जांच और पीड़ित सहायता के लिए मानक प्रक्रिया का पालन अनिवार्य होगा। यह आदेश हाईकोर्ट में दायर जनहित याचिका संख्या-2751/2025 में 6 फरवरी 2026 को पारित आदेश के अनुपालन में जारी किया गया है।

अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित कुमार घोष की ओर से जारी शासनादेश में कहा गया है कि यौन हिंसा से पीड़ित महिलाओं और लड़कियों के मामलों में गर्भसमापन, चिकित्सा सहायता, जांच और परामर्श से संबंधित सभी प्रक्रियाओं में संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके लिए पहले से जारी एसओपी और नए दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने को कहा गया है। शासनादेश सभी चिकित्सा अधीक्षकों, मुख्य चिकित्सा अधिकारियों और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को भेजा गया है। साथ ही पुलिस महानिदेशक, मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने स्तर से इन निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराएं। पीड़िता की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

### 24 सप्ताह तक गर्भ समापन की व्यवस्था

दिशा-निर्देशों के अनुसार यौन हिंसा से गर्भवती हुई महिला या लड़की का गर्भसमापन एमटीपी अधिनियम के तहत 24 सप्ताह तक कराया जा सकता है। 20 सप्ताह तक के मामलों में जिला अस्पताल या मेडिकल कॉलेज के स्त्री रोग विशेषज्ञ की निगरानी में प्रक्रिया पूरी की जाएगी और एफआईआर या पुलिस रिपोर्ट का इंतजार किए बिना उपचार में देरी नहीं की जाएगी। जांच से पहले लिखित सहमति अनिवार्य होगी। नाबालिग या मानसिक रूप से अक्षम पीड़िता के मामलों में अभिभावक की सहमति ली जाएगी। जांच के दौरान डीएनए साक्ष्य, नमूने और अन्य फॉरेंसिक साक्ष्य सुरक्षित तरीके से एकत्र कर 96 घंटे के भीतर जांच एजेंसी को सौंपने के निर्देश दिए गए हैं।

## शराब नीतिः केजरीवाल, सिसोदिया को नोटिस

● 21 अन्य से भी सीबीआई की याचिका पर मांगा जवाब




**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने शराब नीति मामले में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और 21 अन्य लोगों को अधीनस्थ अदालत द्वारा आरोप मुक्त किये जाने के विरुद्ध सीबीआई की याचिका पर आरोपियों से उनका पक्ष बताने को कहा।

न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने सीबीआई की याचिका पर सुनवाई के लिए अगली तारीख 16 मार्च तय की। हाईकोर्ट ने कहा कि वह निचली कोर्ट को ईडी द्वारा धनशोधन मामले की जांच पर कार्यवाही को बाद की तारीख तक स्थगित करने का आदेश देगी। सॉलीसिटर जनरल तुषार मेहता द्वारा किए गए अनुरोध पर, उच्च न्यायालय ने यह भी संकेत दिया कि वह सीबीआई अधिकारियों पर अधीनस्थ अदालत द्वारा की गई 'पूर्वग्रहपूर्ण टिप्पणियों' के अमल पर रोक लगाएगी।

## इटावा सफारी में शेरनी ने 4 शावकों को दिया जन्म

● तीसरी बार मां बनी शेरनी नीरजा, पहले के पांच शावक भी पूरी तरह स्वस्थ

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार:** एशियाई शेरों के संरक्षण और संवर्धन के लिए स्थापित लॉयन सफारी पार्क में उस समय खुशी की लहर दौड़ गई, जब यहां शेरनी नीरजा ने चार शावकों को जन्म दिया। चारों शावक पूरी तरह स्वस्थ हैं, और उनकी लगातार निगरानी की जा रही है।

तीसरी बार मां बनी शेरनी नीरजा ने पहले प्रसव में दो, दूसरी बार में तीन और अब चार शावकों को जन्म दिया है, इस तरह सफारी में अब उसके कुल नौ शावक पल रहे हैं। लॉयन सफारी पार्क के निदेशक डॉ. अनिल कुमार पटेल ने बताया कि शेरनी नीरजा ने रविवार रात पहला शावक 8.25 बजे, दूसरा 9.07 बजे, तीसरा 9.43 बजे और चौथा शावक 9.59 बजे पर जन्मा। नीरजा अपने नवजात बच्चों की अच्छी तरह देखभाल कर रही है। ब्रीडिंग सेंटर में लगे सीसीटीवी से उन पर नजर रखी जा रही है। सफारी प्रशासन के अनुसार शेर कान्हा और शेरनी नीरजा के बीच 18 नवंबर से 21 नवंबर 2025 के बीच मीटिंग हुई थी। इसके बाद आईवीआरआई बरेली में हुई जांच में नीरजा के गर्भवती होने की पुष्टि होने पर उसे ब्रीडिंग सेंटर में रखा गया था, जहां डॉक्टरों व कीपरों की टीम विशेष देखभाल कर रही थी। नीरजा के पहले के पांच शावक सफारी में स्वस्थ रूप से पल रहे हैं। शेरनी नीरजा का जन्म भी छह साल पहले इसी सफारी में हुआ था।

**जनता दर्शन** | उद्यमियों की भी आने लगी शिकायतें, जिला प्रशासन को समयबद्ध शिकायतों के निस्तारण का निर्देश

# निवेश और उद्योग विकास में देरी और लापरवाही अक्षम्य : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' में प्रदेश भर से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान दो उद्यमियों ने मुलाकात कर अपनी समस्याएं रखीं।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि निवेश और उद्योग विकास से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की देरी या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने उद्यमियों के प्रार्थना पत्र को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों, विशेषकर उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) और जिला प्रशासन को समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में निवेश के लिए बेहतर इकोसिस्टम तैयार किया गया है। सरकार ने सिंगल विंडो सिस्टम सहित कई पारदर्शी व्यवस्थाएं लागू की हैं, इसलिए उद्यमियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री स्वयं पीड़ितों के पास जाकर उनका प्रार्थना पत्र लेते रहे और उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने लोगों से कहा कि निश्चिंत होकर घर जाइए, आपकी शिकायतों का नियमानुसार निस्तारण कराया जाएगा। मुख्यमंत्री ने जिलों के प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी शिकायतों का समयसीमा के भीतर समाधान सुनिश्चित किया जाए और किसी भी प्रकरण को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए।



जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री योगी।

### योगी ने अवैध कब्जे के खिलाफ दिए सख्त निर्देश

कासगंज से आए एक पीड़ित ने पुलिस से जुड़ी शिकायत मुख्यमंत्री के सामने रखी और कार्रवाई में देरी की बात कही। इस पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधीक्षक को तत्काल संज्ञान लेकर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एक अन्य प्रकरण पारिवारिक विवाद से जुड़ा था, जबकि अवैध कब्जे की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि ऐसे मामलों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने पीड़ित को भरोसा दिलाया कि नियमानुसार तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

### किताबें पढ़ो, सोशल मीडिया का कम प्रयोग करो

जनता दर्शन में कुछ अभिभावक अपने बच्चों के साथ भी पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने बच्चों को चॉकलेट दी और उनसे पढ़ाई के बारे में बातचीत की। एक बच्चे से मुख्यमंत्री ने कहा कि किताबें पढ़ने की आदत डालो और सोशल मीडिया का प्रयोग केवल आवश्यकता के अनुसार ही करो। उन्होंने मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से बचने की सलाह भी दी।

## न्यूज ब्रीफ

### ग्रामीण से मारपीट एफआईआर दर्ज

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव पैनिया रामकिशन के निवासी अगनलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पाचं मार्च को उसके छोटे भाई राजकुमार ने गलती से केबल तार काट दिया। इस पर गांव के छोटेलाल और विनोद कुमार ने मारपीट की। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

### खेत पर जा रहे युवक के साथ मारपीट

**दियोरियाकलां, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव पैनियां हिम्मत निवासी विपिन कुमार पुत्र रघुनाथ ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि आठ मार्च की रात आठ बजे अपने खेत की तरफ जा रहे थे। पुरानी रंजिश को लेकर गांव के कौशल, दुर्वेश, ठाकुरदास ने रास्ते में घेरकर हमला कर दिया। ग्रामीणों को जमा होता देख आरोपी भाग गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बाइक की टक्कर से युवक घायल

**बीसलपुर, अमृत विचार :** गजरौला मार्ग पर सत्यपाल की चाय की दुकान है। सोमवार सुबह वह चाय समोने देने जा रहे थे। इस बीच गांव चंदपुरा निवासी युवक तेज गति से बाइक लेकर आ रहा था। बाइक की टक्कर लगने से वह घायल हो गए। निजी अस्पताल भर्ती कराया गया है।

### सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन

**बीसलपुर, अमृत विचार :** राधा रमण स्कूल में कक्षा एक से पांच तक के बच्चों की सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता हुई। इसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विजेताओं को प्रधानाचार्य बाबूराम शर्मा ने पुरस्कृत किया।

### एसपी के आदेश पर एफआईआर दर्ज

**बीसलपुर, अमृत विचार :** एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज की। जिसमें ग्राम परेवा किसनी निवासी नीलम पुत्री खेमपाल ने बताया कि उसकी शादी वर्ष 2012 में बरेली जनपद के पूर्वी फतेहगंज क्षेत्र के ग्राम उचसिया निवासी धर्मपाल के पुत्र राजेश शर्मा से हुई थी। अतिरिक्त दहेज में दो लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर पति राजेश शर्मा, सास रामलली, देवर राकेश, ननद रोशनी ने मारपीट कर एक मार्च को घर से निकाल दिया। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

### पंपिंग सेट चोरी, रिपोर्ट

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव मूसेपुर जयसिंह निवासी प्रमोद पुत्र सियाराम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सिंचाई करने वाला पंपिंग सेट घर के बाहर खड़ा था। जिसे दो मार्च की रात में कोई चोरी कर ले गया। तीन मार्च की सुबह जानकारी हुई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# विधायक-अफसर बने बराती, भव्य पंडाल में बेटियों ने लिए फेरे

## सामूहिक विवाह समारोह में 400 जोड़े प्रणय सूत्र में बंधे, मुस्लिम जोड़ों का पढ़ा गया निकाह, नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देकर किया विदा

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**



सामूहिक विवाह समारोह में नवविवाहित जोड़े को उपहार देते विधायक बाबूराम पासवान, साथ में खड़े डीएम व अन्य अधिकारी।



वैवाहिक संस्कार के बाद काउंटर पर उपहार लेने पहुंचे नवविवाहित जोड़े। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** मंडी समिति परिसर का मैदान सोमवार को सामाजिक सौहार्द की मिसाल बना। भव्य पंडाल में विधायक-अफसर सरीखे बरातियों की मौजूदगी में बेटियों ने अग्निदेव को साक्षी मानकर सात फेरे लिये। सोमवार को 400 जोड़े प्रणय सूत्र में बंधें। मंत्रोच्चारण के बीच वैवाहिक संस्कार संपन्न कराए गए। वहीं एक पंडाल में मौलवियों ने मुस्लिम जोड़ों का निकाह मुस्लिम रीति रिवाज से संपन्न कराया। पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, डीएम ज्ञानेंद्र सिंह समेत अन्य अफसरों ने नव दांपत्य में बंधे जोड़ों को सुखी जीवन का आर्शीवाद दिया और उपहार देकर विदाई दी।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सोमवार को शहर स्थिति मंडी समिति परिसर में सामूहिक विवाह समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इसमें पूरनपुर विधानसभाक्षेत्र के वर-वधु शामिल हुए। वैवाहिक संस्कार संपन्न कराने को भव्य पंडाल तैयार किया गया। वहीं मुस्लिम समुदाय के निकाह संपन्न कराने के लिए पास में ही एक अन्य पंडाल की व्यवस्था की गई। सुबह से ही वर-वधु पक्ष के लोगों के सिलसिला शुरू हो गया। सामूहिक विवाह समारोह में व्यवस्थाएं छिन्न-भिन्न न हो, पंडाल को सेक्टरों में बांटकर व्यवस्था की गई। प्रत्येक सेक्टर में एक-एक सेक्टर अधिकारी का तैनात किया गया। विवाह समारोह में पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन करने के साथ भगवान गणेश को पुष्प अर्पित कर समारोह का शुभारंभ किया। इस दौरान पूरनपुर विधायक ने सभी वर-वधुओं के सुखी जीवन की कामना करते हुए कहा कि सरकार की मंशा है कि ऐसे गरीब एवं निर्धन परिवार जो शादी विवाह समारोह में होने वाले व्यय को वहन करने में सक्षम नहीं हैं, उनका भी विवाह समारोह सम्मानपूर्वक एवं धार्मिक रीति-रिवाज से संपन्न हो सके। पूरनपुर विधायक ने डीएम के साथ पंडाल का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और वर-वधुओं के परिजनों से बातचीत कर व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। साथ ही उन्होंने वर-वधुओं पर पुष्प वर्षा कर उनके सुखी जीवन की कामना की। इस दौरान सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास, सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, डीडीओ संजय कुमार, डीसी मनरेगा हेमंत कुमार यादव, जिला पूर्ति अधिकारी विकास कुमार, उपायुक्त स्वतः रोजगार वंदना सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी चंद्रमोहन विश्नोई समेत अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अफसरों ने नवविवाहित जोड़ों को सुखी दांपत्य जीवन का आर्शीवाद दिया। बता दें कि सोमवार को होने वाले सामूहिक विवाह समारोह में 425 जोड़ों की शादियां संपन्न होनी थी। मगर, सामूहिक विवाह समारोह में 400 जोड़े ही पहुंचे। इसमें 392 हिंदू जोड़े और 08 मुस्लिम जोड़े ही पहुंचे। विवाह समारोह में 25 जोड़े नहीं पहुंच सके।



सामूहिक विवाह समारोह में हवन में आहुति देते वर-वधू। • अमृत विचार

### उपहारों के साथ पर-वधुओं को किया विदा

सामूहिक शादी समारोह में शामिल सभी नवविवाहित जोड़ों को उपहार देकर विदा किया गया। जिला समाज कल्याण अधिकारी चंद्रमोहन विश्नोई ने बताया कि सामूहिक विवाह समारोह में सरकार प्रति जोड़े के विवाह पर एक लाख रुपये का खर्च किया जा रहा है। प्रत्येक वर-वधु को 25-25 हजार रुपये की उपहार सामग्री दी गई। पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान एवं डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने वर-वधुओं को उनके सुखी दांपत्य की कामना करते हुए विदाई दी।

### पहले कराया बायोमैट्रिक सत्यापन, फिर पहुंचे पंडाल

शासन की ओर से सामूहिक विवाह समारोह में वर-वधु का बायोमैट्रिक सत्यापन अनिवार्य किया गया है। सोमवार को हुए सामूहिक विवाह समारोह के दौरान वर-वधुओं के बायोमैट्रिक सत्यापन के लिए मंडी समिति परिसर में कार्यक्रम स्थल के नजदीक ही 08 काउंटरों की व्यवस्था की गई थी। विवाह संस्कार शुरू कराने में देरी न हो, इसको लेकर सुबह साढ़े आठ बजे से वर-वधुओं का बायोमैट्रिक सत्यापन शुरू कर दिया गया। बायोमैट्रिक सत्यापन की प्रक्रिया पूरी करने वाले वर-वधुओं को जयमाला और पगड़ी के साथ-साथ एक टोकन भी दिया गया। पंडाल में टोकन लेकर पहुंचे इन सभी वर-वधुओं को सेक्टरवार पंडाल में बिठाया गया।वर-वधुओं के रिश्तेदारों के बैठने के लिए अलग से व्यवस्था की गई।

### 12 सेक्टर में बांटा पंडाल, 70 वेदियों पर लिए सात फेरे

सामूहिक विवाह समारोह को लेकर पंडाल को 12 सेक्टर में विभाजित किया गया। प्रत्येक सेक्टर में एक-एक सेक्टर अधिकारी को तैनात किया गया था। काउंटर पर तैनात कर्मचारियों द्वारा बताए गए सेक्टर संख्या के अनुसार ही वर-वधु निश्चित स्थान पर पहुंचे। 70 विवाह वेदियां स्थापित की गई। प्रत्येक विवाह वेदी पर करीब पांच से छह जोड़ों को बिठाया गया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच दोपहर करीब 1.30 विवाह संस्कार शुरू हुए। समारोह स्थल पर 70 से अधिक पुरोहितों की देखरेख में विवाह संस्कार संपन्न कराए गए। गायत्री परिजन लालाराम आचार्य और कंहई लाल वर्मा देखरेख में वैवाहिक रस्मों की शुरूआत की गई। प्रत्येक विवाह वेदी पर एक-एक गायत्री परिजन को जिम्मेदारी दी गई।

# शिक्षा को साधन बना आत्मनिर्भर बनें छात्राएं

**संवाददाता, बरखेड़ा**

**अमृत विचारः** एचआरपी डिग्री कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत मुख्य अतिथि प्रबंध निदेशक मुकेश कुमार गुप्ता, प्राचार्या डॉ.वंदना शर्मा, विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्या एचआरपी किड्स वैली इंटरनेशनल स्कूल डॉ. नीतू सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से कराई गई।

मुख्य अतिथि ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के अधिकारों, सम्मान और उनके सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक योगदान को स्मरण करने का महत्वपूर्ण अवसर है। आज की महिलाएं शिक्षा, विज्ञान, प्रशासन, खेल, राजनीति, विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त कर रही हैं। छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे शिक्षा को अपना सबसे बड़ा साधन बनाकर आत्मनिर्भर बनें और समाज में सकारात्मक परिवर्तन की वाहक बनें। प्रबंध निदेशक डॉ अनूप बेरी ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति महिलाओं की उन्नति और भागीदारी पर निर्भर करती है। उन्होंने छात्राओं के जीवन में उच्च आदर्श स्थापित करने और समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। मासिक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया।




कार्यक्रम के दौरान पुरस्कृत की गई छात्राएं। • अमृत विचार

# अनुशासन और महिला खिलाड़ियों के प्रोत्साहन पर जोर

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

- हॉकी एसोसिएशन की बैठक में कई बिंदुओं पर की चर्चा
- पांच सदस्यीय समिति का भी किया गठन

**अमृत विचार :** शहर के एक होटल में हॉकी एसोसिएशन की बैठक अध्यक्ष प्रदीप खींची की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें खेल की गरिमा बनाए रखने, संगठन के विस्तार और महिला खिलाड़ियों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए कई ठोस निर्णय लिए गए। खिलाड़ियों में अनुशासन और संगठन में पूर्व खिलाड़ियों की सहभागिता रही।

संयोजक दीपक सरकार ने पिछले दिनों खिलाड़ियों के बीच हुई अनुशासनहीनता और मारपीट की घटना का मुद्दा उठाया। इस पर संरक्षक अनिल महेंद्रू ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि खेल में कौशल से भी ऊपर अनुशासन है। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए एक पांच सदस्यीय अनुशासन समिति कार्य करेगी।

इस समिति के अध्यक्ष के रूप में अनिल महेंद्रू को नामित किया गया, जबकि महेश आजाद, सतीश शर्मा, दीपक सरकार और पंकज तिवारी को सदस्य की जिम्मेदारी सौंपी गई। संगठन की मजबूती के लिए नए सदस्य बनाने पर विस्तार से चर्चा हुई। संरक्षक डॉ. अमिताभ अग्निहोत्री ने सुझाव दिया कि सदस्यता अभियान में उन पूर्व खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए जिन्होंने खेल को अपना जीवन दिया है। उन्होंने जोर दिया कि सदस्य ऐसे होने चाहिए जो हॉकी के प्रति निष्ठा रखते हों और संगठन को अपना अमूल्य समय दे सकें। सदस्यता के लिए 1100 रुपये वार्षिक शुल्क निर्धारित किया गया, जिसे उपस्थित सदस्यों ने तत्काल जमा कर अपनी प्रतिबद्धता जताई। महिला खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के लिए संयोजक दीपक सरकार ने एक विशेष प्रतियोगिता कराने का प्रस्ताव रखा, जिसे सहर्ष स्वीकार कर लिया गया। महिला विद्यालयों से समन्वय स्थापित करने के लिए पंकज तिवारी को संयोजक नामित किया गया है। वे शीघ्र ही विभिन्न शिक्षण संस्थानों से संपर्क कर महिला हॉकी टीम तैयार करने और प्रतियोगिता की रूपरेखा तय करने पर कार्य करेंगे।सचिव जयप्रकाश बघेल ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर संरक्षक संजय अग्रवाल, डॉ. उपेंद्रनाथ मिश्रा, बाबू भारती, हरीश कुमार, जिला व्यायाम शिक्षक राजीव कुमार मिश्रा, जगदीश सक्सेना, आयेंद्र गंगवार, वीरेंद्र पटेल, रत्ना शुक्ला, दिव्या पांडे, रीना दीक्षित आदि मौजूद रहे।

# डीएम व बेनहर-11 के बीच हुआ मैच

**पीलीभीत, अमृत विचार :** रंजीत स्टेडियम के चैम्पियन्स पवेलियन का सोमवार को डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने उद्घाटन किया। इस दौरान बेनहर गुरुकुल के प्रबंध निदेशक गुरदित्त सिंह सैहमी, प्रशासक डॉ. परविन्दर सिंह सैहमी, सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, एआरटीओ वीरेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

इसके बाद डीएम और बेनहर-11 के बीच मैत्री क्रिकेट मैच खेला गया। बेनहर-11 ने पहली पारी खेलते हुए 243 रनों का लक्ष्य रखा। गुरसेवक सिंह ने 100, आशीष महाजन ने 50 रनों की शानदार पारी खेली। दूसरी पारी में प्रशासन की टीम 229 रनों पर ही सिमट गई। माही 30, अमित पाण्डेय 25, विजय वर्धन तोमर ने 18 रनों का योगदान दिया। मैन ऑफ द मैच गुरसेवक सिंह को दिया गया। इस मौके पर अजीत प्रताप सिंह, प्रदीप कुमार, साहिल चौधरी, विकास त्यागी, गौरव अरोड़ा, आशीष महाजन, गुरसेवक सिंह, रमनदीप सिंह, अमन सिंह, रवि गुप्ता, त्रिलोक चन्द्र वर्मा, जयदीप सिंह आदि मौजूद रहे। टीम मैनेजर डॉ. परविन्दर सिंह सैहमी ने खिलाड़ियों को जीत की बधाई दी।



क्रिकेट खेलते खिलाड़ी। • अमृत विचार

# पशु पक्षियों में होने वाली बीमारियां और बचाव के तरीके बताए

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचार :** नगर क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं को एक्सपोजर विजिट पर दो बसों से सोमवार को आईवीआरआई बरेली भेजा गया। इस दौरान 100 छात्राओं ने संस्थान की ओर से दी जाने वाली सुविधाओं को करीब से देखा।

नाभिकीय वैज्ञानिक प्रयोगशाला, केंचुआ पालन, पशु पक्षियों को दी जाने वाली वैक्सीन, सहित पशु पक्षियों में होने वाली बीमारियों से बचाव की जानकारी ली। भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान बरेली के सीनियर टेक्निकल ऑफीसर ने छात्र-छात्राओं को बताया कि पशुओं में कौन-कौन से वायरस जानलेवा खतरनाक होते हैं। वैक्सीन रिसर्च के आधार पर बनाई जाती है। पशु चिकित्सा विज्ञान के अनुभाग, रिसर्च सेंटर, पशु शरीर रचना अनुभाग में पशु पक्षियों के आंतरिक संरचना का ढांचा देखा। इसके बाद संस्थान के ही प्रयोगशाला वधुशाला ,नेशनल एनिमल साइंस सेंटर, कृषि विज्ञान केंद्र, योगा पार्क, जैविक उत्पाद विभाग का भ्रमण कराया गया। जिला व्यायाम शिक्षक राजीव कुमार,केके सागर, वार्डेन चंचल गंगवार, शिक्षिका क्षमा गुप्ता, रिया रस्तोगी, शगुफ्ता,रुचि गंगवार, सरिता गंगवार आदि मौजूद रहे।

# घर-घर जाकर बताए नशे के दुष्परिणाम

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचार :** गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय पूरनपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के तत्वावधान में ग्राम रम्पुरा में नशा मुक्ति जागरुकता अभियान चलाया गया। इसका उद्देश्य युवाओं एवं ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस डॉ. मृदुला शर्मा ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए अत्यंत हानिकारक है। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे नशे से दूर रहें और स्वस्थ, सकारात्मक जीवन शैली अपनाकर समाज के विकास में योगदान दें। शाहिद खान ने कहा कि नशा मुक्ति केवल एक अभियान नहीं बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी है। जब युवा वर्ग जागरूक होगा तभी समाज नशे की बुराइयों से मुक्त हो सकेगा। स्वयंसेवकों द्वारा गांव में जागरूकता रैली निकाली गई। डोर-टू-डोर संपर्क कर ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताया और उन्हें नशा छोड़ने व दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। अभियान में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और ग्रामीणों को स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर डॉ. अरविंद दीक्षित, डॉ. सौरभ सक्सेना, अंकित गुप्ता, डॉ. राजिया शकील, अनुष्का श्रीवास्तव, शिवानी, गौरी दीक्षित, वैष्णवी आदि मौजूद रहे।



रंपुरा गांव में ग्रामीणों को जागरूक करते स्वयंसेवक। • अमृत विचार

# 243 बच्चों को मिलेगा कान्वेंट स्कूल में प्रवेश

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचारः** बीएसए रोशनी सिंह के समक्ष 2026 - 27 शैक्षिक सत्र में प्रवेश दिए जाने को लेकर लॉटरी निकालने की प्रक्रिया अपनाई गई । लाटरी पद्धति के माध्यम से 243 बच्चों को कॉन्वेंट स्कूलों में प्रवेश दिए जाने की कार्रवाई हुई। विभिन्न स्थानों के अभिभावकों द्वारा कुल 599 आवेदन किए गए। जिसमें से 274 बच्चों के आवेदन ठीक मिले। जिन्हें लॉटरी सिस्टम में शामिल किया गया। 325 आवेदन जांच के दौरान निरस्त कर दिए गए। निरस्त किए जाने का कारण यह रहा की आवेदन अन्य वार्ड या फिर अन्य ग्राम पंचायत में कर दिए गए थे। 243 बच्चों को लॉटरी सिस्टम के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा। अन्य आवेदन रिजेक्ट कर दिए गए। 31 बच्चों को सीटें खाली न होने के कारण प्रवेश नहीं मिल सकेगा। बता दें कि लखनऊ राज्य परियोजना कार्यालय के आदेश के मुताबिक तीन चरणों में आवेदन की तिथियां निर्धारित की गई है। प्रथम चरण में दो फरवरी से 16 फरवरी, दूसरा चरण 21 फरवरी से सात मार्च , तीसरा चरण 12 मार्च से 25 मार्च तक निर्धारित है। द्वितीय चरण में जो आवेदन प्राप्त हुए उनकी लॉटरी सोमवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह, जिला समन्वयक राकेश पटेल, पवन अग्रवाल की मौजूदगी में निकाली गई। बीएसए ने बताया कि अगले चरण की लॉटरी दिए गए रोस्टर के मुताबिक निकाली जाएगी। प्रथम चरण में 1001 छात्र-छात्राओं को स्कूल आवंटित किए गए।

शिक्षा

जिले के दोनों केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट व पर्यवेक्षक करेंगे निगरानी

# 18 से शुरू होगा बोर्ड कॉपियों का मूल्यांकन, दो केंद्रों पर जांचेंगे परीक्षक

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

- 10वीं की कॉपी पर 14 और इंटर की कॉपी पर 15 रुपये मिलेगा मानदेय

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं के बाद अब उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की तैयारियां तेज हो गई हैं। जिले में 18 मार्च से कॉपियों की जांच का कार्य शुरू कराया जाएगा, जिसके लिए दो मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं। मूल्यांकन प्रक्रिया को पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक स्तर पर विशेष इंतजाम किए गए हैं। प्रत्येक केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट और पर्यवेक्षक की तैनाती की जाएगी, वहीं प्रदेश स्तर पर कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से भी मूल्यांकन केंद्रों की लगातार निगरानी की जाएगी।

बता दें कि 18 फरवरी से हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं कराई गई थी, जोकि 12 मार्च को समाप्त हो जाएंगी। बोर्ड परीक्षा समाप्त होने के बाद 18 मार्च से उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू कराया जाएगा। जिले में हर वर्ष की तरह इस बार भी मूल्यांकन के लिए ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज हैं। यहां जीजीआईसी में हाईस्कूल और ड्रमंड में इंटरमीडिएट की कॉपियों का मूल्यांकन होगा। परीक्षा समाप्त होते ही बोर्ड की ओर से इन कॉपियों को जांचने के लिए जिला अलॉट किया जाएगा। यह गोपनीय रहेगा कि जिले में किस जिले की कॉपियां भेजी जा रही है। कक्ष निरीक्षक के बाद ऑनलाइन पोर्टल से ही कॉपी जांचने के लिए परीक्षक और डीएचई की ड्यूटी लगाई जाएगी। पिछले साल जीजीआईसी में मूल्यांकन के लिए 657 परीक्षक और 66 डीएचई की ड्यूटी लगाई गई थी। जबकि इंटरमीडिएट में 364 परीक्षक 39 डीएचई लगे थे। संभवत इस बार भी यहीं आकलन रहेगा। मूल्यांकन प्रक्रिया को व्यवस्थित रखने के लिए संकलन केंद्रों से उत्तर पुस्तिकाओं को ट्रकों के माध्यम से मूल्यांकन केंद्रों तक भेजा जाएगा। ट्रकों के साथ ड्यूटी पर लगाए गए कर्मचारियों के लिए अलग से वाहन की व्यवस्था की जाएगी और सुरक्षा कारणों से ट्रक में किसी भी कर्मचारी को बैठने की अनुमति नहीं होगी। मूल्यांकन कार्य के लिए परीक्षकों की नियुक्ति ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से की जाएगी। परीक्षा केंद्रों के स्ट्रॉन्ग रूम की तरह ही मूल्यांकन केंद्रों की भी कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से लगातार निगरानी की जाएगी, जिससे प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे। मूल्यांकन कार्य स्कूल के अलग-अलग कमरों में होगा। सभी कमरे में सीसीटीवी व वायस रिकॉर्डर लगे होंगे। साथ ही परीक्षक को मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

### हर पेज पर होगा गोपनीय नंबर

यूपी बोर्ड ने इस बार हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की कॉपियों के मूल्यांकन को अधिक पारदर्शी बनाने के लिए नई व्यवस्था लागू की है। अब सभी विषयों की उत्तर पुस्तिकाओं के हर पेज पर केंद्रवार गोपनीय न्यूमेरिक नंबर दर्ज किए गए हैं। इससे कॉपियों की पहचान सुरक्षित रहेगी और किसी भी तरह की गड़बड़ी की संभावना कम होगी। बोर्ड अधिकारियों के अनुसार इस व्यवस्था से परीक्षार्थियों की पहचान गोपनीय बनी रहेगी। कोई भी समस्या होने पर आसानी से कॉपी को तलाश किया जा सकता है।

### हाईस्कूल में 50, इंटर में 45 कॉपी प्रतिदिन होंगी चेक

यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन को लेकर शिक्षकों के लिए मानदेय और कॉपियों की सीमा तय कर दी गई है। परिषद के सचिव के अनुसार हाईस्कूल की एक कॉपी जांचने पर परीक्षक को 14 रुपये और इंटरमीडिएट की कॉपी जांचने पर 15 रुपये का भुगतान किया जाएगा। एक परीक्षक प्रतिदिन हाईस्कूल की 50 और इंटरमीडिएट की 45 कॉपियां जांच सकेगा। वहीं अधिकतम सीमा भी निर्धारित की गई है। कला वर्ग में एक परीक्षक अधिकतम 800 कॉपियां जांच सकेगा, जबकि विज्ञान वर्ग में इंटरमीडिएट की 600 और हाईस्कूल की 700 कॉपियों की सीमा तय की गई है। अधिकारियों ने समय पर मूल्यांकन पूरा कराने के निर्देश दिए हैं।

> यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 12 मार्च को संपन्न हो जाएंगी। अब 18 मार्च से कॉपियों का मूल्यांकन कार्य चलेगा। इसको लेकर तैयारियां तेज कर दी गई है। शासन की गाइडलाइन के अनुसार ही तैयारियां की जा रही है। ताकि कोई कमी न रह जाए।
>
> **-राजीव कुमार सिंह**, डीआईओएस

अमृत विचार





**इफ्तार** मंगलवार
सुन्नी : 6:20
शिया : 6:28

**सहरी** बुधवार
सुन्नी : 5:03
शिया : 4:53

## शहर में आज

- श्री बालाजी नींव करौरी धाम काशीराम ईदगाह कॉलोनी में हवन व दरबार दोपहर 12 बजे।
- बेनहर गुरुकुल में जनगणना को लेकर प्रशिक्षण सुबह 10 बजे।
- यातायात पुलिस का जागरूकता एवं चेकिंग अभियान सुबह 11 बजे

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रक चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** न्यूरिया क्षेत्र के गांव हरकृष्णापुर निवासी रोहित कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि छह मार्च को उसके पिता कांता प्रसाद गजरौला क्षेत्र के गांव नदहा सिसैइया अपनी ससुराल से वापस आ रहे थे। पूरनपुर रोड पर गढ़ा चौकी के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनको टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रुप से घायल हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

### तिराहे से बरामद हुई लापता किशोरी

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि आठ मार्च की रात एक बजे उसकी चौदह वर्षीय पुत्री को मोहल्ले का एक युवक बहला फुसलाकर ले गया। आरोपी के पिता शमशुल उर्फ गुड्डू, भाई भूरा से दूसरे दिन जानकारी करनी चाही तो आरोपियों ने धमकी देकर भगा दिया। मारपीट करने की कोशिश की गई। दरोगा अंकित यादव ने बताया कि किशोरी को रविवार दोपहर बाद गांव नवादा महेश तिराहे के समीप से बरामद कर लिया है।

### युवती से छेड़छाड़

**बीसलपुर, अमृत विचार :** कोतवाली में दी तहरीर में क्षेत्र के एक ग्रामीण ने बताया कि छह मार्च को वह परिवार सहित होली मिलने गए थे। घर पर पुत्र अकेली थी। रात करीब 10 बजे गांव का युवक दीवार के सहारे घर के अंदर उतर गया और पुत्री से छेड़छाड़ की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# डबल डेकर बस पलटी, 24 यात्री घायल

## असम हाईवे पर गजरौला थाना क्षेत्र के ग्राम कैंच के पास अनियंत्रित हुई बस, मची चीख पुकार

- दिल्ली से लखीमपुर खीरी जा रही थी बस, घायल मेडिकल कॉलेज में भर्ती

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



असम हाईवे पर गजरौला थाना क्षेत्र में पलटी बस। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** दिल्ली से सवारियां लेकर लखीमपुर खीरी जा रही डबल डेकर बस असम हाईवे पर अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बस में सवार 24 यात्री घायल हो गए। जिन्हें मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया गया है। पुलिस और परिवहन विभाग के अधिकारियों ने मौका मुआयना कर हादसे के बारे में जानकारी की। हादसे के चलते मौके पर भीड़ जुटी रही।

हादसा रविवार देर रात करीब ढाई बजे हुआ। दिल्ली से लखीमपुर जा रही डबल डेकर बस में करीब 40 यात्री सवार थे। बस तेज गति से आ रही थी। असम हाईवे पर गजरौला थाना क्षेत्र के ग्राम कैंच के पास पहुंचते ही अचानक बस अनियंत्रित होकर पलट गई। तेज रफ्तार के चलते बस पलटने के बाद करीब 100 मीटर तक हाईवे पर घिसटती चली गई। कुछ ही देर में बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। कुछ ही देर में राहगीर जमा हो गए। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस और परिवहन विभाग के अधिकारी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। बस में फंसे घायलों को बाहर निकाला और एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज भिजवाया गया। वहां पूर्व में ही हादसे की जानकारी मिलने पर स्वास्थ्य टीम को अलर्ट कर दिया गया था। खुद प्राचार्य डॉ. संगीता अनेजा ने अपनी मौजूदगी में घायलों का इलाज कराया। बस पलटने की घटना के बाद मौके पर भीड़ जमा हो चुकी थी। बस भी रोड पर ही पलटी हुई थी। ऐसे में हाईवे पर जाम के हालात बन गए। बस में फंसे घायलों की चीख पुकार के बीच दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गई। पहले पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। फिर क्रेन मंगाकर पलटी बस को हटवाया गया। तब जाकर हाईवे पर वाहनों का आवागमन सुचारू हो सका।

### नशे में था चालक, झपकी आना भी वजह

इस हादसे के बाद पुलिस और परिवहन विभाग के अधिकारियों ने वजह को लेकर भी पड़ताल की। इस दौरान कुछ यात्रियों ने चालक के नशे में होने की बात बताई। वहीं, ये भी सामने आया कि चालक को झपकी आ गई थी। जिसकी वजह से हादसा हो गया। बताते हैं कि बस पलटने के दौरान चालक कूदकर भाग गया था।

### ये यात्री हुए घायल

हादसे में घायल होने वालों में बहराइच निवासी दीपा (23) पुत्री सिद्दान, सानिया (10) पुत्री जमील, इरफान (15) पुत्र जफर, समा (15) पुत्री जुबेर, अफजल (10) पुत्र तसव्वर, राधेश्याम तिवारी (18) पुत्र विश्वेश्वर, गौहर (45) पुत्र सहजन, अफसर (15) पुत्र तसव्वर, नैतिक (02) पुत्र दीपक, आनंदी गुप्ता (24) पुत्री ओंकार गुप्ता, रजनी (45), बानो (47) पत्नी तसव्वर, दृष्टि (24) पुत्री दुखराम, पारुल (25) पत्नी दीपक, लखीमपुर निवासी सोनी मिश्रा (18) पुत्री लखन मिश्रा, लक्ष्मी (33) पत्नी राजेश, मनजीत कौर (46) पत्नी मनदीप, हरदोई निवासी अजय (30) पुत्र जयभवन, सीतापुर निवासी हर्ष गुप्ता (10), नई दिल्ली निवासी रिया (18) पुत्री ऋतिक, विवेक (25) पुत्र जयदीप, रितु अग्रवाल (29) पुत्र राधेश्याम, नेपाल निवासी दीपक (28) पुत्र रामबहादुर, लक्ष्मी (27) पत्नी सोनू हैं।

> हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस बल के साथ मौके पर गए थे। घायलों को अस्पताल भर्ती कराया गया है। हादसे के बारे में जानकारी की गई है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।
> – **ब्रजवीर सिंह**, एसओ गजरौला

> बस पलटने के हादसे की जानकारी मिलने पर मौके पर जाकर पड़ताल की है। बस लखीमपुर खीरी की है। चालक लखीमपुर खीरी के घौरारा खुर्द इलाके है। उसका तीन माह के लिए लाइसेंस निलंबित करते हुए विधिक कार्रवाई कराई जाएगी।
> –**वीरेंद्र सिंह**, एआरटीओ

# जंगल मार्गों पर प्रतिबंध का आदेश वापस लेने की मांग



डीएम को ज्ञापन देते संयुक्त बार एसोसिएशन के अधिवक्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- अधिवक्ताओं ने जिला अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार :** जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव अवस्थी समेत अन्य अधिवक्ताओं ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम ज्ञानेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा।

इसमें टाइगर रिजर्व से हाकर गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग और अन्य मार्गों पर सूर्यास्त से सूर्योदय तक यातायात प्रतिबंध के आदेश को वापस लेने की मांग की गई। ज्ञापन में बताया कि प्रभागीय वनाधिकारी पीटीआर द्वारा 28 फरवरी को एक आदेश जारी किया गया है। जिसके तहत टाइगर रिजर्व क्षेत्र से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग समेत अन्य जनपद स्तरीय मार्गों पर सूर्यास्त से सूर्योदय तक यातायात प्रतिबंधित कर दिया गया है। जबकि ये मार्ग टाइगर रिजर्व घोषित होने से पुराने हैं। इन मार्गों पर प्रतिबंध से जन जीवन, दैनिक कार्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। इस आदेश को असुविधा जनक बताते हुए वापस लेने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में अरुण मिश्रा, शम्स विकास, इतरत अली, मोहन लाल कश्यप, सुधीर मिश्रा, संजय सिंह, रामसरन वर्मा आदि मौजूद रहे।

# अशिक्षा और धर्मांतरण पर लगे रोक

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



कार्यक्रम में क्षेत्रीय संगठन मंत्री का स्वागत करते विहिप पदाधिकारी व सदस्य।

- विश्व हिंदू परिषद ने लिया निर्णय कबीरगंज में बनाएंगे छात्रावास

**अमृत विचार:** तहसील पूरनपुर क्षेत्र में विश्व हिंदू परिषद ब्रज प्रांत के क्षेत्रीय संगठन मंत्री मुकेश का प्रथम बार आगमन हुआ। उनके प्रवास के दौरान ग्राम कबीरगंज में बैठक की गई, जिसमें ग्राम प्रधान इकबाल सिंह एवं क्षेत्र के कई नागरिक व्यापारी शामिल हुए।

बैठक में निर्णय लिया गया कि शारदा पार क्षेत्र में फैली अशिक्षा, पिछड़ापन, धर्मांतरण की समस्या, चिकित्सा सुविधाओं की कमी को दूर करने के लिए क्षेत्र में एक छात्रावास का निर्माण किया जाएगा। जिससे गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा और मूलभूत सुविधाएं मिल सकें।

बैठक के बाद नगर पालिका सभागार पूरनपुर, जिला मुख्यालय और बीसलपुर के पदाधिकारियों के साथ जिला कार्यकारिणी एवं परिचय बैठक हुई। इस मौके पर प्रांत मंत्री अनुज कुमार, प्रांत संगठन मंत्री राजेश, विभाग मंत्री मानवेंद्र सिंह, विभाग संगठन मंत्री देवेंद्र कुमार, प्रांत सहसत्संग प्रमुख कृष्ण गंगवार, जिला संगठन मंत्री ललित अग्रवाल, धनपाल गंगवार, संगम अग्रवाल, रक्षिता पटेल, सोनी पटेल, अमन सक्सेना, परविंदर सिंह, शिवम गंगवार, दिनेश राठौर, सुनील वर्मा आदि मौजूद रहे। छात्रावास निर्माण के लिए निधि एकत्र करने को पूरनपुर के व्यापारियों संग भी बैठक हुई। आयोजक हर्ष गुप्ता ने आश्वासन दिया कि पूरनपुर क्षेत्र का हर व्यापारी सहयोग करेगा। संचालन जिला मंत्री प्रवीन अग्रवाल ने किया।

# मांगों को लेकर भड़के सफाई कर्मी, दिया ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



कलेक्ट्रेट में एडीएम न्यायिक को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारी।

- निस्तारण नहीं होने पर दी 19 को विकास भवन में अनशिचतकालीन धरने की चेतावनी

**अमृत विचार:** पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के नेतृत्व में पंचायत विभाग में तैनात सफाई कर्मियों ने लंबित मांगों को लेकर एडीएम न्यायिक को 13 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा। ज्ञापन में 18 मार्च तक मांगों का निस्तारण न होने पर 19 मार्च से विकास भवन में अनिश्चितकालीन धरना शुरू करने की चेतावनी दी है।

ग्राम पंचायतों में तैनात सफाई कर्मी सोमवार को पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के बैनर तले विकास भवन परिसर में एकत्र हुए। यहां से सभी सफाईकर्मी कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंचे और संघ के जिलाध्यक्ष धर्मपाल सिंह की अगुवाई में डीएम को संबोधित 13 सूत्रीय मांगपत्र एडीएम न्यायिक रोशनी यादव को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की वर्षों से पड़ीं लंबित समस्याओं के निराकरण के लिए संघ द्वारा कई बार मौखिक व लिखित मांगपत्र के माध्यम से डीपीआरओ एवं अन्य अधिकारियों से निवेदन किया गया।

आश्वासन भी दिया गया, मगर आज तक समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया है। इससे कर्मचारियों में रोष है। ज्ञापन में पंचायत विभाग में ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को द्वितीय एसीपी का लाभ देने, वेतन विसंगति दूर करने को दोबारा फिक्सेशन कर वेतन निर्धारण कराने, सफाई कर्मियों को उनके मूल तैनाती के राजस्व ग्राम में तत्काल भेजने, सफाई कर्मियों की अनावश्यक ड्यूटी ना लगाने, जाबचार्ट के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र में ही ड्यूटी लगाने, वंचित सफाई कर्मचारियों को प्रथम एसीपी का लाभ देने, मृत आश्रित के रूप में 10 वर्ष से लगे सफाई कर्मचारियों को भी प्रथम एसीपी का लाभ देने, सफाई कर्मचारियों को रुके वेतन का जल्द भुगतान कराने, वेतन वृद्धि के साथ एरियर भुगतान कराने, सफाई कर्मियों को सार्वजनिक अवकाश के दिन अवकाश देने, बेवजह स्थानांतरण करने पर रोक लगाने, उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक ज्येष्ठता सेवानियमावली 1991 के तहत ज्येष्ठता सूची यथाशीघ्र तैयार कराने एवं सफाई कर्मचारियों को सफाई उपकरण मुहैय्या कराने की मांग की गई। इस मौके पर जिला मंत्री रामसेवक, दीनानाथ देवेश, हरपाल वर्मा, माजिद अली, हर नारायण, रवि वर्मा, तौफीक मियां, शिवकुमार वर्मा, जितेंद्र कुमार, सुभाष, वीरेंद्र कुमार वर्मा, रमेश चंद, हरद्वारी लाल, वहीद अली, अमित कश्यप आदि थे।


# ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत

- देवहा पुल के पास सोमवार शाम हुआ हादसा, लगा जाम
- हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार, पुलिस ने ट्रक लिया कब्जे में

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



हादसे के बाद देवहा पुल पर लगा जाम खुलवाती ट्रैफिक पुलिस। ● अमृत विचार



ट्रक को पुलिस ने लिया कब्जे में।

**अमृत विचार :** बरेली हाईवे पर देवहा पुल के पास सोमवार शाम गन्ना लदे ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। चालक ट्रक छोड़कर मौके से भाग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल भिजवाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

हादसा सोमवार शाम करीब छह बजे थाना सुनगढ़ी क्षेत्र में बरेली हाईवे स्थित देवहा नदी के पुल के पास हुआ। बताते हैं कि गन्ने से लदे ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर थाना सुनगढ़ी पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। मृतक की पहचान थाना न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम मेथी निवासी 36 वर्षीय हरप्रसाद पुत्र रामस्वरूप के रूप में हुई जबकि घायल उसका साला थाना बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम आमदार निवासी प्रेमपाल पुत्र रामनाथ है। बताते हैं कि हरप्रसाद अपने साले के साथ उसके घर जा रहा था, तभी रास्ते में हादसा हो गया। हादसे के बाद पुल के दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जाम खुलवाया। काफी देर तक रोडवेज बसों के अलावा अन्य निजी वाहन जाम में फंसे रहे। इंस्पेक्टर सुनगढ़ी नरेश त्यागी ने बताया कि ट्रक को कब्जे में ले लिया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

इधर, सोमवार देर शाम को गजरौला थाने के पास रोडवेज बस की टक्कर से लगने से बाइक सवार युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर घायल को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेज दिया। घायल युवक की पहचान गजरौला निवासी अशोक के रूप में हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# तीन दिवसीय प्रशिक्षण आज से

**पीलीभीत, अमृत विचार :** जनगणना-2027 को लेकर जनपद स्तर पर चयनित तथा जनगणना निदेशालय से प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनरों द्वारा जनपद स्तर पर 72 फील्ड ट्रेनरों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दो बैचों 10 मार्च से होगा।

प्रथम बैच का प्रशिक्षण 10,11 एवं 12 मार्च को तथा द्वितीय बैच का प्रशिक्षण 13,14 एवं 16 को बेनहर गुरुकुल में होगा। प्रशिक्षण के दौरान फील्ड ट्रेनरों द्वारा प्रगणको एवं सुपरवाईजरो को जनगणना कराने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। जनगणना का कार्य दो चरणों में संपादित किया जाएगा। प्रथम चरण (22 मई से 20 जून तक) में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना होगी, जबकि द्वितीय चरण (09 फरवरी से 28 फरवरी तक) में जनसंख्या एवं जातीय गणना होगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम ज्ञानेंद्र सिंह करेंगे।

# राधा-कृष्ण की प्रस्तुति ने मोहा मन



नगर पालिकाध्यक्ष डॉ .आस्था अग्रवाल का स्वागत करते लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- श्रीअग्रवाल सभा भवन में होली मिलन समारोह का आयोजन

**अमृत विचार:** शहर के श्रीअग्रवाल सभा भवन में रविवार रात हर्षोल्लास के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। लोगों ने आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ रंगों के पावन पर्व की खुशियां साझा कीं।

समारोह की मुख्य अतिथि नगर पालिका पीलीभीत की अध्यक्ष डॉ.आस्था अग्रवाल रहीं। उन्होंने समाज की एकता पर बल दिया और सभी को होली की शुभकामनाएं दीं। संचालन और निर्देशन सीए केतन अग्रवाल, राहुल अग्रवाल एडवोकेट, रविंद्र अग्रवाल, विकास अग्रवाल और राजेश अग्रवाल ने किया। इस दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुई, जिनको खूब सराहा गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण राधा-कृष्ण की मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति रही। होली के गीतों और रंगों के बीच क्रिकेट मैच का भी लुत्फ उठाया गया। समारोह का समापन सामूहिक रात्रिभोज के साथ हुआ। सभी वर्गों ने एक साथ बैठकर भोजन किया और भाईचारे का संदेश दिया।

# पुराने विवाद में दो पक्षों में मारपीट

**माधोटांडा, अमृत विचार:** क्षेत्र के ग्राम सिमरा ताल्लुके महाराजपुर निवासी गोलू यादव पुत्र अरविंद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि एक मार्च को उनके द्वारा राजपुर ताल्लुके महाराजपुर निवासी सुरेश और फैजुल्लागंज ताल्लुके महाराजपुर निवासी परविंदर की शिकायत पुलिस से की थी।

आरोपी भीम आर्मी से जुड़े हैं और आए दिन जाति एवं धर्म को लेकर विवादित टिप्पणी करते रहते हैं। इसी रंजिश में आठ मार्च को आरोपियों ने अपने साथियों पर उनके घर में घुसकर हमला कर दिया। इंस्पेक्टर अशोक पाल ने बताया कि मामले में सुरेश, परविंदर, जितेंद्र, धर्मेंद्र, हाशिम, आकाश और 20 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। वहीं, दूसरे पक्ष से सुरेश की ओर से दी गई तहरीर पर भी रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# जंगल मार्गों पर रात्रि में आवाजाही को लेकर नहीं हो सका निर्णय

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- जिला अधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में किसान, नेताओं और अधिवक्ताओं ने रखे सुझाव

**अमृत विचार :** जंगल मार्गों पर रात्रि के दौरान यातायात प्रतिबंध संबंधी मामले को लेकर डीएम की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में किसान नेताओं, अधिवक्ताओं, आप कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने सुझाव रखे। इस दौरान सभी ने अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर प्रतिबंध संबंधी आदेश वापस लेने की मांग की। करीब एक घंटे तक चली इस बैठक में कोई ठोस निर्णय नहीं लिया जा सका। इस मामले में वन अफसरों ने कहा कि आदेश सुप्रीम कोर्ट का है। प्राप्त आपत्तियों की रिपोर्ट बनाकर उच्चस्तर पर भेजा जाएगा। उच्च स्तर से ही निर्णय लिया जा सकेगा।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व की ओर से बीते 28 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट के पारित आदेश के क्रम में पीलीभीत-पूरनपुर समेत तीन जंगल मार्गों पर रात के दौरान यातायात पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया गया है। इधर जंगल मार्गों पर प्रतिबंध को लेकर खूब हो-हल्ला हो रहा है। इस मामले में भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी गुट एवं आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व में डीएम को ज्ञापन भी सौंपे गए।

जिसके बाद डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने इस मामले को लेकर 09 मार्च को बैठक बुलाने की बात कही थी। इधर सोमवार को गांधी सभागार में डीएम ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई।

बैठक में एसपी सुकीर्ति माधव, पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह, डीएफओ भरत कुमार डीके, एडीएम वित्त प्रसून द्विवेदी समेत एनएच के अधिशासी अभियंता मौजूद रहे। बैठक में किसान नेता और अधिवक्ता समेत अन्य लोग भी शामिल हुए और अपने सुझाव रखे। भाकियू टिकैत के जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश शर्मा, युवा जिलाध्यक्ष गुरदीप सिंह गोगी ने कहा कि कृषि प्रधान जिला होने के नाते मार्गों पर अधिकांश समय किसान ही आवाजाही करते हैं। रात को भी अपनी फसलों को लेकर आना जाना पड़ता है। भाकियू चढ़ूनी के जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह कहलो ने प्रतिबंध संबंधी आदेश को किसान विरोधी बताया। कहा कि यदि इसे वापस नहीं लिया गया तो किसान खेतों के बीच से जंगल से लिए जाने वाले रास्तों भी बंद करेंगे। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष अमित मिश्रा समेत अन्य पदाधिकारी भी बैठक में शामिल हुए और अपने सुझाव रखे। अधिवक्ता आनंद मिश्रा ने कहा कि न्यायालय द्वारा जारी आदेश में इको टूरिज्म क्षेत्र से जुड़े मार्गों पर वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर नियमों का पालन की बात कही गई है। नेशनल हाईवे और अन्य मार्गों पर यह सख्त नियमों का फिलहाल कोई जिक्र नहीं है। उन्हांने यह भी कहा कि अधिकांश किसान रात में ही सब्जी लेकर महानगरों में बिक्री के लिए जाते हैं। ऐसे में जिले का व्यापार भी प्रभावित होगा। बैठक में कोई ठोस निर्णय नहीं लिया जा सका। वन अफसरों की ओर से कहा गया कि यह आदेश न्यायालय और एनटीसीए का है। ऐसे में प्राप्त आपत्तियों की रिपोर्ट बनाकर उच्चस्तर पर भेजी जाएगी। उच्च स्तर से ही इस मामले में कोई निर्णय लिया जाएगा।

### 12 मार्च को सुप्रीम कोर्ट की केंद्रीय समिति के समक्ष रखा जाएगा मामला

सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित केंद्रीय समिति के सदस्य 12 मार्च को पीलीभीत आ रहे हैं। यह टीम इको सेंसटिव जोन, पक्के निर्माण समेत अन्य जारी गाइड लाइन की हकीकत को परखेगी। माना जा रहा है कि मार्गों पर प्रतिबंध का मामला भी समिति के सामने रखा जाएगा। इसके बाद कोई निर्णय हो सकेगा।

> जंगल मार्गों पर रात्रि के दौरान यातायात प्रतिबंध संबंधी आदेश सुप्रीम कोर्ट द्वारा पारित आदेश के क्रम में जारी किया गया है। बैठक में जो भी ज्ञापन और आपत्तियां प्राप्त हुई है उसकी रिपोर्ट बनाकर उच्च स्तर पर भेजी जाएगी। इस मामले में उच्च स्तर से ही निर्णय लिया जा सकेगा। – **मनीष सिंह**, डिप्टी डायरेक्टर, पीलीभीत टाइगर रिजर्व

# कोर्ट के आदेश पर विवाहिता पर हमले की एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- दहेज में तीन लाख रुपये की डिमांड कर रहे थे ससुराली
- विरोध करने पर गला दबाकर जान से मारने की कोशिश

**अमृत विचार :** न्यूरिया पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर क्षेत्र के ग्राम न्यूरिया खुर्द पंडरी निवासी गीता देवी की ओर से रिपोर्ट दर्जकी है।

जिसमें उसने बताया कि उसकी शादी तीन जुलाई 2024 को थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के ग्राम बिलहा खजुराह निवासी तिलकराम से हुई थी। कुछ समय बाद ससुरालियों ने दहेज की मांग करते हुए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। अतिरिक्त दहेज में तीन लाख रुपये की मांग की।

मांग पूरी न होने पर मारपीट करने लगे। चार मई 2025 को ससुराल पक्ष ने उसे उसके छोटे बच्चे सहित मायके छोड़ दिया। इसके बाद उसने भरण-पोषण के लिए न्यायालय में वाद दायर किया था। करीब दो माह पूर्व पति ने साथ रखने का आश्वासन दिया तो वह फिर उसके साथ रहने चली गई। आरोप है कि 28 जनवरी को न्यायालय में तारीख पर आने के बाद पति उसे घर ले गया और बाद में मायके छोड़ने की बात कही। जब वह मायके जाने को तैयार हुई तो ससुराल पक्ष के लोगों ने उसके साथ मारपीट की और गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की। इस मामले में पुलिस से भी शिकायत की गई। मगर उस वक्त कोई कार्रवाई नहीं हुई। न्यूरिया एसओ सुभाष मावी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर



डा. मोहित गुप्ता
M.Ch., Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क, रीढ़ एवं नस रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389
समय – प्रातः 10 से 12:30 बजे तक एवं सायं 6 से 8:30 बजे तक
अब डॉ. मोहित गुप्ता रविवार को भी मिलेंगे प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक

सुविधायें
ब्रेन हैमरेज | स्लिप डिस्क
ब्रेन ट्यूमर | मिर्गी का दौरा
गर्दन दर्द (सर्वाइकल)
रीढ़ की चोट, टी.बी
सिर दर्द, माइग्रेन
कमर दर्द, कंधों में दर्द
पीठ दर्द, रीढ़ की गांठ
सिर की चोट (हेड इंजरी)
हाथ पैरों में झनझनाहट
फालिज (लकवा)
नसों का दर्द
सियाटिका (कमर से पैरों में दर्द)
दिमागी में पानी व खून जमना
दिमाग, रीढ़ एवं नस सम्बन्धित सभी बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन
Bareilly Neuro and Spine Super Speciality Centre
Google Maps Location
सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
7417389433, 7017678157
9897287601, 8191879754



ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली


# होली मिलन समारोह में झूमे चित्रांशजन

## कायस्थ सेवा समिति ने किया आयोजन, फूलों की खेली होली, एक-दूसरे के गले मिलकर दी बधाई

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** कायस्थ सेवा समिति की ओर से रविवार रात कायस्थ भवन में होली मिलन समारोह का आयोजन हर्षोल्लास और धूमधाम से किया गया। बड़ी संख्या में चित्रांश समाज के लोग एकत्रित हुए और एक-दूसरे को गले मिलकर पर्व की बधाई दी। फूलों की होली खेली गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष अवनीश सक्सेना जबकि संचालन डॉ. अमित कुमार ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान चित्रगुप्त की वंदना से की गई। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू हुई, जिसमें बच्चों और बड़ों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। आकृति राज, श्रीनिका और अंशिका ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। महिला वर्ग की अध्यक्ष सुनीता जौहरी, वर्षा, विद्या, पुष्पा, अनीता सक्सेना, डॉ. ममता, डॉ. अलका और सरोज जौहरी ने नृत्य प्रस्तुत कर समां बांध दिया। डॉ. भरत कंचन ने मधुर गीतों की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम के दौरान चित्रांश समाज के अनिल कमल, अवनीश सक्सेना, विमल सक्सेना, डॉ. अनिल सक्सेना, नितिन सक्सेना ने समाज और समिति के विकास व उत्थान के लिए अपने विचार रखे और समाज के लोगों से एकजुट होकर समाज हित में कार्य करने का आह्वान किया।

इस मौके पर अध्यक्ष अवनीश सक्सेना, महामंत्री अविनाश चंद्रा, सुशील बाबू सक्सेना, अनिल कमल, राजेंद्र सक्सेना, डॉ. पीएन सक्सेना, डॉ. मुकेश सक्सेना, करुणा शंकर सक्सेना, नरेंद्र मोहन सक्सेना, महेश नारायण सक्सेना, अशोक सक्सेना, कमल सक्सेना, सुधीर जौहरी, नितिन सक्सेना, अखिलेश सक्सेना, विमल सक्सेना, संदीप सक्सेना, सर्वेश सक्सेना, विशाल सक्सेना, तुषार चंद्रा, आयुष सक्सेना, अजय सक्सेना, डॉ. अनिल सक्सेना, डॉ. बीके श्रीवास्तव, डॉ. भरत कंचन, डॉ. सचिन, शिरीष सक्सेना, संजय सक्सेना, विपिन सक्सेना, रामजी नाथ, सौरभ सक्सेना, सचिन सक्सेना, मोहित सक्सेना, अभय सक्सेना, अनुज सक्सेना, मनोज सक्सेना, सरोज जौहरी, सुनीता जौहरी, वर्षा सक्सेना, अनीता सक्सेना, डॉ. ममता, डॉ. अलका, विद्या, पुष्पा आदि मौजूद रहे।



बरखेड़ा में हुए कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

- **कायस्थ भवन में किया होली मिलन समारोह का आयोजन**



होली मिलन समारोह में कायस्थ सेवा समिति की महिलाएं। ● अमृत विचार

### सोलो और ग्रुप डांस कर महिलाओं ने की मस्ती

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** बजाज एनर्जी बरखेड़ा में रविवार को तेजस्वी लेडीज क्लब की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्रुप डांस, सोलो डांस , स्पीच, गेम्स आदि गतिविधियां हुई। मुख्य आकर्षण फ्यूजन बैंड बरेली रहा। क्लब प्रेसिडेंट सतविंदर कौर, वाणी जोशी, स्वप्निल जैन, मेघा गवांडे, नीलम तिवारी, नैंसी सिंहा, अंजू शर्मा आदि मौजूद रहे।

# महिला आयोग की सदस्यों ने की सुनवाई, निस्तारण के निर्देश



कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत करतीं आयोग की सदस्याएं।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडेय एवं सुनीता सैनी ने जनसुनवाई के दौरान पीड़ित महिलाओं की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को ग्रामीण स्तर पर जाकर जन जागरूकता चौपालों का आयोजन करने के भी निर्देश दिए।

राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडेय एवं सुनीता सैनी सोमवार को पीलीभीत पहुंची। इस दौरान दोनों सदस्यों ने विकास भवन स्थित गोमती सभागार में जनसुनवाई कार्यक्रम में हिस्सा लिया। यहां महिला उत्पीड़न से संबंधित 12 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिसमें घरेलू हिंसा, ज़मीनी विवाद एवं छेड़छाड़ से सम्बंधित समस्याओं को सुना और मौजूद अधिकारियों को महिला उत्पीड़न से संबंधित समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि वह ग्रामीण स्तर पर जाकर जन जागरूकता चैपालों का आयोजन करें, जिससे ग्रामीण स्तर तक योजनाओं का प्रचार प्रसार हो सके। जनसुनवाई के दौरान जिलास्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

- **पुष्प में हुए कार्यक्रम में टॉपर्स व महिलाओं को किया सम्मानित**

इधर पुष्प इंस्टीट्यूट में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस तथा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सदस्य पुष्पा पांडेय एवं सुनीता सैनी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुई। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम प्रस्तुतु करने वाली छात्राओं को एजुकेशन एवं हाइजीन किट देकर पुरस्कृत किया।

इस दौरान आयोग की सदस्य सुनीता सैनी ने कहा कि महिलाएं किसी से कम नहीं है। वह सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रही है। सदस्य पुष्पा पांडे ने सभी को महिला दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महिलाएं और पुरुष दोनों एक समान है दोनों को समानता का अधिकार है। संचालन मीनाक्षी पाठक ने किया। जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी ने आभार जताया। कार्यक्रम में भाजपा उपाध्यक्ष रेखा परिहार, डॉ. पूनम गंगवार, रचना भटनागर, प्राचार्य गीतिका शुक्ला, अनुज भटनागर समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# हर क्षेत्र में परचम लहरा रहीं महिलाएं

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** संस्कृति संस्था का होली मिलन एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम सोमवार को शहर के एक होटल में आयोजित किया गया। इसकी अगुवाई अध्यक्ष सुधा अग्रवाल, सचिव मधु कुमार ने की। महिलाओं ने विचार रखे।

मधु कुमार ने कहा कि गायत्री परिवार के प्रवर्तक आचार्य श्रीराम शर्मा ने कहा था कि 21वीं सदी नारी सदी होगी। नारी चहुं और हर जगह अपना परचम लहराएगी, वही हो भी रहा है। नारी हर तरफ से अब आगे बढ़ रही है। सदस्यों को पुरस्कृत किया गया। सामाजिक कार्यों में अग्रणी रानी पदमा चंद्रा को विशेष रूप से अंग वस्त्र ओढ़ाकर एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। एक दूसरे के गले मिलकर होली मिलन का आनंद उठाया और फूलों से होली खेली। समस्त सदस्यों को पटका पहनाकर उपहार दिए गए। इस मौके पर सुधा अग्रवाल, मीना बग्गा, अर्चना खंडेलवाल, अंजलि, कुमकुम, पूनम चंद्रा, नीता, उषा साधना, मृदुला आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम में मौजूद संस्कृति संस्था की सदस्य। ● अमृत विचार

## न्यूज डायरी

### खेलते समय पैर फिसलने से नहर में डूबकर बच्चे की मौत

**दियोरियाकलां, अमृत विचार :** गांव के किनारे बह रही ईटगांव रजवाहा के पास खेलते वक्त अचानक एक मासूम उसमें गिर गया। उसकी डूबने से मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा रहा। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लभौआ निवासी सत्यपाल मजदूरी करने हरियाणा गए हुए हैं। उनका परिवार गांव में ही है। उनका दो वर्षीय पुत्र आर्यन सोमवार को गांव के बाहर की तरफ से गुजर रही नहर के पास खेलते हुए पहुंच गया। बताते हैं कि पैर फिसलने से वह नहर में गिर गया और डूबकर मौत हो गई। काफी देर बाद भी जब वह घर की तरफ नहीं पहुंचा तो परिवार वाले तलाशते हुए पहुंचे और शव मिलने पर कोहराम मच गया। नहर के पास आर्यन अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान गिरने से हादसा हो गया। बताते हैं कि परिजन उसे सीएचसी दियोरिया ले गए थे लेकिन चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। परिजन का रोकर बुरा हाल रहा।



### किशोरी का खींचा फोटो, विरोध पर पिता से मारपीट

**पीलीभीत, अमृत विचार :** घर के बाहर गोबर उठा रही एक किशोरी का गांव के युवक ने मोबाइल से फोटो खींच लिया। इस पर युवती के पिता ने विरोध किया तो आरोपी ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के नावकूड़ गांव निवासी ढाकनलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी बेटी मोनिका घर के दरवाजे के बाहर गोबर लेने गई थी। आरोप है कि उसी दौरान गांव का याशीन उर्फ अमन पुत्र मोहम्मद फारुख मोबाइल से उसकी फोटो खींचने लगा। किशोरी ने इसकी जानकारी पिता को दी तो पीड़िता का पिता शिकायत करने के लिए मोहम्मद फारुख के घर पहुंचे। आरोप है कि वहां याशीन उर्फ अमन, मोहम्मद फारुख पुत्र नन्हू और हसन पुत्र मोहम्मद फारुख ने गाली-गलौज की। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। कोतवाल सत्येंद्र कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में पुजारी की मौत, कमरे में मिला शव

**जहानाबाद,अमृत विचार :** संदिग्ध परिस्थितियों में पुजारी की मौत हो गई। उसका शव मंदिर परिसर में स्थित कमरे में मिला। शव कई दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। फिलहाल पुलिस शव पोस्टमार्टम को भेज जांच कर रही है। जहानाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम मीरपुर के रहने वाले 58 वर्षीय छेदादास पुत्र हीरालाल करीब नौ साल से ग्राम कनाकोर स्थित सिद्धबाबा मंदिर में पुजारी थे। वह मंदिर परिसर में ही बने एक कमरे में रहते थे। रविवार सुबह जब लोग मंदिर पहुंचे तो कुछ दुर्गंध आई। इस पर कुछ देर में लोग जमा हो गए। फिर पुजारी का कुछ पता नहीं चल रहा था और दुर्गंध भी पुजारी के कमरे की तरफ से थी। अनहोनी की आशंका पर पुलिस को सूचना दी गई। जहानाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर भीतर घुसी तो चारपाई पर छेदादास का शव क्षतविक्षत हालत में मिला। जिससे कई दिन पहले मौत होने की आशंका जताई गई। इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार बिश्नोई ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौत की वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर स्पष्ट हो सकेगी। किसी तरह का कोई आरोप नहीं है।

### रंजिशन दो पक्षों में मारपीट छेड़छाड़ का आरोप

**पीलीभीत, अमृत विचार :** रंजिश के चलते दो पक्षों में मारपीट हो गई। दोनों ओर से लाठी डंडे चले। एक दूसरे पर छेड़छाड़ करने का भी आरोप लगाया। गजरौला थाना क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि एक मार्च की रात करीब आठ बजे उन्हें सूचना मिली कि कुछ लोग उनके पिता के साथ खेत पर मारपीट कर रहे हैं। जानकारी मिलते ही वह मौके पर पहुंचीं तो देखा कि कुछ लोग पिता से मारपीट कर रहे थे। आरोप है कि जब उन्होंने पिता को बचाने का प्रयास किया तो एक आरोपी ने छेड़छाड़ व मारपीट शुरू कर दी। चचेरे भाई ने पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया और कॉल करने वाले उनके भाई को ही पकड़कर थाने ले गई। दूसरे पक्ष की महिला ने भी पहले पक्ष के युवकों पर छेड़छाड़ व मारपीट का आरोप लगाया है। ये भी बताया कि पूर्व में भी उनको फंसाने की कोशिश की जा चुकी है। फिलहाल पुलिस क्रास रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### तोड़ते वक्त गिरी मकान की बीम, ग्रामीण की मौत, पुत्र घायल

**बरखेड़ा ,अमृत विचार :** तोड़ते वक्त अचानक मकान की बीम ढह गई। जिसके मलबे में दबकर ग्रामीण की मौत हो गई, जबकि उसका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे एक निजी अस्पताल भर्ती कराया गया है। बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम डंडिया भगत के रहने वाले 40 वर्षीय नन्हेलाल पुत्र रामसहाय खेती करते थे। उनके मकान के कुछ हिस्से में वह निर्माण करने की तैयारी कर रहे थे। सोमवार को वह बीम तोड़ रहे थे और कुछ ही दूरी पर 18 वर्षीय पुत्र दीपक सीमेंट रेत का मिश्रण तैयार कर रहा था। इसी बीच अचानक बीम भरभरा कर ढह गई। जिसके मलबे में पिता-पुत्र दब गए। कुछ ही देर में परिवार वाले और ग्रामीण जमा हो गए। बमुश्किल दोनों को मलबे से बाहर निकाला गया। आनन-फानन में दोनों के पीलीभीत के एक निजी अस्पताल ले गए। वहां नन्हेलाल को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया जबकि दीपक को भर्ती कर लिया गया है। परिजन नन्हेलाल का शव लेकर घर आ गए। हादसे के बाद परिवार में चीख पुकार मची रही। मामले में पुलिस को सूचना नहीं दी गई है।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777



डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348



**इफ्तार** मंगलवार
सुन्नी: 6:15
शिया: 6:16

**सहरी** बुधवार
सुन्नी: 4:56
शिया: 4:58

# बारिश की आशंका को लेकर किसान परेशान

## खेतों में पकी खड़ी सरसों की फसल. किसान जल्द से जल्द काटकर सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने की कोशिश में जुटे

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी/मूड़ा सवारान



खेत में खड़ी सरसों की फसल। ● अमृत विचार



खेत में कटी पड़ी सरसों की फसल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिले में इन दिनों खेतों में सरसों की फसल पूरी तरह पककर तैयार खड़ी है, लेकिन पिछले दो दिनों से मौसम के अचानक बदले मिजाज ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। आसमान में धुंध के बादल छाए रहने और बारिश की आशंका के चलते किसान जल्द से जल्द फसल काटकर सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने की कोशिश में जुटे हैं।

शनिवार रात से मौसम में बदलाव शुरू हुआ और रविवार व सोमवार को दिनभर आसमान में बादल छाए रहे। मौसम के इस बदलाव से किसान आशंकित हैं कि यदि अचानक बारिश हो गई तो सरसों के साथ-साथ गेहूं और आलू की फसलों को भी भारी नुकसान हो सकता है। खेतों में जहां सरसों पककर तैयार है, वहीं गेहूं की फसल भी पकने की कगार पर है। ऐसे में मौसम की मार किसानों की मेहनत पर पानी फेर सकती है।

किसानों का कहना है कि वे इन दिनों तेजी से सरसों की कटाई कराने में लगे हैं, लेकिन मजदूरों की कमी के कारण काम प्रभावित हो रहा है। मजदूरों की मांग अधिक होने से मजदूरी भी बढ़ गई है, जिससे किसानों की लागत और बढ़ रही है। कई किसान परिवार के सदस्यों के साथ खुद ही फसल काटने में जुटे हैं।

● सोमवार को जिले भर में आसमान में छाई रही धुंध

मार्च के पहले सप्ताह में तापमान बढ़ने के कारण किसान लगातार फसलों की सिंचाई कर रहे हैं। ऐसे में यदि तेज हवा या बारिश होती है तो गेहूं और सरसों की फसल गिरने का खतरा है, जिससे उत्पादन पर असर पड़ेगा। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि इस समय फसल का गिरना किसानों के लिए सबसे अधिक नुकसानदायक होता है। इसके अलावा जिन खेतों में सरसों की कटाई कर फसल खेत में ही सूखने के लिए छोड़ दी गई है, वहां बारिश होने पर पानी भरने से फसल में नमी बढ़ जाएगी और फफूंद लगने का खतरा रहेगा। इससे सरसों के दाने कमजोर हो जाएंगे और बाजार में उसका उचित मूल्य नहीं मिल पाएगा।



आसमान में छाए धुंध के बादल। ● अमृत विचार

किसानों के अनुसार छुट्टा मवेशी सरसों की फसल को नहीं खाते हैं, जिस कारण पिछले कुछ वर्षों से किसानों का रुझान सरसों की खेती की ओर अधिक बढ़ा है। इस बार भी किसानों को सरसों की अच्छी कीमत मिलने की उम्मीद है, लेकिन मौसम की अनिश्चितता ने उनकी उम्मीदों पर चिंता की छाया डाल दी है। किसानों का कहना है कि यदि अगले कुछ दिनों तक मौसम साफ रहा तो फसल सुरक्षित घर पहुंच जाएगी, लेकिन बारिश होने की स्थिति में किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। फिलहाल किसान मौसम पर नजर बनाए हुए हैं और जल्द से जल्द फसल कटवाने में जुटे हैं।

### आसमान में छाई धुंध

**लखीमपुर खीरी।** सोमवार को आसमान में छाई धुंध और तेज धूप के कारण तापमान में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई, वहीं उमस ने लोगों को बेहाल किया। राज्य मौसम केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि कुछ स्थानों पर तेज हवा चलने की संभावना है। साथ ही दो तीन दिन मौसम शुष्क रहेगा। सोमवार को दिन का अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया।

### बौर को भी नुकसान

किसानों का कहना है कि आसमान में छाई धुंध के कारण तेज आंधी या बारिश हुई तो आम के पेड़ों में बौर को नुकसान हो सकता है। उन्होंने बताया कि बौर को देखकर इस बार आम की फसल अच्छी होने की उम्मीद है।

# लोहे की पत्ती से की थी रमेश की हत्या, 3 आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, मझगईं

● प्रेम-प्रसंग में शादी करने से नाराज हैं पत्नी के परिवारीजन

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव विष्णुपुर निवासी रमेश कुमार चौहान हत्याकांड का खुलासा करते हुए पुलिस ने तीन हत्यारोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि मृतक रमेश ने प्रेम प्रसंग में विवाह किया था। इससे उसकी पत्नी के मायके के लोग नाराज थे। इसी रंजिश के चलते उसकी लोहे की मोटी पत्ती से कई ताबड़तोड़ हमला कर हत्या की गई थी। पुलिस ने आला कत्ल बरामद कर तीनों आरोपियों का चालान भेजा है।

पहली मार्च को गांव विष्णुपुर निवासी रमेश कुमार चौहान अपने बीमार बेटे की दवा लेने नौगवां बाजार गया था। दवा लेकर वह बाइक से वह घर वापस जा रहा था, लेकिन देर रात तक घर नहीं पहुंचा। इसी बीच ग्रामीणों ने थाना मझगई क्षेत्र के नौगवां कस्बे से खालेपुरवा जाने वाले मार्ग पर सड़क किनारे उसका शव पड़ा देखा तो परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान रमेश के रूप में की। उसकी गर्दन, मुंह और छाती पर वार कर हत्या की गई थी। शव से करीब 100 मीटर की दूरी पर स्थित खेत में उसकी बाइक खड़ी मिली। रमेश बाहर रहकर मजदूरी करता था और होली के त्योहार के चलते दो दिन पहले ही गांव आया था। बेटे की तबीयत खराब होने पर वह दवा लेने गया था। पुलिस ने मृतक की भाभी रामरती की तहरीर पर रमेश की पत्नी के चाचा राजकिशोर निवासी कोठिया, मामा प्रेम सागर निवासी लोकनपुरवा थाना और मौसी के पुत्र सोनू राठौर निवासी छोटी पलिया के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। सोमवार को पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त लोहे की मोटी पत्ती भी बरामद की है।

प्रभारी निरीक्षक राजू राव ने बताया कि पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी सोनू राठौर का पहले से भी आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ वर्ष 2017 में पलिया थाने में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज हुआ था। इसके अलावा वर्ष 2024 में भी पलिया थाने में बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों का चालान कर कोर्ट में पेश किया, जहां से अदालत ने तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### किशोरी ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** थाना मितौली क्षेत्र के गांव नत्थापुरवा निवासी सतीश की 15 वर्षीय बेटी ज्योती का शव रविवार की सुबह कमरे में कुंडे से लटकते पाया गया। सतीश पंजाब में मजदूरी करता है पत्नी की कुछ माह पहले मौत हो चुकी है। घर पर ज्योती और उसका छोटा भाई योगेन्द्र रहते थे। बताते हैं कि शनिवार की शाम खाना बनाने को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई। इसके बाद योगेन्द्र पास ही अपनी बुआ के यहां चला गया। इसके बाद ज्योति रविवार की सुबह जब देर तक घर के बाहर नहीं निकली, तो लोगों दरवाजा खटखटाया। जब दरवाजा नहीं खुला को लोगों को आशंका हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब घर में गई तो कमरे में उसका शव लटकते मिला।

### पॉक्सो एक्ट के दो आरोपी गिरफ्तार

**भीरा, अमृत विचार:** एसओ रोहित दुबे ने बताया कि गांव बैवहा मुन्नू सिंह के पास सड़क पर खड़े दो युवक अचानक पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया। शक होने पर पुलिस ने भागने का प्रयास कर रहे कमलेश कुमार व अंकित कुमार निवासी बैवहा मुन्नू सिंह को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर दोनों युवक थाने पर दर्ज पॉक्सो एक्ट के एक मामले में आरोपी निकले। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान भेजा है।

### महिला आयोग सदस्य कल करेंगी जनसुनवाई

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी 11 मार्च को लखीमपुर पहुंचेगी। वह सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में महिला संबंधी मामलों की सुनवाई करेंगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी लवकुश कुमार भार्गव ने बताया कि इस दौरान वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, महिला थानाध्यक्ष भी मौजूद रहेंगी। महिला उत्पीड़न के मामलों की समीक्षा भी करेंगी।

# चीनी मिल कॉलोनी में होली मिलन समारोह आयोजित

संवाददाता, पलिया कलां

● कार्यक्रम में पूर्वांचल के पारंपरिक होली गीतों की खूब धूम रही

**अमृत विचार:** बजाज चीनी मिल कॉलोनी में होली मिलन समारोह के मुख्य अतिथि सपा नेता धनंजय उपाध्याय रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. विमलेंद्र गौतम और जय नारायण आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत शारदा चीनी मजदूर संघ और शारदा वर्क्स यूनियन पलिया के पदाधिकारियों द्वारा अतिथियों एवं उपस्थित लोगों का स्वागत कर की गई। मिल कर्मचारी नेता निर्भय नारायण सिंह, अफरोज अंसारी और अखिलेश कुमार आदि ने कार्यक्रम में विशेष योगदान दिया। इस दौरान पूर्वांचल के पारंपरिक होली गीतों की खूब धूम रही। मुख्य अतिथि धनंजय उपाध्याय ने कहा कि समाज में प्रेम, सौहार्द्र और भाईचारे को बनाए रखने के लिए ऐसे आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। समारोह में मुस्लिम समाज के लोगों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इस मौके पर मिल कर्मचारी यूनियन नेता कमलेश राय, अरुण झा, उदयभान यादव, मनोज शर्मा, मो. खालिद, सभासद नजर अहमद, विनय अग्रवाल, पिंटू चौधरी, फुरकान अंसारी, चतुर्भुज चौहान, राजा खान, हैदर अली आदि मौजूद रहे।

# द्वाराचार के दौरान महिला व बेटे को पीटा

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** गांव पिपरिया अण्डू निवासी लक्ष्मी देवी ने बताया कि वह संजय वर्मा की बेटी की शादी में गई थीं। आरोप है कि द्वाराचार के समय गांव के ही विपिन वर्मा और संजय वर्मा पुत्र गया प्रसाद वर्मा ने किसी बात को लेकर विवाद कर लिया और देखते ही देखते गाली-गलौज शुरू कर दी। पीड़िता का आरोप है कि दोनों आरोपियों ने उन्हें और उनके बेटे नितिन को लात-घूंसों और लाठी-डंडों से पीट दिया, जिससे दोनों को चोटें आईं। मारपीट के दौरान आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद पीड़िता थाने पहुंची और पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर घायल मां-बेटे का मेडिकल परीक्षण कराया है। जांच एसआई महेश नारायण तिवारी को सौंप दी है।

# बोर्ड परीक्षा: 6,884 में से 6,389 परीक्षार्थी उपस्थित

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● 129 परीक्षा केंद्रों पर 495 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**अमृत विचार:** सोमवार को जिले के 129 परीक्षा केंद्रों पर यूपी बोर्ड परीक्षा दो पालियों में शांतिपूर्ण और कड़ी निगरानी के बीच संपन्न हुई। सुबह से ही परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों की आवाजाही बनी रही और प्रशासनिक अधिकारियों की सक्रिय निगरानी में परीक्षा प्रक्रिया सुव्यवस्थित ढंग से पूरी कराई गई। दोनों पालियों को मिलाकर कुल 6,884 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 6,389 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 495 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

प्रथम पाली में हाईस्कूल उर्दू विषय की परीक्षा आयोजित की गई। इसमें कुल 270 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 252 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 18 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी पाली में इंटरमीडिएट के उर्दू एवं पंजाबी विषय की परीक्षा में 163 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 147 उपस्थित रहे, जबकि 16 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट के मनोविज्ञान, शिक्षा शास्त्र एवं तर्कशास्त्र विषयों की परीक्षा आयोजित की गई। इस पाली में कुल 6,451 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 5,990 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 461 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

परीक्षा को नकलविहीन एवं पारदर्शी बनाए रखने के लिए सभी केंद्रों पर निगरानी व्यवस्था सक्रिय रही। स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा सचल दलों ने परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला विद्यालय निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि सोमवार की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

### पालीवार उपस्थिति का विवरण

| | |
|---|---|
| **प्रथम पाली** | |
| पंजीकृत – | 433 |
| उपस्थित – | 399 |
| अनुपस्थित – | 34 |
| **द्वितीय पाली** | |
| पंजीकृत – | 6,451 |
| उपस्थित – | 5,990 |
| अनुपस्थित – | 461 |

### सीबीएसई इंटरमीडिएट गणित परीक्षा में 922 में से 916 परीक्षार्थी हुए शामिल

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की चल रही बोर्ड परीक्षाओं के अंतर्गत सोमवार को जिले के 10 परीक्षा केंद्रों पर इंटरमीडिएट (कक्षा 12) की गणित विषय की परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा सुबह 10:30 बजे शुरू होकर दोपहर 1:30 बजे तक चली। गणित विषय के लिए जिले में कुल 922 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 916 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 6 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सभी केंद्रों पर परीक्षा निर्धारित समय के अनुसार प्रारंभ हुई। परीक्षा कॉर्डिनेटर ने बताया कि सोमवार को आयोजित इंटरमीडिएट गणित की परीक्षा जिले में शांतिपूर्ण और व्यवस्थित माहौल में संपन्न हुई।

# प्रसव के बाद मरीज का 48 घंटे से पहले डिस्चार्ज नहीं

● जन्म-मृत्यु पंजीकरण पर एएनएम व स्टाफ नर्स का प्रशिक्षण
● सीएमओ ने डिलीवरी प्वाइंट के स्वास्थ्य कर्मियों को दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



प्रशिक्षण कार्यक्रम में बोलते सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** सोमवार को सीएमओ कार्यालय सभागार में जन्म-मृत्यु पंजीकरण को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जनपद के सभी डिलीवरी प्वाइंट पर तैनात एएनएम और स्टाफ नर्स को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने कहा कि प्रसव के बाद मरीज को 48 घंटे से पहले डिस्चार्ज नहीं किया जाना चाहिए।

सीएमओ ने कहा कि यह समय मां और नवजात के लिए बेहद महत्वपूर्ण होता है। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों को मरीज और उनके तीमारदारों को नवजात की देखभाल, स्तनपान कराने का सही तरीका, छह माह बाद बच्चों के आहार, बच्चों के बीच अंतर रखने के लाभ और परिवार नियोजन के महत्व के बारे में जानकारी देनी चाहिए। प्रसव के बाद के दिनों में मरीज की स्वच्छता और स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं के बारे में भी जागरूक करना जरूरी है। साथ ही इसी अवधि में नवजात का जन्म प्रमाण पत्र बनवाकर देना भी सुनिश्चित किया जाए। प्रशिक्षण के दौरान टीकाकरण से संबंधित जरूरी जानकारी भी स्वास्थ्य कर्मियों को दी गई।

बताया गया कि परिवार नियोजन योजनाओं के लाभ लेने के लिए स्वास्थ्य केंद्रों पर आने वाले मरीजों को जरूरी दस्तावेज साथ लाने के लिए जागरूक किया जाए। इसमें आधार कार्ड, आभा आईडी, बैंक पासबुक, आधार से लिंक मोबाइल नंबर और उपलब्ध होने पर आयुष्मान कार्ड शामिल हैं। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि जन्म और मृत्यु दोनों ही मामलों में पंजीकरण अनिवार्य रूप से किया जाए और इसकी जानकारी संबंधित पोर्टल पर दर्ज करना सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान कार्यक्रम के नोडल अधिकारी व एसीएमओ डॉ. एसपी मिश्रा व एसीएमओ डॉ. आरएम गुप्ता भी मौजूद रहे।

# घर के बाहर से शिक्षक की बाइक चोरी

**संपूर्णानगर, अमृत विचार:** थाने से चंद कदम की दूरी पर टीचर्स कॉलोनी निवासी शिक्षक संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि वह बाइक से बाजार आए थे और शाम को घर लौटकर बाइक बाहर खड़ी कर दी थी। रविवार रात करीब 9 बजे जब वह बाइक अंदर करने के लिए बाहर निकले तो बाइक गायब थी। चाभी भी घर में ही रखी मिली। घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी गई तो घटना का खुलासा हुआ। सीसीटीवी फुटेज के अनुसार रविवार शाम करीब 6 बजकर 45 मिनट पर एक बाइक पर सवार दो युवक डिग्री कॉलेज की तरफ से आए। दोनों ने पहले इधर-उधर नजर दौड़ाई और फिर उनकी बाइक का लॉक तोड़कर बाइक लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने फुटेज और तहरीर पुलिस को दी है, लेकिन पुलिस अभी तक आरोपियों की पहचान तक नहीं कर सकी है।

# महिला पुलिसकर्मियों को किया गया सम्मानित




गोला कोतवाली में महिला पुलिसकर्मियों के साथ मौजूद क्लब के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

● मुस्कान और रोटरैक्ट क्लब ने आयोजित किया कार्यक्रम

**अमृत विचार:** रोटारेक्ट क्लब गोला यूथ और रोटरी क्लब मुस्कान ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन कर महिला पुलिस कर्मियों को माला पहनाकर, प्रशस्ति पत्र और गिफ्ट देकर सम्मानित किया।

कोतवाल अंबर सिंह की अध्यक्षता में हुए सम्मान समारोह में पदाधिकारियों ने महिला पुलिस के कार्यों, सुरक्षा और विश्व में महिलाओं के योगदान के लिए रोटरेक्ट व रोटेरियन ने महिला पुलिसकर्मियों के साहस और समर्पण की प्रशंसा कर उनके योगदान को प्रणाम किया। रोटारेक्ट क्लब गोला यूथ के अध्यक्ष सर्वेन्द्र अनुराग ने महिला पुलिस कर्मियों को गोला की सुरक्षा के लिए अहम भूमिका को सराहा गया।

रोटरी क्लब मुस्कान के अध्यक्ष अरविन्द रामजी गुप्ता ने कहा कि महिलाएं समाज की रीढ़ हैं और उनके बिना समाज का विकास संभव नहीं है। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल ने कहा कि महिलाओं का योगदान समाज में महत्वपूर्ण है और उनकी सेवाएं सराहनीय हैं। सम्मान समारोह में रोटरी सचिव अनुराधा पुरवार, संदीप मित्तल, मिली गुप्ता, अतुल राजपूत, आनंद अर्कवंशी, पंकज जायसवाल, रिशु माहेश्वरी, अखिलेश वर्मा आदि मौजूद रहे।

# रेडियो खीरी ने महिलाओं को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



समाजसेवी भावना को सम्मानित करतीं अतिथि।

**अमृत विचार:** सामुदायिक रेडियो स्टेशन रेडियो खीरी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रेडियो श्रोता समूह के साथ स्टेशन परिसर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस दौरान सेहत कई, लाभ कई कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष एपिसोड प्रस्तुत किया गया। साथ ही महिला सशक्तिकरण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन को भी रेडियो पर सुनाया गया। कार्यक्रम के दौरान समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। समाजसेवी भावना को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। भावना लंबे समय से महिलाओं और बच्चों की शिक्षा, देखरेख और संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रही हैं। समाजसेवी सकून सिंह ने उन्हें पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर रेडियो खीरी के संचालक संजय सिंह, टीम सदस्य मानसी, रूपांसी, शिवशंकर आदि मौजूद रहे।

# संदिग्ध हालात में महिला की मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** बहराइच जिले के थाना मोतीपुर क्षेत्र के गांव मुठिया निवासी ओमप्रकाश ने अपनी 22 वर्षीय बेटी अंजू की शादी डेढ़ साल पहले खीरी जिले के थाना मैलानी क्षेत्र के गांव भूड़ बरौछा निवासी रमेश के बेटे सोनू के साथ की थी। मृतका के चाचा कमलेश ने बताया कि रविवार की शाम अंजू को ससुरालियों ने पीट पीट कर मारा डाला, इसके बाद शव फंदे से लटका दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आरोप है कि बेटी की शादी में अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज दिया था, लेकिन इससे ससुराल के लोग खुश नहीं थे, बाइक व अन्य सामान की मांग करते थे, पूरी न होने आखिरकार बेटी की जान ले ली। मृतका अपने पीछे एक पांच की बेटी छोड़ गई है।

**अवसर**

दुधवा में सूअर का पीछा करते सैलानियों ने देखा बाघ, तालाब के पास चर रहे गैंडे दहशत में भागे

# टाइगर का रोमांचक नजारा कैमरे में किया कैद

संवाददाता, पलिया कलां



दुधवा में जंगली सूअर का पीछा करता बाघ। ● अमृत विचार



बाघ की दहशत में भागते गैंडे। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** दुधवा नेशनल पार्क घूमने आए सैलानियों को सोमवार को जंगल का एक दुर्लभ और रोमांचक दृश्य देखने को मिला। जंगल सफारी के दौरान एक बाघ जंगली सूअर का पीछा कर शिकार करने का नजारा सैलानियों ने अपने कैमरों और मोबाइल फोन में कैद कर लिया। इस दृश्य को देखकर पर्यटक रोमांचित हो उठे और दुधवा की प्राकृतिक खूबसूरती व वन्यजीवन की जमकर सराहना की।

दिल्ली और मुंबई से आए पर्यटक दक्षिण सोनारीपुर रेंज में पाले गए हाथियों पर सवार होकर महावतों के साथ जंगल सफारी पर निकले थे। सैलानी सलूकापुर जंगल क्षेत्र में गैंडों को देखने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान एक तालाब के पास घास चर रहे दो गैंडे अचानक तेजी से भागते दिखाई दिए।

गैंडों की इस अचानक हलचल को देखकर सैलानियों ने अपने कैमरे और मोबाइल निकाल लिए और दृश्य को रिकॉर्ड करना शुरू कर दिया। तभी पीछे से एक बाघ तेजी से दौड़ता हुआ नजर आया, जो एक जंगली सूअर का पीछा कर रहा था। सूअर अपनी जान बचाने के लिए तेजी से भाग रहा था, जबकि बाघ लगातार उसका पीछा कर रहा था। कुछ ही क्षणों में बाघ ने झाड़ियों के बीच सूअर को दबोच लिया और उस पर हमला कर उसे अपना शिकार बना लिया। इस दौरान सूअर की चीख-पुकार जंगल के सन्नाटे को चीरती हुई देर तक सुनाई देती रही। अचानक सामने घटित हुए इस प्राकृतिक दृश्य को देखकर सैलानी रोमांच और आश्चर्य से भर उठे।

देश के विभिन्न महानगरों से आए पर्यटक इस दुर्लभ दृश्य को अपने मोबाइल फोन के माध्यम से अपने मित्रों और रिश्तेदारों को दिखाते रहे और जंगल के इस अद्भुत अनुभव को साझा करते रहे। दुधवा पहुंचने पर सैलानियों ने पार्क अधिकारियों को भी अपने मोबाइल में कैद यह वीडियो दिखाया और प्राकृतिक सुंदरता और वन्यजीवन की प्रशंसा की। पर्यटकों का कहना था कि खुले जंगल में वन्यजीवों का इस तरह का वास्तविक और रोमांचक दृश्य देखना उनके लिए जीवनभर याद रहने वाला अनुभव बन गया है।





# इंदिरा पार्कः होर्डिंग्स के जंगल में गुम हो गई इंदिरा गांधी की प्रतिमा

## शिकायतों पर भी नहीं जागा पालिका प्रशासन, कांग्रेस ने चेताया न हटे होर्डिंग्स तो होगा आंदोलन

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ**

- **इंदिरा पार्क इन दिनों अव्यवस्था व अतिक्रमण का हो रहा शिकार**

**अमृत विचारः** नगर के व्यस्ततम अशोक चौराहा स्थित इंदिरा पार्क इन दिनों अव्यवस्था और अतिक्रमण का शिकार हो गया है। पार्क के चारों ओर विभिन्न राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों और निजी कार्यक्रमों के बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगाए जाने के कारण पार्क के बीच स्थापित पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की प्रतिमा पूरी तरह ओझल हो गई है। हालत यह है कि पार्क के सामने से गुजरने वाले लोगों को भी प्रतिमा नजर नहीं आती, जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इंदिरा पार्क नगर की एक प्रमुख पहचान है और यहां लगी इंदिरा गांधी की प्रतिमा ऐतिहासिक महत्व रखती है। बावजूद इसके पार्क के चारों ओर बेतरतीब तरीके से लगाए गए होर्डिंग्स और बैनरों ने पूरे परिसर को ढक लिया है। इससे न केवल पार्क की सुंदरता प्रभावित हो रही है, बल्कि प्रतिमा का सम्मान भी कम होता दिखाई दे रहा है।



गोला कें इंदिरा पार्क पर लगीं विभिन्न राजनीतिक दलों की होर्डिंग्स। ● अमृत विचार

नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजीत जैन टीटू ने बताया कि इस मामले को लेकर उन्होंने पहले ही नगर पालिका परिषद को लिखित शिकायत देकर पार्क के आसपास लगे सभी होर्डिंग्स को हटाने की मांग की थी। उनका कहना है कि शिकायत दिए जाने के बावजूद नगर पालिका प्रशासन ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है, जिससे यह समस्या जस की तस बनी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर में कई स्थानों पर बिना अनुमति के होर्डिंग्स और बैनर लगाए जा रहे हैं, जिससे सार्वजनिक स्थलों की पहचान और सौंदर्य दोनों प्रभावित हो रहे हैं।

इंदिरा पार्क इसका ताजा उदाहरण बन गया है, जहां चारों ओर लगे बैनरों के कारण प्रतिमा पूरी तरह ढक गई है। अजीत जैन ने बताया कि 12 मार्च को नगर कांग्रेस कमेटी की ओर से पुनः नगर पालिका परिषद और उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस ज्ञापन के माध्यम से इंदिरा पार्क के आसपास लगे सभी अवैध होर्डिंग्स और अतिक्रमण को हटाने की मांग की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस कार्यकर्ता इस मुद्दे को लेकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। वहीं स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर पालिका को समय-समय पर सार्वजनिक स्थलों की निगरानी कर अवैध होर्डिंग्स को हटवाना चाहिए। लोगों का मानना है कि यदि प्रशासन समय रहते इस पर ध्यान नहीं देगा तो भविष्य में नगर के अन्य पार्क और सार्वजनिक स्थल भी इसी तरह विज्ञापन और बैनरों से पट जाएंगे। नगरवासियों ने नगर पालिका परिषद से मांग की है कि इंदिरा पार्क से सभी अवैध होर्डिंग्स हटाकर पार्क की साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण कराया जाए, ताकि वहां स्थापित इंदिरा गांधी की प्रतिमा स्पष्ट रूप से दिखाई दे और स्थल की गरिमा बनी रह सके। साथ ही पार्क के आसपास होर्डिंग्स लगाने के लिए स्पष्ट नियम लागू किए जाएं, जिससे भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न उत्पन्न हो।

## विद्यालय की रसोई का ताला तोड़कर चोरी

**बग्घून, अमृत विचारः** मोहम्मदी कोतवाली क्षेत्र की ग्राम पंचायत बस्तौली के उच्च प्राथमिक विद्यालय में चोरों ने रसोईघर का ताला तोड़कर राशन और सामग्री चुरा ली है। बस्तौली के उच्च प्राथमिक विद्यालय में चोरों ने रविवार रात रसोईघर का ताला तोड़कर चोरों ने गैस सिलेंडर, 40 किलो चावल का डिब्बा, 25 किलो आटा चोरी कर लिया। प्रधानाध्यापक सुरेंद्र पाल सिंह सोमवार सुबह स्कूल पहुंचे तो रसोइया कांती देवी ने उन्हें चोरी की जानकारी दी। उन्होंने अमीरनगर पुलिस चौकी और ग्राम प्रधान शिवपाल को चोरी की सूचना दी है।

## स्कूल में ताला तोड़कर पंखा-कुर्सी चोरी

**पलिया कलां, अमृत विचारः** थाना भीरा क्षेत्र में ग्राम मझौरा में रविवार की रात चोरों ने राजकीय हाई स्कूल का ताला तोड़कर पंखा, मेज और कुर्सी सहित अन्य सामान चोरी कर लिया। लगातार हो रही घटनाओं से क्षेत्र के लोगों में दहशत है। प्रधानाचार्य रमेश कुमार ने बताया कि रात में चोर स्कूल का ताला तोड़कर पंखा, मेज, कुर्सी समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए। सुबह स्कूल खुला तो चोरी की जानकारी हुई। सूचना भीरा पुलिस को दी है।

# ग्रामीणों को स्वच्छता शिक्षा के प्रति किया जागरूक




ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को जागरूक करते एनएसएस के स्वयंसेवक। ● अमृत विचार

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ**

- **गांव रामपुर जंगल के प्राथमिक विद्यालय में लगा एनएसएस शिविर**

**अमृत विचारः** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कैंपस कृषि महाविद्यालय जमुनाबाद में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-6 द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाकर लोगों को स्वच्छता, शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

गांव रामपुर जंगल के प्राथमिक विद्यालय में 9 मार्च से 15 मार्च तक आयोजित होने वाले 7 दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि सहप्राध्यापक डॉ. अरुण कुमार ने किया। उन्होंने स्वयं सेवकों से कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के समय समय पर संचालित होने वाले ऐसे शिवरों के माध्यम से विद्यार्थियों में सेवा भावना, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। बताया कि शिविर में प्रतिदिन सुबह योगाभ्यास से दिन की शुरुआत की जाएगी। सहप्राध्यापक डॉ. आनंद कुमार पांडे ने स्वयंसेवकों को ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को स्वच्छता, शिक्षा और सामाजिक विकास के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों को गांवों के विकास में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। अध्यक्षता करते हुए कार्यक्रम अधिकारी एवं अधिष्ठाता डॉ. अनिल कुमार सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना के मूलमंत्र मैं नहीं, बल्कि आप को, अपनाने का आह्वान किया। कहा कि स्वयंसेवकों को समाज के प्रति समर्पण व सहयोग की भावना से कार्य करते हुए ग्रामीण समुदाय के उत्थान में योगदान देना चाहिए। डॉ. सत्येंद्र कुमार, डॉ. राजकुमार, डॉ. रणधीर कुमार यादव, डॉ. अनूप कुमार यादव, हिमांशु मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** थाना फरधान क्षेत्र में ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। वहीं उसका साथी घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। युवक की मौत से उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है। थाना फरधान क्षेत्र के गांव कैमा खादर निवासी 42 वर्षीय अजय वर्मा रविवार की शाम बाइक से धान कुटाने के लिए अपने दोस्त के साथ गए थे। बताते हैं कि अजय पैरों से दिव्यांग थे। बाइक दोस्त चला रहा था। टीकरपुरवा के पास ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से अजय कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक भी घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# मुख्यमंत्री योगी की माता के विरुद्ध अशोभनीय टिप्पणी से उबाल

- **हिंयुवा ने अब्दुल्ला सलीम का फूंका पुतला, रासुका लगाने की मांग**
- **प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार भीमचंद को सौंपा**

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ**

**अमृत विचारः** प्रदेश के मुख्यमंत्री और गोरक्षपीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ की माता के विरुद्ध बिहार के मौलाना अब्दुल्ला सलीम द्वारा की गई अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में सोमवार को हिन्दू युवा वाहिनी के जिला प्रभारी विपिन कुमार मिश्रा के नेतृत्व में विभिन्न हिंदू संगठनों और सनातन समाज के लोगों ने अशोक चौराहे पर प्रदर्शन करते हुए आरोपी मौलाना का पुतला दहन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार भीमचंद को सौंपकर रासुका के तहत कार्रवाई किए जाने की मांग की।



गोला के अशोक चौराहे पर अब्दुल्ला सलीम का पुतला फूंकते पदाधिकारी। ● अमृत विचार



गोला में तहसीलदार को ज्ञापन देते विपिन मिश्रा। ● अमृत विचार

सोमवार को नगर के अशोक चौराहे पर हिंदू युवा वाहिनी सहित विभिन्न हिंदू संगठन के पदाधिकारियो ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार भीमचंद को सौंपकर कहा है कि ऐसे असामाजिक तत्वों पर नकेल कसना अनिवार्य है, जो धार्मिक और पारिवारिक मर्यादाओं को लांघकर देश का सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं। ज्ञापन में बिहार के मौलाना अब्दुल्ला सलीम पर रासुका के तहत कार्रवाई किए जाने, आरोपी मौलाना की संपत्तियों और बैंक खातों की गहन जांच कराए जाने की मांग की गई है।

विपिन मिश्रा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ केवल मुख्यमंत्री ही नहीं, बल्कि करोड़ों सनातनी उन्हें अपना आदर्श गुरु मानते हैं। उनके परिजनों पर की गई टिप्पणी पूरे हिंदू समाज का अपमान है। कहा कि यदि ऐसे विवादित बयानों पर कठोर कार्रवाई नहीं हुई तो ये तत्व भविष्य में भी जहरीले बयान देकर देश को दंगे की आग में झोंकने का कार्य करेंगे।

करोड़ों सनातनियों की भावनाओं को आहत करने वाले इस कृत्य के लिए मौलाना को सलाखों के पीछे भेजा जाना जरूरी है। प्रदर्शन में शामिल जयेंद्र मिश्रा सोनू, बलवंत सिंह, सुधीर गुप्ता, रिशु मिश्रा, अमर सिंह, राजन शुक्ला, पंकज राज, अपूर्व दीक्षित, अनुपम मिश्रा सहित हिंदू युवा वाहिनी के पदाधिकारी, सनातन समाज के लोगों ने आरोपी की गिरफ्तारी किए जाने की मांग की है।

# मेड़ विवाद को लेकर मारपीट में युवक घायल

**संवाददाता, बेहजम**

- **मोबाइल छीनने और महिलाओं से अभद्रता का आरोप**

**अमृत विचारः** नीमगांव थाना क्षेत्र में खेत की मेड़ को लेकर शुरू हुआ विवाद अब पुलिस पर लगे गंभीर आरोपों के कारण चर्चा का विषय बन गया है। जम्हौरा गांव के एक युवक ने आरोप लगाया है कि पुलिस ने हमलावरों के परिजनों के दबाव में आकर उसकी मूल शिकायत को नजरअंदाज कर मनमानी तहरीर लिखवाई। युवक का आरोप है कि उसके साथ मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ सही कार्रवाई नहीं की जा रही है।

जम्हौरा गांव निवासी अवनीश ने बताया कि 4 मार्च 2026 की सुबह करीब 9 बजे उसका भाई आशीष पाण्डेय खेत देखने गया था। वहां उसने गांव के ही दीपक, सतेन्द्र, शुभम और विजय को भाला और गड़ासी जैसे धारदार हथियार लेकर खेत की मेड़ बांधते देखा। अवनीश के मुताबिक जब आशीष ने उन्हें रोका तो आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और देखते ही देखते मारपीट पर उतर आए। आरोप है कि हमलावरों ने आशीष को लाठी-डंडों से पीटा, जिससे उसके सिर और पैर में गंभीर चोटें आईं। शोर सुनकर जब परिवार के अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग निकले। जब वह शिकायत लेकर नीमगांव थाने पहुंचा तो पुलिस ने हमलावरों के परिजनों के दबाव में आकर उसकी मूल तहरीर दर्ज नहीं की। अवनीश का कहना है कि पुलिस ने अपनी ओर से मनमानी तहरीर लिखवाई, जबकि उसकी असली शिकायत अभी भी उसके पास सुरक्षित है।

आरोप लगाया कि पुलिसकर्मियों ने उसके घर पहुंचकर महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार किया और उसका मोबाइल फोन भी छीन लिया। उसका दावा है कि मोबाइल में पुलिसकर्मियों की कथित करतूत का वीडियो रिकॉर्ड था। पीड़ित ने बताया कि मामले की जानकारी उसने आईजी और डीआईजी को फोन कर दी, जिसके बाद अगले दिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की।

> पीड़ित की तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पीड़ित जो आरोप लगा रहा है वह पूरी तरह से निराधार और असत्य हैं। -**प्रवीर कुमार गौतम,** एसओ, नीमगांव

उसका आरोप है कि रिपोर्ट पुलिस द्वारा तैयार की गई तहरीर के आधार पर दर्ज किया गया है। इस पूरे मामले को लेकर अवनीश का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए न्याय की मांग कर रहा है।

## पेंशनर्स कल्याण संस्था की बैठक व होली मिलन 11 को

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश पेंशनर्स कल्याण संस्था जनपद शाखा के महामंत्री नरेश चंद्र वर्मा ने बताया कि 11 मार्च को संस्था की बैठक और होली मिलन समारोह पेंशनर्स भवन जिला कोषागार में डॉ. ओपी श्रीवास्तव की अध्यक्षता में होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10:30 बजे सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ होगा। सदस्यों द्वारा एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी जाएंगी। मार्च माह में जन्म लेने वाले सभी पेंशनर्स का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इसके साथ ही 80 वर्ष से अधिक आयु के अति वरिष्ठ साथियों को सम्मानित भी किया जाएगा। दोपहर 12:30 बजे से 2:00 बजे तक काव्य गोष्ठी आयोजित होगी।

# होली मिलन में बुजुर्गों का किया सम्मान

- **हरिद्वारी वैश्य समाज के मेधावियों का किया गया अभिनंदन**

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ**

**अमृत विचारः** श्री हरिद्वारी वैश्य समिति द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में बुजुर्गों और हाईस्कूल, इंटर के टॉपर्स विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।



गोला के वैश्य समाज के होली मिलन समारोह में सम्मानित मेधावी। ● अमृत विचार

नगर के मिल रोड स्थित श्री हरिद्वारी वैश्य धर्मशाला में होली मिलन समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। होली के उल्लास और सामाजिक सौहार्द के रंग में सराबोर समिति के पदाधिकारियों ने एक दूसरे से गले मिलकर, गुलाल लगाकर और गुझिया खिलाकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर समिति ने समाज के 75 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके बुजुर्ग लोगों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। बुजुर्गों का आशीर्वाद लेते हुए समिति के पदाधिकारियों ने उनके अनुभव और समाज के प्रति योगदान की सराहना की।

समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में समाज के होनहार विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए वर्ष 2025 की परीक्षाओं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले हाईस्कूल, इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं को स्मृति चिह्न प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। होली मिलन समारोह में समाज के लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर पर्व की बधाई दी। वक्ताओं ने समाज में एकता और भाईचारे को मजबूत करने पर बल दिया। समारोह में कृष्ण कुमार गुप्ता अध्यक्ष, अविनाश गुप्ता, प्रवीन गुप्ता, रामकुमार गुप्ता, सोहनलाल गुप्ता, अमित कुमार गुप्ता, सुमित कुमार शाह, विनोद गुप्ता सहित श्रीहरिद्वारी वैश्य समिति के पदाधिकारी, सदस्य आदि मौजूद रहे।

# मनीषा धार्वे बनीं नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी



गोला में पालिकाध्यक्ष के समक्ष ईओ का पदभार ग्रहण करतीं आईएएस मनीशा धार्वे।

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ**

- **ईओ का चार्ज लेते समय पालिका अध्यक्ष मौजूद रहे**

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की संस्तुति पर सहायक मजिस्ट्रेट एवं सहायक कलेक्टर मनीषा धार्वे को नगर पालिका परिषद का अस्थाई व्यवस्था के तहत अधिशासी अधिकारी के रिक्त पद का अतिरिक्त प्रभार प्रदान किया गया है। उन्होंने पालिका परिषद पहुंचकर पदभार ग्रहण कर लिया है। मनीषा धार्वे के ईओ का चार्ज लेते समय पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू मौजूद रहे।

## जमीन कब्जे के विवाद में घर में घुसकर हमला

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** थाना खीरी क्षेत्र के गांव इकबालपुर निवासी श्रवण कुमार दुबे ने बताया कि उनके घर के पीछे खाली पड़ी जमीन पर गांव के ही अशोक कुमार, विकास कुमार और विशाल कुमार कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे।

जब उन्होंने इसका विरोध किया तो तीनों आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर मारपीट की। जान बचाने के लिए वह घर में घुस गए, लेकिन आरोपी उनके घर के अंदर भी घुस आए और उन्हें बुरी तरह पीट दिया।

इस दौरान उनकी बेटी अनु दुबे और बेटे शिवांश दुबे के साथ भी मारपीट की गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया है।

# चंद्रकेश अध्यक्ष और लतीफ मंत्री निर्वाचित

- **बार संघ चुनाव में 139 में से 136 वकीलों ने डाले वोटपरिणाम घोषित होते ही विजेताओं का किया गया जोरदार स्वागत**

**संवाददाता, निघासन**

**अमृत विचारः** तहसील अधिवक्ता संघ निघासन की नई कार्यकारिणी के लिए हुए चुनाव में अध्यक्ष पद पर चंद्रकेश, मंत्री पद पर मोहम्मद लतीफ खां और उपाध्यक्ष पद पर अरुण गुप्ता विजयी घोषित किए गए। परिणाम घोषित होते ही अधिवक्ताओं ने विजयी प्रत्याशियों को फूलमालाएं पहनाकर बधाई दी और खुशी जताई।



अधिवक्ताओं के साथ खुशी का इजहार करते नवनिर्वाचित अध्यक्ष चंद्रकेश और मंत्री मोहम्मद लतीफ खां। ● अमृत विचार

सोमवार को संघ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और मंत्री पदों के लिए मतदान कराया गया। संघ के कुल 139 सदस्यों में से 136 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सुबह 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। इसके बाद मतगणना कर परिणाम घोषित किए गए। मुख्य चुनाव अधिकारी डीपी सिंह ने सहायक चुनाव अधिकारी मयंक वर्मा, रामकुमेश यादव व अन्य सहयोगियों की मदद से करीब सवा घंटे में मतगणना पूरी कराई। अध्यक्ष पद पर चंद्रकेश ने अपने प्रतिद्वंद्वी वीरेंद्र भदौरिया को 47 मतों के अंतर से पराजित कर जीत दर्ज की। वीरेंद्र भदौरिया को 44 मत मिले, जबकि एक मत अवैध घोषित किया गया। उपाध्यक्ष पद पर अरुण गुप्ता और सोनेलाल के बीच कड़ा मुकाबला रहा। अरुण गुप्ता ने 78 मत प्राप्त कर 58 मत पाने वाले सोनेलाल को 20 मतों के अंतर से पराजित किया।

मंत्री पद पर मुकाबला लगभग एकतरफा रहा। मो. लतीफ खां को 70 मत, महेश पांडेय को 37 मत और राजू गिरि को 28 मत मिले, जबकि एक मत अवैध पाया गया। संघ के अन्य चार पदों पर पहले ही निर्विरोध निर्वाचन हो चुका था। इनमें अंकेक्षक पद पर अखिल श्रीवास्तव, संयुक्त मंत्री पद पर सर्वेश यादव, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य पद पर रमेश भार्गव तथा कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य पद पर रमेश भारती निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए थे। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद अधिवक्ताओं ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया और उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

## न्यूज ब्रीफ

### कूड़ा डालने के विवाद में हुई मारपीट

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना व कस्बा भीरा निवासी दिनेश कुमार ने बताया कि रविवार की देर शाम आठ बजे गांव के ही नोखेलाल, पंकज, रामप्रसाद और रामवती उनके घर के सामने कूड़ा डाल रहे थे। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोपियों ने लात-घूंसों और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। शोर सुनकर उनकी पत्नी मीरा देवी, बेटा अमित प्रजापति और बेटी शिवांगी बचाने आए तो उन्हें भी पीट दिया गया। उधर दूसरे पक्ष के पंकज ने दिनेश, अमित, मीरा देवी और जूली देवी पर मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रास्ता बंद करने के विवाद में महिला से मारपीट

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना ईसानगर के गांव रठूरनपुरवा निवासी परशना ने बताया कि कि गांव के ही श्याम किशोर, राजकिशोर और दिनेश से रास्ते से आने-जाने को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि इसी बात से नाराज होकर तीनों आरोपियों ने उन्हें गालियां देते हुए लाठी-डंडों से पीट दिया, जिससे उनके शरीर पर चोटें आईं। पीड़िता का कहना है कि आरोपियों ने मारपीट के दौरान जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर महिला को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है।

### ढाबे से बिजली की मोटर चोरी

**भीरा, अमृत विचार :** भीरा-पलिया हाईवे पर गांव मझौरा के निकट एक खाने के ढाबे पर लगी बिजली की मोटर चोर चुरा ले गए। ढाबा मालिक राजीव कुमार गुप्ता ने पुलिस को तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि रोज की तरह वह रात लगभग 12 बजे ढाबा से अपने घर चला गया था और सुबह आने पर ढाबे में लगी बिजली की मोटर गायब मिली।

### महिला की इलाज के दौरान मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना पलिया क्षेत्र के गांव अतरिया बड़ागांव निवासी शाहरूख की 27 वर्षीय पत्नी शहाना को रविवार की शाम अचानक सीने में दर्द उठा। परिजन आनन-फानन में इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# सीडीपीओ का एक दिन का वेतन रोका

## बेहजम ब्लॉक में डीडीओ ने एक-एक पटल का किया निरीक्षण और अभिलेख खंगाले

- अफसरों की क्लास लेकर मनरेगा की सुस्ती पर फटकार

संवाददाता, लखीमपुर खीरी/बेहजम



अभिलेखों का निरीक्षण करते डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** बेहजम ब्लॉक में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब जिला विकास अधिकारी (डीडीओ) गजेंद्र प्रताप सिंह ने ब्लॉक का निरीक्षण किया। डीडीओ ने एक-एक पटल का बारीकी से निरीक्षण किया और अभिलेख खंगालते हुए अधिकारियों व कर्मचारियों से जवाब-तलब किया। कई जगहों पर काम की धीमी रफ्तार देखकर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई और स्पष्ट चेतावनी दी कि योजनाओं में लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने गंभीर लापरवाही मिलने पर बाल विकास परियोजना अधिकारी का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए।

डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह सोमवार को अचानक ब्लॉक बेहजम पहुंचे। इससे ब्लॉक में हड़कंप मच गया। इधर-उधर घूम रहे पटल सहायकों में भागमभाग मच गई। सभी अपने पटलों पर पहुंच गए। डीडीओ ने मनरेगा पटल, एनआरएलएम पटल, आवास पटल, राजकीय बीज भंडार और बाल विकास परियोजना कार्यालय का जायजा लिया। उन्होंने कर्मचारियों से योजनाओं की प्रगति और लाभार्थियों को मिलने वाले लाभ की जानकारी ली।

अभिलेखों की जांच के दौरान कई खामियां सामने आने पर अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई और तुरंत सुधार के निर्देश दिए गए। सबसे ज्यादा नाराजगी मनरेगा कार्यों की सुस्त रफ्तार को लेकर सामने आई। डीडीओ ने पाया कि कई कार्य अपेक्षित गति से पूरे नहीं हो रहे हैं। इस पर उन्होंने संबंधित एनआरपी बाबू को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि मनरेगा सरकार की महत्वपूर्ण योजना है और इसमें ढिलाई कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने साफ कहा कि सभी कार्यों को समयबद्ध और शत-प्रतिशत पूरा किया जाए, अन्यथा जिम्मेदारों पर कार्रवाई तय है। डीडीओ ने ब्लॉक परिसर के शौचालयों की भी स्थिति देखी और साफ-सफाई को लेकर कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यालयों में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए, ताकि आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान बाल विकास परियोजना कार्यालय में भी व्यवस्थाओं को लेकर नाराजगी सामने आई। डीडीओ ने बाल विकास परियोजना अधिकारी की कार्यशैली पर असंतोष जताते हुए उनका एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दे दिए। इस कार्रवाई के बाद ब्लॉक कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों में खलबली मच गई। डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समय पर पहुंचे, यह सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ काम करने और लापरवाही से बचने की चेतावनी दी।

इस दौरान खंड विकास अधिकारी शरद कुमार सिंह और ब्लॉक प्रमुख बीना राज भी मौजूद रहीं। बतादें कि सोमवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल का बेहजम ब्लॉक का औचक निरीक्षण प्रस्तावित था, जो बाद में निरस्त हो गया। इसके बाद अफसरों से लेकर कर्मचारी तक लापरवाह हो गए, लेकिन इसके बाद जिला विकास अधिकारी ने खुद ब्लॉक पहुंचकर व्यवस्थाओं की पड़ताल की और अधिकारियों को सख्त संदेश दे दिया कि काम में ढिलाई अब नहीं होगी।

## 21.8 ग्राम स्मैक के साथ विक्की नेपाली गिरफ्तार

**संवाददाता, पलिया कलां, अमृत विचार:** पलिया पुलिस ने कई मुकदमों में वांछित एक शातिर आरोपी को 21.8 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 4850 रुपये नकद, एक बाइक और एंड्रॉयड मोबाइल फोन भी बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय भेज दिया गया है।



गिरफ्तार आरोपी।

पकड़ा गया आरोपी विक्की गुप्ता उर्फ विक्की नेपाली पुत्र बेंचू राम मूल रूप से ज्ञानीपुर थाना शिवगढ़, जिला सुल्तानपुर का रहने वाला है और वर्तमान में पलिया के धारूपुरवा) में रह रहा था। पुलिस के अनुसार आरोपी नशे के कारोबार से जुड़ा एक शातिर अपराधी है और उसके खिलाफ पहले से कई संगीन मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी के खिलाफ नशे के अवैध कारोबार में शामिल होने की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इसी क्रम में कार्रवाई करते हुए उसे 21.8 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर उसका चालान भेजा है।

# अतिरिक्त दहेज के लिए महिला के साथ मारपीट

- एक लाख रुपये और बाइक की मांग करने लगाया का आरोप
- पति, सास-ससुर समेत तीन पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** थाना फरधान क्षेत्र के गांव जगन्नाथपुर में दहेज की मांग को लेकर महिला को प्रताड़ित करने और मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति समेत ससुराल पक्ष के तीन लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जगन्नाथपुर निवासी प्रांशी सिंह ने बताया कि लगभग तीन वर्ष पहले उनका विवाह गांव के ही आदर्श सिंह पुत्र मदन सिंह के साथ हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार हुआ था। आरोप है कि विवाह के समय उनके पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार दान-दहेज दिया था, लेकिन इसके बावजूद ससुराल पक्ष के लोग संतुष्ट नहीं हुए। पति आदर्श सिंह, सास कुसुमा देवी और ससुर मदन सिंह लगातार कम दहेज लाने का ताना देते हुए एक लाख रुपये नकद, बाइक, एलसीडी टीवी और वाशिंग मशीन की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता रहा।

आरोप है कि 3 मार्च 2026 की सुबह करीब 10 बजे ससुराल पक्ष के लोगों ने एक राय होकर उसे लात-घूंसों और डंडों से बेरहमी से पीटा तथा शोर न मचा सके इसके लिए उसके मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। इसके बाद दहेज की मांग पूरी न होने पर घर में न रखने और जान से मारने की धमकी देते हुए उसे घर से निकाल दिया।

पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि ससुराल वाले उसका मोबाइल फोन छीन लेते थे और मायके वालों से बात नहीं करने देते थे। इस संबंध में पहले उसके भाई पुष्पेंद्र सिंह ने थाना फरधान में प्रार्थना पत्र भी दिया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच एसआई अरुण कुमार गिरी को सौंप दी है। पुलिस का कहना है कि जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# इंस्टाग्राम आईडी हैक कर युवती की तस्वीरों से छेड़छाड़

- सोशल मीडिया पर वायरल करने का आरोप
- सीतापुर निवासी युवक पर रिपोर्ट दर्ज, जांच शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** शहर की युवती की इंस्टाग्राम आईडी हैक कर आरोपी ने उसकी तस्वीरों के साथ छेड़छाड़ कर वायरल कर दिया। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर प्रकरण की जांच शुरू कर दी।

शहर निवासी एक युवती ने बताया कि उनकी इंस्टाग्राम आईडी है। आरोप है कि सीतापुर जिले के अटरिया क्षेत्र के ग्राम गढ़ी रावा निवासी मनोज शर्मा ने उनकी इंस्टाग्राम आईडी हैक कर ली। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उनकी आईडी का पासवर्ड बदल दिया, जिससे वह अपने अकाउंट में लॉगिन नहीं कर पा रही हैं। इतना ही नहीं आरोपी ने उनकी कुछ तस्वीरों के साथ छेड़छाड़ कर अशोभनीय फोटो व वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए, जिससे उनकी सामाजिक छवि धूमिल हो रही है। पीड़िता ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने और सोशल मीडिया पर वायरल पोस्ट हटवाने की मांग की है। कोतवाली सदर पुलिस ने तहरीर के आधार पर आईटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच एसआई दिनेश शर्मा को सौंप दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## निजी अस्पताल पर लापरवाही का आरोप

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** सीएचसी अधीक्षक डॉ. गणेश कुमार को दिए पत्र में पुनर्भूग्रंट निवासी मरीज के बेटे अनिल कुमार ने बताया कि चार मार्च को उसके पिता माखन लाल अलीगंज रोड पर एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे। उसने कई अस्पतालों में इलाज कराया लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ। आरोप लगाया कि तब एक अज्ञात व्यक्ति ने बहला फुसलाकर उसके पिता को नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती करावा दिया। डॉक्टर ने इलाज के नाम पर 50 हजार रुपए ले लिए और आरोप है कि उसके पिता की टांग काट दी। हालत बिगड़ने पर डॉक्टर और स्टाफ ने उनके पिता को अस्पताल से बाहर निकाल दिया। सीएचसी अधीक्षक ने बताया कि शिकायत मिली है, अस्पताल रजिस्टर्ड है। मामले की जांच कराकर कार्रवाई कराई जाएगी।

# बांसगांव में पेयजल की किल्लत

- कई हफ्तों से गांव में पानी की सप्लाई ठप
- गावों में जगह-जगह हो रहा पानी का रिसाव

संवाददाता, बिलहरी

**अमृत विचार:** ब्लॉक कुम्भी गोला क्षेत्र की ग्राम पंचायत बांसगांव में जल जीवन मिशन के तहत बनाई गई पानी की टंकी इन दिनों सिर्फ शोपीस बनकर रह गई है। कई सप्ता से जलापूर्ति न होने से ग्रामीण स्वच्छ पेयजल को तरस रहे हैं।

बांसगांव में बनी पानी की टंकी से बसही, कंधरापुर और बांसगांव में पानी की सप्लाई का जिम्मा है। होली से लगभग एक हफ्ते पहले से इन गांवों में पानी की सप्लाई पूरी तरह चालू नहीं हो पा रही है, जिससे ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत में हर घर तक पाइप लाइन और टोटी तो लगा दी गई है, लेकिन इन टोटियों से एक बूंद भी पानी नहीं निकल रहा है। दिन में कभी 25 मिनट कभी 20 मिनट पानी चालू करके खानापूर्ति की जा रही है। करोड़ों रुपये खर्च कर बनाई गई योजना का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है।

इस समय रमजान का महीना चल रहा है। ऐसे में रोजेदारों को पानी की अधिक आवश्यकता होती है। इसके बावजूद गांव में पानी की सप्लाई सही तरीके से न होने से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार संबंधित कर्मचारियों को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से जल्द ही पानी की सप्लाई बहाल कराने की मांग की है, ताकि लोगों को राहत मिल सके और जल जीवन मिशन का उद्देश्य पूरा हो सके।

> जल जीवन मिशन का बहुत ही बुरा हाल है। गांवों में पानी नहीं आ रहा है, हमारे गांव में टंकी कई महीनों से अधूरी बनी पड़ी है।उच्च अधिकारियों को भी अवगत कराया जा चुका है, किंतु किसी ने ध्यान नहीं दिया है।
>
> **-सोमनाथ मिश्र,** ग्राम प्रधान बांसगांव

> जल जीवन मिशन का ब्लाक से कोई लेना देना नहीं है। न ही ब्लाक के अंडर में पानी की टंकियां बनाई गईं हैं। उनका विभाग अलग है।
>
> **-अवनीश त्रिपाठी,** एडीओ पंचायत ब्लॉक कुम्भी गोला

## गृह कलह से क्षुब्ध युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**पलिया कलां, अमृत विचार:** पलिया नगर के मोहल्ला किसान-दो में घरेलू विवाद के बाद एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। नगर में प्रेम डिश वाले के नाम से मशहूर रहे दिवंगत व्यक्ति के बड़े पुत्र 45 वर्षीय मनीष कुमार ने सोमवार दोपहर घर में किसी बात को लेकर हुए विवाद के बाद कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। घटना की जानकारी होते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों के मुताबिक मनीष कुमार लंबे समय से शराब पीने का आदी था और उसकी आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं थी। बताया जा रहा है कि सोमवार को घर में किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी, जिसके बाद उसने यह कदम उठा लिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## न्यूज डायरी

### श्री शिव पुराण कथा में सुनाया शिवलिंग उत्पत्ति का प्रसंग



**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** मुन्नूगंज मोहल्ले में श्री शिव पुराण कथा में कथाव्यास ने शिवलिंग की उत्पत्ति एवं शिव भक्ति की महिमा की वर्णन किया। नगर के मुन्नूगंज मोहल्ले में सोमवार को शुरू हुई शिव पुराण की कथा में कथा व्यास विष्णु शरण जी महाराज ने भगवान भोलेनाथ के पूजन में बिल्व पत्र, भस्म एवं रुद्राक्ष की महिमा, शिवलिंग की उत्पत्ति, शिवलिंग की स्थापना का महत्व एवं पूजन करने का विधान बताया। सुनाया कि शिवलिंग को निर्गुण, निराकार, ब्रह्म का प्रतीक माना जाता है, जो सृष्टि के सृजन और विनाश का सूचक है। कथा का आरंभ आयोजक शिल्पी गुप्ता, मौसम गुप्ता, पारस गुप्ता आदि ने पूजन, आरती कर कराया।

### रोजा इफ्तार पार्टी में सैकड़ों रोजेदार हुए शामिल



**संवाददाता, मैलानी, अमृत विचार :** रमजान मुबारक का महीना बरकतों का महीना है। तरह-तरह के पकवान बनाकर जामा मस्जिद में रोजा इफ्तार कराया गया। नगर के मेन मार्केट की जामा मस्जिद में रासिद हासिम, हाजी नसीम, फैजल, आजम, जैद, शाहरुख के सहयोग से रोजा इफ्तार की व्यवस्था की। सैकड़ो रोजेदारों ने रोजा इफ्तार किया। इसके बाद अजान देकर मगरिब की नमाज अदा की। नमाज के बाद मौलाना अब्दुल कादिर ने देश में अमन-चैन तरक्की और भाईचारे की दुआ की। रोजा इफ्तार में हाफ़िज़ इलियास, सोहेल, साहिल, अरशद, सैफ, मुन्ना, गजफ्फर, दिलशाद हुसैन, शाहरुख सलमानी, सलीम अंसारी, जुल्फी सहित सैकड़ों रोजेदार मौजूद रहे।

### कुकरा में रोजा इफ्तार पार्टी में की गई खुशहाली की दुआ



**कुकरा, अमृत विचार :** बरकत अली अंसारी के नूरचश्म अनवारुल हक अंसारी की जानिब से उनके आवास पर रिजवान अंसारी, एहतसामुल हक अंसारी, सलमान अंसारी ने रोजा इफ्तार कराया। रोजादारों ने देश में अमन चैन रहने, तरक्की के लिए तथा आपसी भाईचारे की दुआ की। मुख्य अतिथि मौलाना मरगूब कासमी, हाफिज अबू हुजेफा ने खिताब करते हुए रमजान उल मुबारक के पाक महीने की खुशूसियात व अहमियत पर रोशनी डाली। इस मौके पर मदरसा दारूल उलूम के प्रिंसिपल बली मोहम्मद गाजी, इखलाक खान, शफीक खान, फजलुर्रहमान, नियामत अली सिद्दीकी, रईस आलम, हारून अंसारी, परवेज खान, शबवन खान, सलमान अंसारी, सुफियान अंसारी, इसराज अंसारी, हामिद अंसारी आदि रोजेदारों ने शिरकत की।

# युवक की हत्या का खुलासा, 5 गिरफ्तार

- भीरा थाना क्षेत्र के नौसर जोगी में युवक की पीटकर की गई थी हत्या

संवाददाता, भानपुर/भीरा



भीरा थान में पुलिस गिरफ्त में हत्या के आरोपी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** भीरा थाना क्षेत्र के नौसर जोगी गांव में घरेलू विवाद के बाद युवक की पीट-पीटकर हत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने सोमवार को पांचों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों को अलग-अलग स्थानों से पकड़ने में सफलता हासिल की और उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल भी बरामद किया।

गांव नौसर जोगी निवासी रामसेवक (50) की शुक्रवार को घरेलू विवाद के दौरान लाठी-डंडों से पीटकर बेदम कर दिया गया था। गंभीर रूप से घायल रामसेवक को परिजन बिजुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। शनिवार को करीब चार बजे पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही रामसेवक का शव गांव पहुंचा, परिवार में कोहराम मच गया। परिजन और ग्रामीण आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर आक्रोशित हो गए और अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। हालांकि पुलिस के समझाने और कार्रवाई का आश्वासन पर देर शाम परिजन माने थे। इससे शव का तीसरे दिन अंतिम संस्कार हुआ था।

एसओ रोहित दुबे ने बताया कि पुलिस ने घटना में शामिल पूरनलाल, अवशेष उर्फ अभिषेक निवासी नौसर जोगी, रामलोटन उर्फ राजकुमार निवासी डिमरौल, नीरज और सतेंद्र निवासी बीबीपुर थाना भीरा को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में नीरज के कब्जे से घटना में इस्तेमाल किया गया लकड़ी का पटरा बरामद किया गया है। इसी पटरे से वार कर युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था, जिसके बाद उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने सभी आरोपियों का चालान भेजा है।

## 18वें रोजे पर मुकम्मल हुआ कुरआन शरीफ

**फूलबेहड़, अमृत विचार:** हाफिज मोहम्मद यासिर रजा ने रमजान के पहले रोजे से तरावीह की नमाज में कुरआन शरीफ सुनाना शुरू किया था। 18 दिन उन्होंने तरावीह में कुरआन शरीफ का पाठ किया और 18वें रोजे पर मुकम्मल कर दिया। इस पर नमाजियों और ग्रामीणों ने खुशी जताई। गांव के लोगों ने हाफिज मोहम्मद यासिर रजा को फूल-मालाएं पहनाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। लोगों ने कहा कि रमजान का महीना इबादत, सब्र और भाईचारे का पैगाम देता है। ग्रामीणों ने दुआ करते हुए मुल्क में अमन-चैन और खुशहाली की कामना की। बड़ी संख्या में नमाजी व ग्रामीण मौजूद रहे।

# दबंगों ने महिला और परिजनों को मारा-पीटा

- खेत में शराब पीने से मना करने पर की मारपीट

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र की मुस्तफाबाद चौकी अंतर्गत गांव गोपालापुर में खेत में शराब पीने से मना करने पर महिला और उसके परिवार के साथ मारपीट की गई। पीड़िता ने आरोपियों के साथ ही चौकी पुलिस पर भी गंभीर आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

गोपालापुर निवासी सुषमा पुत्री जसकरन लाल ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि दो मार्च की शाम गांव के रंजीत, संतोष और अमित उसके खेत में शराब पी रहे थे। जब उसने विरोध किया तो तीनों गाली-देने लगे। इसके बाद आरोपी उसके घर में घुस आए और उसे, उसकी मां सावित्री और बहन सुनीता को लात घूसों से पीटकर घायल कर दिया। सुषमा का कहना है कि घटना की शिकायत लेकर वह मुस्तफाबाद चौकी पहुंची, लेकिन वहां मौजूद दरोगा ने विपक्षियों से सांठगांठ कर उल्टा उसे ही डांटकर चौकी से भगा दिया। पीड़िता का आरोप है कि दरोगा ने उसकी बुजुर्ग मां से आरोपियों के पैर तक छुवाए और चेतावनी दी कि यदि कहीं शिकायत की तो जेल भेज दिया जाएगा। न्याय न मिलने पर पीड़िता ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।कोतवाल अम्बर सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच कराई जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# रेलवे क्रॉसिंग के पास घर में लाखों की चोरी

- एक लाख 35 हजार रुपये, जेवर समेत ले गए कीमती सामान

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** भंसडिया रेलवे क्रॉसिंग के पास एक मकान में घुसकर नकदी समेत लाखों रुपये के सामान चोर कर लिया। घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई है, जिससे पुलिस की गश्त व्यवस्था पर सवाल खड़े होने लगे हैं।

मोहल्ला शांति नगर गढ़ी रोड निवासी राजीव कुमार दीक्षित ने बताया कि उनका मकान भंसडिया रेलवे क्रॉसिंग के पास है। 1 मार्च 2026 की सुबह करीब 4 से 5 बजे के बीच घर से करीब 1 लाख 35 हजार रुपये, एक जोड़ी पायल, लॉकेट और अन्य कीमती घरेलू सामान चोर ले गए। बताया जा रहा है कि चोरी की घटना सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गई है, जिसमें संदिग्ध गतिविधियां दिखाई दे रही हैं। घटना के बाद लोगों में दहशत है। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में रात के समय पुलिस की गश्त लगभग न के बराबर है, जिसका फायदा उठाकर चोर आसानी से वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। आरोप है कि यदि नियमित गश्त होती तो शायद घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता था। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान कर जल्द ही उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। हालांकि लगातार हो रही चोरी की घटनाओं ने पुलिस की कार्यप्रणाली और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

डी.पी.पी. डिग्री कालेज
धनकुना, पीलीभीत
आवश्यकता है
● बी.ए. राजनीति शास्त्र
शिक्षण हेतु प्रवक्ता-01 पद
● बी.ए. संस्कृत
शिक्षण हेतु प्रवक्ता-01 पद
योग्यता : यू.जी.सी. के मानकानुसार
प्रबन्धक मो. 7060007653

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे भू-अभिलेख/खतौनी व आधार कार्ड में मेरा नाम सोयव अंकित है अब मैंने अपनी स्वेच्छा से अपना नाम स्थायी रूप से बदलकर सुहैल रख लिया है। भविष्य में मुझे सुहैल के नाम से जाना व पहचाना जाए। सुहैल पुत्र मुनव्वर नि. ग्राम दियुहिया पो. भावलखेड़ा, तह. व जिला शाहजहांपुर मो. 6386822824

Asim College of Law
Meera Sarai Sheikhupur Road, Budaun (UP)
Requirement
Principal
Eligibility: LL.M. and Ph.d.
with 15 Years Teaching Experience
Assistant Professor (Law)
Eligibility: LL.M. and Ph.d. or NET
Assistant Professor (B.A.)
Subjects: Sociology, Political Science, Economics, English and History
Eligibility: M.A. and Ph.d. or NET
Interested candidate may submit their updated Resume along with relevant documents within15 days.
Note: Kindly send the resume at career.asmdc@gmail.com and mentioned the post of the SUBJECT column.
Ph. No. 724990233, 9410643446

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### चार पर रिपोर्ट दर्ज

**कैला देवी, अमृत विचार :** मल्लाह की मढ़ेया गांव निवासी विजय सिंह ने अपने भाई अतर सिंह को धारदार हथियार से हमला करने के मामले में गांव के ही नवल सिंह, सत्यवीर, मोहित, दानवीर, के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दंपती व दो बच्चे घायल

**संभल,अमृत विचार :** गांव करारी निवासी सत्यवीर अपनी पत्नी रंजना, बेटे रवि और बेटी साक्षी के साथ बाइक से गाजियाबाद जा रहे थे। दिल्ली-हसनपुर रोड पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। चारों लोग सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया।

### चाचा-भतीजे की हत्या में दो दोषी करार

**निगोही/शाहजहांपुर, अमृत विचार :** अदालत ने चाचा भतीजे की हत्या में दो सगे भाईयों को दोषी करार दिया है। एक-दो दिन में इन्हें सजा सुनाई जाएगी। निगोही कस्बे में साल 2017 में सुबह लगभग आठ बजे सगे भाई संतोष और आशुतोष ने अपने ही परिवार के मुनीष उर्फ गोलू व सोनू की गोली मारकर हत्या कर दी थी। तीन वीघा जमीन को लेकर चल रहे विवाद में इस घटना को अंजाम दिया गया था। पुलिस ने जांच करने के बाद विवेचना कर चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की। सुनवाई के बाद कोर्ट ने सोमवार को हत्यारोपी भाई संतोष और आशुतोष को दोषी करार दिया। इसी केस में तीसरे आरोपी दिनेश को कोर्ट ने बरी कर दिया है।

### मारपीट और धमकी देने का आरोप, शिकायत

**पुवायां, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ढकिया खुर्द निवासी करन पुत्र तेजराम ने कुछ लोगों पर गाली गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने उसके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए मारपीट की और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। घटना के बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। बताया गया कि मारपीट का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घटना की जानकारी सोमवार दोपहर करीब तीन बजे सामने आई। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मारपीट के बाद युवक ने फंदा लगाया

## गांव में 450 गज के एक प्लॉट को लेकर लंबे समय से दो पक्षों में चल रहा है विवाद

- परिजनों ने कहा, पिटाई से आहत होकर अशोक ने जान दी
- पुलिस के अनुसार, अशोक की मां ने प्लॉट नवाब सिंह को बेच दिया था

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार :** गुन्नौर तहसील क्षेत्र के गांव में जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट के बाद युवक ने फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।


मृतक अशोक यादव।

थाना जुनावई क्षेत्र के गांव नंदपुर में सोमवार दोपहर डायल 112 पुलिस को सूचना दी गई कि अशोक यादव (32) का शव उसके घर में फंदे से लटका है। पुलिस जब तक गांव पहुंची, तब तक परिजन युवक के शव को फंदे से उतार चुके थे। परिजन जिंदगी की आस में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि


जुनावई में प्लॉट जिसकी बुनियाद भरने को लेकर विवाद हुआ। ● अमृत विचार

अशोक की मां कमलिया और गांव निवासी नवाब सिंह के बीच करीब 450 गज के प्लॉट को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। आरोप है कि सोमवार को जमीन की नींव खोदने के दौरान विवाद शुरू हुआ। एक पक्ष जमीन की बुनियाद खोद रहा था जबकि दूसरा पक्ष विरोध कर रहा था। दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। परिजनों का आरोप है कि नवाब सिंह पक्ष के दबंगों ने अशोक यादव के साथ मारपीट की, जिससे आहत होकर उसने घर जाकर फंदा लगा कर जान दे दी। परिवार के लोगों का यह भी आरोप है कि आरोपियों ने घर में घुसकर तोड़फोड़ की और एक नाबालिग के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की। मारपीट का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें प्लॉट पर विवाद और हाथापाई होती दिखाई दे रही है। मृतक के भाई अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि नवाब सिंह ने उसके भाई अशोक के साथ मारपीट की थी। इसी से आहत होकर उसने आत्मघाती कदम उठा लिया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि घटना के समय पुलिस ने उनके परिवार के तीन लोगों को थाने में बैठा लिया था और अशोक घर पर अकेला था। वहीं थाना प्रभारी अखिलेश प्रधान ने बताया कि वर्ष 2018 में अशोक की मां द्वारा प्लॉट नवाब सिंह को बेचा गया था। अब कब्जे को लेकर दोनों पक्षों में विवाद चल रहा है। कभी अशोक के परिवार के लोग वहां पशु बांध देते थे तो कभी किसी अन्य बात को लेकर झगड़ा हो जाता था।

बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है। बताया कि मामले कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और परिजनों की तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## तेज धमाके के साथ इलेक्ट्रिक स्कूटी में लगी आग


गवां मार्ग पर जलती इलेक्ट्रिक स्कूटी।

**संभल/ कैला देवी, अमृत विचार:** गौहत गांव निवासी जसवीर मंगलवार को इलेक्ट्रिक स्कूटी से रझेड़ा सलेमपुर जा रहा था। अचानक स्कूटी से तेज धमाका हुआ और धुआं निकलने लगा।

जसवीर घबरा गया और तुरंत स्कूटी खड़ीकर भाग गया। कुछ ही क्षणों में स्कूटी में आग लग गई। लोगों ने पानी और मिट्टी डालकर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन कुछ ही देर में स्कूटी जल गई। जसवीर ने बताया कि दो दिन पहले ही उसने स्कूटी में अमरोहा के ढवारसी कस्बे में एक मैकेनिक से नई बैटरी डलवाई थी। संभवतः शॉर्ट सर्किट के कारण स्कूटी में आग लग गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली।

# भूमि विवाद में गर्भवती बहू और सास पर हमला

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचारः** मिलकखानम थाना क्षेत्र के गांव मुश्तरबाद में जमीन के बंटवारे को लेकर चल रहे पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि परिवार के ही कुछ लोगों ने घर में घुसकर गर्भवती बहू और उसकी बुजुर्ग सास के साथ मारपीट की। हमले में सास का पैर टूट गया, जबकि गर्भवती महिला के सिर में गंभीर चोट आई है।

गांव मुश्तरबाद निवासी राजकुमारी ने मिलकखानम पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि परिवार में जमीन के बंटवारे को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा था। इसी रंजिश के चलते चचेरे देवर लाखन, सतवीर, द्रोपदी और भूरी समेत अन्य परिजन घर में घुस आए और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने राजकुमारी और उसकी बुजुर्ग सास केशरवती पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने केशरवती को बेरहमी से पीटा, जिससे उनका पैर टूट गया। वहीं गर्भवती राजकुमारी के सिर पर लोहे की पाटल से वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**विधवा व बेटी पर हमले में तीन पर रिपोर्ट दर्ज :** मसवासी, अमृत विचारः बाजपुर थाना क्षेत्र के संजय कॉलोनी निवासी विधवा सुखजिंदर कौर ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को शिकायती पत्र दिया था। शिकायत की है कि उसका खेत मसवासी चौकी क्षेत्र के गांव चौहद्दा कोसी नदी क्षेत्र में है। इसी गांव निवासी उलवंत दीप सिंह व हरपाल सिंह, नरेंद्र सिंह आदि ने उसके खेत में खनन के वाहन निकालने के लिए रास्ता बना लिया। इस मामले की सूचना उसे मिली तो वह अपनी छोटी बेटी अनुप्रीत कौर को साथ लेकर 13 फरवरी सुबह के समय खेत पर पहुंची और खेत में रास्ता बनाने का विरोध किया। क्षेत्राधिकारी अतुल पांडे के निर्देश पर थाना पुलिस ने उलवंत दीप सिंह, हरपाल सिंह, नरेंद्र सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बरातियों और घरातियों में मारपीट

संवाददाता हसनपुर

**अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बरात चढ़त के दौरान डांस को लेकर घरातियों एवं बरातियों में मारपीट हो गई। देर रात ग्रामीणों ने दोनों में समझौता करा दिया। बरात विदा होने के बाद एक घराती को देख बरातियो को गुस्सा आ गया और उसके साथ मारपीट करने लगे। घराती एक दुकान में घुस गया, तो बरातियों ने दुकानदार के साथ मारपीट, तोड़फोड़ की। दुकानदार ने तहरीर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मंगरौली निवासी नौसिंह की पुत्री की बरात संभल के गांव शेखुपुरा से रविवार को आई थी। चढ़त के दौरान डांस को लेकर बरातियों एवं घरातियों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई लेकिन ग्रामीणों ने देर रात दोनों पक्षों में समझौता कर दिया गया। सुबह लड़की पक्ष ने विधि विधान के साथ बरात को विदा किया। बरातियों


तोड़फोड़ की जानकारी देता दुकानदार। ● अमृत विचार

- बरातियों ने एक दुकान में की तोड़फोड़, तहरीर दी गई

से भरी कैंटर गाड़ी अलीगढ़ मार्ग पर स्थित हथियाखेड़ा गांव के अड्डे पर पहुंची तो बरातियों को सड़क किनारे एक घराती गुरमीत पुत्र प्रमोद खड़ा दिखाई दे गया। बरातियों ने गाड़ी रुकवा कर गुरमीत को पकड़ लिया और मारपीट करने लगे। गुरमीतअपनी जान बचाने के लिए संजय निवासी हथिया खेड़ा की फोटोग्राफी की दुकान में घुस गया। बरातियों ने दुकान में घुसकर उसके साथ मारपीट की और दुकान में भी तोड़फोड़ कर दी। दुकानदार संजय ने बताया गया कि बरातियों द्वारा दुकान में रखा प्रिंटर, एलईडी लैपटॉप एवं काउंटर को तोड़ दिया गया है जो लगभग साठ हजार रुपए का नुकसान दुकानदार के द्वारा बताया गया है। जब इस बारे में वरिष्ठ उप निरीक्षक अमित कुमार से बात की तो उन्होंने बताया मामला जानकारी में है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# गांव बेरीखेड़ा में सरकारी जमीन पर लगाई गई डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा हटवाई

संवाददाता,चंदौसी

**अमृत विचार :** थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव बेरीखेड़ा में चार दिन पूर्व कुछ लोगों ने सरकारी जमीन पर डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित कर दी। शिकायत के बाद प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा और बिना अनुमति प्रतिमा लगाई गई प्रतिमा को हटवा दिया।

ग्रामीणों के अनुसार दलित समाज के कुछ लोगों ने सरकारी जमीन पर डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित कर दी थी। सोमवार को उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी, क्षेत्राधिकारी दीपक तिवारी और थाना बनियाठेर प्रभारी मनोज वर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। उपजिलाधिकारी ने प्रतिमा स्थापित करने वालों से प्रशासनिक अनुमति


बेरीखेड़ा गांव में जांच पड़ताल करते एसडीएम, सीओ, थाना प्रभारी। ● अमृत विचार

के बारे में पूछा। संतोषजनक जवाब न मिलने पर उन्होंने प्रतिमा हटाने के निर्देश दिए। इसके बाद पुलिस ने प्रतिमा को हटवाकर मौके पर मौजूद वाहन में रखवाया और थाना बनियाठेर ले आई।

प्रतिमा हटाने की कार्रवाई के दौरान मौके पर काफी संख्या में महिलाएं भी एकत्र हो गईं।

महिलाओं का कहना था कि उसी स्थान के एक कोने में मंदिर बना हुआ है। क्या मंदिर बनाने के लिए प्रशासन से अनुमति ली गई थी। इस पर उपजिलाधिकारी आशुतोष

- एसडीएम, सीओ और थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ पहुंचे

तिवारी ने स्पष्ट कहा कि बिना प्रशासन की अनुमति के किसी भी प्रकार की नई परंपरा शुरू नहीं होने दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि जिस स्थान पर प्रतिमा लगाई गई थी, वह सरकारी खाद के गड्ढे की जमीन है और वहां इस प्रकार की स्थापना करना नियमों के अनुरूप नहीं है। फिलहाल तहसील प्रशासन और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभालते हुए मामला शांत कराया और गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। इस दौरान तहसीलदार रवि सोनकर, हल्का लेखपाल संजीव कुमार सहित पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

### हिंदू युवा वाहिनी ने जताई नाराजगी

**तिलहर, अमृत विचार :** क्षेत्र में नेशनल हाईवे स्थित काच्यानी खेड़ा हनुमान मंदिर के पास अवैध मीट की दुकान संचालित होने को लेकर हिंदू युवा वाहिनी ने नाराजगी जताई है। संगठन के जिला महामंत्री नीरज कुमार ने कोतवाली प्रभारी जुगल किशोर पाल को शिकायती पत्र देकर मंदिर के पास से मीट की दुकान हटाने की मांग की। नीरज कुमार ने आरोप लगाया कि प्रसिद्ध काच्यानी खेड़ा हनुमान मंदिर से लगभग 150 मीटर की दूरी पर अवैध रूप से मीट की दुकानें चल रही हैं, जहां खुलेआम मुर्गे और बकरे काटे जा रहे हैं। उनका कहना है कि इस कारण मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं और आम लोगों में आक्रोश की स्थिति है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने जल्द कार्रवाई नहीं की तो संगठन आगे की रणनीति बनाने को मजबूर होगा। इस मामले में कोतवाली प्रभारी जुगल किशोर पाल ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद जांच की गई है।

# तहसील सदर का लेखपाल 10 हजार रिश्वत लेते दबोचा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** सदर तहसील के लेखपाल को सोमवार की शाम एंटी करप्शन की टीम ने 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि लेखपाल हैसियत प्रमाण पत्र पर रिपोर्ट लगाने के नाम पर रिश्वत मांग रहा था। आरोपी लेखपाल के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है। भ्रष्टाचार निवारण संगठन के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह ने बताया कि सुभाष नगर थाना क्षेत्र के भारतेंद्र सिंह सोनकर ने शिकायत की थी कि उन्होंने पत्नी का हैसियत प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आवेदन किया था। आरोप है कि सदर तहसील का लेखपाल महेश कुमार रिपोर्ट लगाने के नाम पर 10 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा था। शिकायत मिलने पर एंटी करप्शन की टीम ने लेखपाल को रंगे हाथ पकड़ने के लिए जाल बिछाया। डीएम से अनुमति लेने के बाद सोमवार की शाम करीब 5:30 बजे तहसील सदर के गेट के पास रोजगार कार्यालय के नजदीक आरोपी लेखपाल महेश कुमार को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया लेखपाल महेश कुमार जनपद बांदा के थाना मटोध के गांव वसहरि का रहने वाला है। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद कोतवाली लाकर उससे पूछताछ की गई। कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

# मटर फैक्ट्री में गैस रिसाव की जांच

संवाददाता मंडी धनौरा

**अमृत विचारः** गांव चुचौला कलां की मटर फैक्ट्री में रविवार को हुए गैस रिसाव प्रकरण के बाद सोमवार को प्रशासन सक्रिय नजर आया। एसडीएम विभा श्रीवास्तव के नेतृत्व में बिजनौर से आई प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम, लेबर इंस्पेक्टर, नायब तहसीलदार और अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने फैक्ट्री पहुंचकर निरीक्षण किया और घटना से संबंधित जानकारी ली। खामियां पाए जाने पर अधिकारियों ने फैक्ट्री प्रबंधन को कड़ी फटकार लगाते हुए सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने की चेतावनी दी।

टीम ने फैक्ट्री परिसर में गैस रिसाव की संभावित जगहों, सुरक्षा इंतजामों और गैस पाइपलाइन की बारीकी से जांच की। अधिकारियों ने फैक्ट्री प्रबंधन से गैस रिसाव के


निरीक्षण करतीं एसडीएम व प्रदूषण विभाग की टीम। ● अमृत विचार

कारणों की जानकारी ली और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सभी सुरक्षा मानकों का

- एसडीएम व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने किया निरीक्षण

सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए। फैक्ट्री प्रबंधन की ओर से दिए गए जवाब से एसडीएम संतुष्ट नहीं दिखीं और जल्द से जल्द कमियों को दूर करने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि रविवार शाम फैक्ट्री में गैस रिसाव हो गया था। आधा दर्जन मजदूरों की हालत बिगड़ गई थी और वे बेहोश हो गए थे। एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने बताया कि जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण टीम में फील्ड सहायक प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड रजनीश चौधरी, एसए प्रदूषण बोर्ड सुरेश त्रिपाठी, अग्निशमन अधिकारी कमलेश कुमार मिश्र, नायब तहसीलदार राजपाल सिंह तथा लेबर इंस्पेक्टर भी शामिल रहे।

## खसरा और रूबेला टीकाकरण अभियान शुरू

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जनपद के 5 वर्ष से 10 वर्ष के लक्षित बच्चों को एम आर के टीके लगाकर सोमवार को खसरा और रूबेला अभियान की शुरुआत की गई। इस अभियान के दौरान 5 वर्ष से 10 के लगभग 2.12 लाख बच्चों को सप्ताह के सोमवार, मंगलवार, बृहस्पतिवार व शुक्रवार को आंगनबाड़ी और आशा के माध्यम से बच्चों को बुलाकर टीकाकरण किए जाएंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सोमवार को जनपद के अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जलीकोठी पर 5 से 10 वर्ष के बच्चों को एम आर के टीके लगाकर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विवेक कुमार मिश्रा ने फीता काटकर किया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत करमपुर विकासखंड मीरगंज (बरेली)

### अल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त अधिकृत फर्मो/विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में ग्राम पंचायत करमपुर में मनरेगा योजना से निम्न निर्माण कार्य हेतु कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका सामग्री विवरण निम्नवत है-प्रथम श्रेणी ईट, बजरी, बजरफुट, सीमेंट,रेत,रोड़ी,सरिया व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत | योजना |
|---|---|---|---|
| 1. | भीमसेन के घर से उमराल के घर तक सीसी व नाली निर्माण | 373000/- | मनरेगा |
| 2. | तालाब से पंचायत घर तक सीसी व नाली निर्माण। | 395043/- | मनरेगा |

उक्त कार्य हेतु सीलबंद निविदाएं दिनांक 10.03.2026 से दिनांक 13.03.2026 दोपहर 1:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिनांक 13.03.2026 दोपहर 3:00 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है। किसी भी विवाद की स्थिति में ग्राम पंचायत का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

प्रधान - श्रीमती ऊषा देवी सचिव - श्रीमती श्वेता पाल

## कार्यालय ग्रा.प. लश्करपुर ओईया विकास खंड इस्लामनगर बदायूं

पत्रांक : मिमो/निविदा विज्ञाप्ति/2025-26 09.03.2026

### अल्पकालीन निविदा

समस्त सामग्री आपूर्ति यथा (सीमेंट, रेता, बजरी, बदरफुट ईट, इन्टरलाक, सरिया, एंगिल, टीन, पेन्ट, रोडा) आदि को सूचित किया जाता है कि मनरेगा, राज्य वित्त, खाद एवं रसद विभाग योजना, केन्द्र वित्त योजना (2025-26) के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से ग्राम पंचायत लश्करपुर ओईया विकास खण्ड इस्लामनगर बदायूं में निम्न कार्य हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। अतः समस्त संबंधित आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि निविदा की तारीख से सामग्री की दरे बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 12.03.2026 को शाम 3:00 बजे तक जमा करना सुनिश्चित करें व इसी दिवस को 4:00 बजे प्रधान व सचिव के सामने खोली जाएंगी कार्य का विवरण निम्न प्रकार है

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | खुशीराम की टंकी से गमदेवत तक खरंजा एवं नाली मरम्मत कार्य | प्रा. के अनुसार |
| 2. | चंद्रपाल के घर से तुलाराम के घर तक इंटरलॉकिंग नाली नि. कार्य | प्रा. के अनुसार |
| 3. | प्राथमिक विद्यालय में मरम्मत कार्य | प्रा. के अनुसार |
| 4. | प्रा. वि.में बाउंड्री मरम्मत व पुट्टी पेंटिंग कार्य | प्रा. के अनुसार |

सचिव प्रधान

## कार्यालय नगर पंचायत बरखेड़ा जनपद पीलीभीत

पत्रांक : 180/न.पं.ब./2025-26 दिनांक : 09.03.2026

### ई-निविदा सूचना

नगर पंचायत बरखेड़ा जनपद पीलीभीत द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य सेक्टर के ''सीवरेज एवं जल निकासी'' योजना के अन्तर्गत निकाय को प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत बरखेड़ा में कराये जाने वाले नाला निर्माण कार्यो की ई-निविदा प्रपत्र उ. प्र. की ई-प्रोक्योरमेन्ट की वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। निविदा खोले जाने की तिथि में यदि अवकाश होगा तो निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

| | | |
|---|---|---|
| बिड प्रकाशित होने की तिथि | 10.03.2026 | प्रातः 08:00 बजे |
| ऑन लाईन बिड अपलोड करने की तिथि | 10.03.2026 | प्रातः 10:00 बजे |
| बिड अपलोड करने की अन्तिम तिथि | 25.03.2026 | प्रातः 10:00 बजे तक |
| बिड खुलने की तिथि | 25.03.2026 | अपरान्ह 02 बजे |

(नागेन्द्र पाण्डेय) उपजिलाधिकारी बीसलपुर/ अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बरखेड़ा, पीलीभीत

(श्याम बिहारी भोजवाल) अध्यक्ष नगर पंचायत बरखेड़ा जनपद पीलीभीत

## उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद

कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक
122, सिविल लाइन्स, बरेली।

**सर्व साधारण को सूचना**

परिषद की जनकपुरी यो०सं० 3, बरेली में स्थित भूखण्ड सं0-239 आवास विकास परिषद द्वारा श्रीमती शीला देवी पत्नी स्व० श्री बनारसी दास के पक्ष में कार्यालय आदेश सं0-3783 दिनांक 14.6.1985 द्वारा अन्तरित किया जा चुका है तथा फ्री होल्ड जीड दिनांक 01.03.2007 को निष्पादित की जा चुकी है। श्रीमती शीला देवी द्वारा अपने जीवन काल में एक पंजीकृत वसीयत श्री हरीश चन्द्र एवं विजय कुमार पुत्रगण स्व० श्री बनारसी दास के पक्ष में कर दी थी जो प्रति पुस्तक सं०।।। खण्ड-12 के पृष्ठ सं०-183-194 क्रम सं0-163 दिनांक 11.08.1998 को उप निबन्धक कार्यालय, बरेली में दर्ज है। श्रीमती शीला देवी की मृत्यु दिनांक 02.04.2008 को हो चुकी है तथा श्री हरीश चन्द्र द्वारा अपने भाग का दान विलेख अपने पुत्र श्री पवन कुमार सचदेवा को कर दिया गया जो बही सं०-1 जिल्द संख्या-14093 के पृष्ठ सं0-73 से 90 तक क्रमांक 12220 पर दिनांक 26.08.2022 को उप निबन्धक कार्यालय, बरेली में दर्ज है। अब उक्त भूखण्ड का अन्तरण श्री विजय कुमार पुत्र स्व० श्री बनारसी दास एवं श्री पवन कुमार सचदेवा पुत्र श्री हरीश चन्द्र द्वारा संयुक्त रूप से अपने पक्ष में कराने हेतु परिषद नियमानुसार प्रपत्र ऑनलाईन प्रार्थना पत्र के माध्यम से कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं।

अतः एतद्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि परिषद की जनकपुरी यो०सं०-3, बरेली में स्थित भूखण्ड सं0-239 का अन्तरण श्री विजय कुमार पुत्र स्व० श्री बनारसी दास एवं श्री पवन कुमार सचदेवा पुत्र श्री हरीश चन्द्र के पक्ष में किया जाना है। भूखण्ड सं0 239 के अन्तरण में किसी प्रकार की यदि किसी व्यक्ति/ऋणदायी संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर कार्यालय में साक्ष्य सहित आपत्ति दाखिल कर सकते हैं। समय सीमा व्यतीत हो जाने के उपरान्त किसी भी आपत्ति पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा तथा तदनुसार सम्पत्ति का अन्तरण श्री विजय कुमार पुत्र स्व० श्री बनारसी दास एवं श्री पवन कुमार सचदेवा पुत्र श्री हरीश चन्द्र के पक्ष में करने की कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

**आज्ञा से सम्पत्ति प्रबन्धक**


# 104 केंद्रों पर हुई परीक्षा उर्दू में 30 ने छोड़ी परीक्षा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जिले में यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं कड़ी सुरक्षा के बीच चल रही हैं। सोमवार को जिले के 104 परीक्षा केंद्रों पर पहली और दूसरी पाली की परीक्षाएं बोर्ड की गाइड लाइन के अनुसार संपन्न हुईं। पहली पाली में हाईस्कूल उर्दू विषय की परीक्षा में कुल 435 छात्र पंजीकृत थे, जिनमें से 21 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे और 414 ने परीक्षा दी।

इसी पाली में इंटरमीडिएट उर्दू व पंजाबी भाषा विषयों की परीक्षा में 141 पंजीकृत छात्रों में से 09 छात्र अनुपस्थित पाए गए। जबकि 132 ने परीक्षा दी। डीआईओएस हरिवंश कुमार ने बताया की जिले में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा के लिए 126 केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षाएं अब समाप्ति की ओर हैं। सोमवार को केंद्रों पर दूसरी पाली में इंटरमीडिएट के मनोविज्ञान, शिक्षाशास्त्र व तर्कशास्त्र विषय का पेपर हुआ। इस पाली में परीक्षा के लिए कुल 5171 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 4771 छात्र परीक्षा में शामिल हुए और 400 ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा के दौरान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम रहे। जिले में सक्रिय सचल दलों फ्लाइंग स्क्वायड ने विभिन्न केंद्रों पर पहुंचकर सघन निरीक्षण किया और परीक्षार्थियों की तलाशी कराई। डीआईओएस ने बताया कि सभी केंद्रों पर परीक्षाएं पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो रही हैं। नकल रोकने के लिए सीसीटीवी कैमरों और वॉइस रिकॉर्डर के जरिए भी लगातार निगरानी की जा रही है।

## कटरा ओवरब्रिज के पास लगी हाईमास्ट लाइट बंद

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मीरानपुर कटरा नगर के ओवर ब्रिज के पास लगा ऊंचा हाईमास्ट लाइट का खंभा लंबे समय से बंद पड़ा है। रात के समय इस लाइट के न जलने से पूरा चौराहा अंधेरे में डूब जाता है, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ओवरब्रिज के पास स्थित यह हाईमास्ट लाइट रोशनी का मुख्य साधन है, लेकिन इसके खराब होने के कारण आसपास के सड़क मार्ग पर पर्याप्त प्रकाश नहीं मिल पा रहा है। इससे रात के समय गुजरने वाले वाहन चालकों को सड़क का सही अंदाजा नहीं लग पाता और दुर्घटना का खतरा बना रहता है। स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों का कहना है कि काफी समय से यह हाईमास्ट लाइट खराब पड़ी है, लेकिन अभी तक संबंधित विभाग ने इसे ठीक कराने की कोई पहल नहीं की है।

# कुत्तों ने 14 लोगों को काटकर किया घायल

संवाददाता,चंदौसी

**अमृत विचारः** आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। सोमवार को शहर के अलग-अलग स्थानों पर कुत्तों के हमले में करीब 14 लोग घायल हो गए। संयुक्त चिकित्सालय में सभी को एंटी रेबीज के इंजेक्शन लगाए गए।

बिसौली गेट क्षेत्र में कुत्तों के झुंड ने राह चलते लोगों को दौड़ाकर काटा जिससे अफरा-तफरी का माहौल बन गया। वहीं संभल गेट क्षेत्र में भी कुत्तों ने राहगीरों पर हमला कर दिया। कई लोग घायल हो गए। घायलों को संयुक्त चिकित्सालय में बैक्सीन लगाई गई। लोगों का कहना है कि कुत्तों के झुंड घूमते रहते हैं, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों के लिए खतरा बना रहता है। जिलाधिकारी ने नगर क्षेत्र में कुत्तों की गणना कर उन्हें शेल्टर हाउस भेजने के निर्देश दिए थे, लेकिन अभी तक स्थिति में कोई खास सुधार नहीं हुआ है।


सीएचसी में बैक्सीन लगवाता घायल व्यक्ति। ● अमृत विचार

न्यूज ब्रीफ

### प्रेरणा कैंटीन से जुड़कर 10 हजार से अधिक महिलाएं बनीं लखपति

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में शुरू की गई प्रेरणा कैंटीन योजना के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से संचालित इस पहल के माध्यम से अब तक 10 हजार से अधिक महिलाएं लखपति बन चुकी हैं। प्रदेश के विभिन्न जिलों में संचालित इन कैंटीनों ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का सशक्त माध्यम प्रदान किया है। प्रदेश में वर्तमान में 2100 से अधिक प्रेरणा कैंटीन संचालित हो रही हैं। इनका संचालन स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं कर रही हैं, जिससे उन्हें स्थानीय स्तर पर रोजगार के साथ स्थायी आय का स्रोत मिला है। इससे न केवल महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है, बल्कि उनके आत्मविश्वास और सामाजिक भागीदारी में भी वृद्धि हुई है। प्रेरणा कैंटीन का संचालन जिलाधिकारी कार्यालय, मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय और विकासखंड कार्यालयों के साथ-साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में किया जा रहा है। इन कैंटीनों में सरकारी कर्मचारियों, मरीजों और उनके परिजनों को स्वच्छ और किफायती भोजन उपलब्ध कराया जाता है। इससे लोगों को बेहतर सुविधा मिल रही है और महिलाओं की आय भी निरंतर बढ़ रही है।

### बीसी सखी कार्यक्रम में यूपी देश में अव्वल

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत संचालित बीसी सखी (बैंकिंग कॉरेस्पॉन्डेंट सखी) कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाएं तेजी से पहुंच रही हैं। इस पहल के जरिए महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ ग्रामीणों को गांव में ही बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। कार्यक्रम के संचालन में उत्तर प्रदेश पूरे देश में पहले स्थान पर है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशन में चल रहे इस अभियान के तहत स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को प्रशिक्षित कर बीसी सखी बनाया गया है। वर्तमान में प्रदेश में करीब 40 हजार बीसी सखियां सक्रिय हैं, जो गांवों में लोगों को नकद जमा-निकासी, आधार सक्षम भुगतान प्रणाली (एईपीएस) से लेन-देन, बैलेंस जांच और सरकारी योजनाओं में नामांकन जैसी सेवाएं दे रही हैं। मिशन निदेशक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन दीपा रंजन ने बताया कि बीसी सखियों के माध्यम से 40 हजार सखियों में अब तक 43,144 करोड़ रुपये से अधिक का वित्तीय लेन-देन हो चुका है।

### महिलाओं के साहस और संघर्ष को सलाम

**अमृत विचार, लखनऊ :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर किसान ट्रस्ट की ओर से 'अपराजिता सम्मान समारोह 2026' में ट्रस्टी चारू चौधरी ने कहा कि यह समारोह उन महिलाओं के साहस और संघर्ष को सम्मान देने का प्रयास है जो चुनौतियों के बावजूद समाज में नई राह बना रही हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में महिलाओं के साहस, संघर्ष और उपलब्धियों को सम्मानित करना तथा महिला सशक्तिकरण पर सार्थक संवाद को आगे बढ़ाना रहा। रालोद संस्थापक चौधरी चरण सिंह द्वारा स्थापित किसान ट्रस्ट की ट्रस्टी एवं कार्यक्रम आयोजक, दिल्ली में आयोजित अपराजिता सम्मान समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथि बोल रही थी, समारोह में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि भारत रत्न चौधरी चरण सिंह द्वारा स्थापित किसान ट्रस्ट समाज के विभिन्न वर्गों, खासकर एसिड अटैक सर्वाइवर महिलाओं को सहयोग देकर प्रेरणादायक कार्य कर रहा है। इस अवसर पर "रोजगार के माध्यम से सशक्तिकरण" विषय पर पैनल चर्चा भी आयोजित की गई, जिसमें एना रॉय, कांता सिंह, शिंजिनी कुमार और वरिष्ठ पत्रकार सलमा सुल्तान ने विचार साझा किए।

# विश्वविद्यालयों-महाविद्यालयों ने अधिक शुल्क लिया तो होगी वसूली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- समीक्षा बैठक में उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय के तेवर दिखे सख्त

**अमृत विचार :** परीक्षा शुल्क केवल शासनादेश में निर्धारित दरों के अनुसार ही लिया जाए। यदि किसी विश्वविद्यालय या संबद्ध कॉलेज की ओर से तय शुल्क से अधिक राशि वसूली जाती है तो उसका ऑडिट कराकर कार्रवाई की जाएगी। ये निर्देश सोमवार को राज्य विश्वविद्यालयों को उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने दिए।

मंत्री उपाध्याय ने सोमवार को विधानसभा स्थित अपने कार्यालय में समीक्षा बैठक की। इसमें उन्होंने विश्वविद्यालयों की शुल्क संरचना, परीक्षा शुल्क और वित्तीय प्रबंधन से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में लखनऊ विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध महाविद्यालयों द्वारा शासनादेश के विपरीत फीस लेने की शिकायतों पर भी विचार किया गया। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शिक्षा को सुलभ, सस्ता और पारदर्शी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। फीस में अनावश्यक बढ़ोतरी से गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई होती है, इसलिए विश्वविद्यालयों को छात्रहित को सर्वोपरि रखते हुए निर्णय लेने चाहिए।

उच्च शिक्षा मंत्री ने विश्वविद्यालयों को शासनादेशों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने और वित्तीय अनुशासन बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों को अपने संसाधनों को मजबूत करने, नए पाठ्यक्रम शुरू करने और वित्तीय प्रबंधन को बेहतर बनाने के प्रयास भी करने चाहिए, ताकि संस्थान आत्मनिर्भर बन सकें।बैठक में विश्वविद्यालयों की वित्तीय स्थिति, परीक्षा संचालन से जुड़ी चुनौतियों और संभावित समाधान पर भी चर्चा हुई। इस दौरान विधान परिषद सदस्य उमेश द्विवेदी, अवनीश कुमार सिंह, प्रमुख सचिव एम.पी. अग्रवाल, सचिव अमृत त्रिपाठी और लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### निर्धारित परीक्षा शुल्क

- राज्य विश्वविद्यालयों में परीक्षा शुल्क की समानता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए प्रति सेमेस्टर फीस निर्धारित की गई है। बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए, बीसीए, बीएड, बीपीएड, बीजेएमसी, बीएफए और बीवोक पाठ्यक्रमों के लिए 800 रुपये, एलएलबी, बीएससी एग्रीकल्चर (ऑनर्स), बीटेक और बायोटेक जैसे पाठ्यक्रमों के लिए 1000 रुपये तथा बीडीएस, नर्सिंग, बीएएमएस और बीयूएमएस पाठ्यक्रमों के लिए 1500 रुपये प्रति सेमेस्टर परीक्षा शुल्क तय किया गया है।


योगेंद्र उपाध्याय।

### शिकायतों के समाधान के लिए बिजली उपभोक्ताओं को भटकना न पड़ें

- **अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने कहा कि आमजन को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जनमानस की प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक रूप से भटकना न पड़े। ऊर्जा मंत्री, सोमवार को लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर जनसुनवाई के दौरान विभिन्न जिलों से आए लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। इस दौरान बिजली कनेक्शन, बिजली बिल संशोधन, सफाई व्यवस्था, सड़क निर्माण, जल निकासी और अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़े कई मामले सामने आए। मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को सभी शिकायतों का त्वरित, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में ऊर्जा और नगर विकास विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

### केजीबीवी वार्डनों का विशेष प्रशिक्षण शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं के लिए सुरक्षित और प्रेरक आवासीय वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वार्डनों का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार से शुरू हो गया। यह प्रशिक्षण प्रतापगढ़, गाजियाबाद और अयोध्या में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशनल प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन और भारत सरकार के सहयोग से किया जा रहा है। प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र में शिक्षा मंत्रालय के अंडर सेक्रेटरी रामनिवास ऑनलाइन माध्यम से जुड़े।

# गांवों के 20 लाख घरों को मिलेगा ब्रॉडबैंड

## 'प्रोजेक्ट गंगा' के तहत स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन और हिंदुजा ग्रुप की कंपनी के बीच एमओयू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** 'प्रोजेक्ट गंगा' के तहत गांवों में हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी के विस्तार के लिए स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन (एसटीसी) और हिंदुजा ग्रुप की सहायक कंपनी वनओटीटी एंटरटेनमेंट लिमिटेड के बीच सोमवार को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि तीन वर्षों में गांवों में 20 लाख से अधिक घरों तक हाई-स्पीड इंटरनेट पहुंचाने का लक्ष्य है, जिससे करीब एक करोड़ लोगों को लाभ मिलेगा। परियोजना से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से एक लाख से अधिक रोजगार के साथ 10 हजार डिजिटल उद्यमी भी बनेंगे।

- एक लाख से अधिक रोजगार के अवसर, 10 हजार डिजिटल उद्यमी

एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि यह एमओयू प्रदेश में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के साथ बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि 'प्रोजेक्ट गंगा' (गवर्नमेंट असिस्टेड नेटवर्क फॉर ग्रोथ एंड एडवांसमेंट) के तहत गांवों तक हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड पहुंचाने का लक्ष्य है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवाओं, शिक्षा-स्वास्थ्य और ऑनलाइन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। परियोजना के तहत न्याय पंचायत स्तर पर 8 से 10 हजार स्थानीय युवाओं को डिजिटल सेवा प्रदाता के रूप में विकसित किया जाएगा। इन युवाओं को प्रशिक्षण देकर गांवों में इंटरनेट सेवाओं के विस्तार के साथ डिजिटल सेवाएं उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी दी जाएगी। लगभग 50 प्रतिशत स्थान महिलाओं के लिए सुनिश्चित करने की योजना है।

कार्यक्रम में श्रम विभाग के प्रमुख सचिव शन्मुगा सुंदरम, एसटीसी के एसीईओ अक्षत वर्मा, हिंदुजा ग्रुप के प्रतिनिधि डॉ. एसके चड्ढा सहित परियोजना से जुड़े कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर से विकास की दिशा

- स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन के सीईओ मनोज कुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल हाईवे का महत्व कई मामलों में भौतिक एक्सप्रेसवे से भी अधिक हो गया है, क्योंकि यही विकास की नई दिशा तय कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह पहल डिजिटल डिवाइड और संभावित एआई डिवाइड को कम करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।



प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना को स्मृति चिह्न देते अधिकारी। अमृत विचार

### ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवाएं और रोजगार: फर्नांडीज

- हिंदुजा ग्लोबल सॉल्यूशंस लिमिटेड के डायरेक्टर विंसले फर्नांडीज ने कहा कि इस परियोजना के तहत प्रदेश में लगभग एक लाख रोजगार के अवसर सृजित करने का लक्ष्य है। वहीं वनओटीटी एंटरटेनमेंट लिमिटेड के चीफ बिजनेस ऑफिसर सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि परियोजना का उद्देश्य दूर-दराज के अंडर-सर्व्ड और अनसर्व्ड क्षेत्रों तक डिजिटल कनेक्टिविटी पहुंचाना है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवाओं का विस्तार हो सके और स्थानीय युवाओं को नए अवसर मिल सकें। उन्होंने कहा कि हाई-स्पीड इंटरनेट उपलब्ध होने से टेलीमेडिसिन, ऑनलाइन शिक्षा, डिजिटल स्किलिंग, ई-कॉमर्स और डिजिटल कंटेंट जैसे क्षेत्रों में नई संभावनाएं खुलेंगी। इससे ग्रामीण युवाओं को यूट्यूब और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से आय अर्जित करने के अवसर भी मिलेंगे।

# प्रदेश को फरवरी में मिला 18,412 करोड़ राजस्व

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में मुख्य कर व करेत्तर मदों से फरवरी 2026 में 18,412.25 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। यह फरवरी 2025 के मुकाबले 415.18 करोड़ रुपये अधिक है। यह जानकारी वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने सोमवार को दी।

वित्त मंत्री ने बताया कि फरवरी 2025 में इन मदों से 17,997.07 करोड़ रुपये का राजस्व मिला था, जबकि इस वर्ष फरवरी में यह बढ़कर 18,412.25 करोड़ रुपये हो गया। वहीं चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में फरवरी तक कर राजस्व के रूप में कुल 1,96,653.27 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई है, जो निर्धारित लक्ष्य का 73.2 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि जीएसटी के तहत फरवरी 2026 में 7,202.36 करोड़ रुपये का राजस्व मिला, जबकि फरवरी 2025 में यह 6,847.67 करोड़ रुपये था। वैट से फरवरी 2026 में 2,525.87 करोड़ रुपये प्राप्त हुए, जो पिछले वर्ष फरवरी में 2,530.76 करोड़ रुपये थे। इसी तरह आबकारी मद में फरवरी 2026 में 4,503.68 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जबकि फरवरी 2025 में यह 4,928.72 करोड़ रुपये था। मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि स्टांप एवं निबंधन मद से फरवरी 2026 में 2,731.95 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई, जो पिछले वर्ष फरवरी के 2,305.25 करोड़ रुपये से अधिक है। परिवहन मद से फरवरी 2026 में 1,076.38 करोड़ रुपये का राजस्व मिला, जबकि फरवरी 2025 में यह 923.40 करोड़ रुपये था। करेत्तर राजस्व की प्रमुख मद भू-तत्व व खनन से फरवरी 2026 में 372.01 करोड़ रुपये प्राप्त हुए।

# डेटा इकॉनमी की नई राजधानी बन रहा प्रदेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी सरकार की डेटा सेंटर पॉलिसी से डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती

**अमृत विचार:** प्रदेश तेजी से देश की उभरती डेटा इकॉनमी का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। योगी सरकार की डेटा सेंटर नीति और नई पहल के कारण प्रदेश में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर का तेजी से विस्तार हो रहा है।

फरवरी 2026 में विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सरकार ने राज्य में बड़े पैमाने पर डेटा सेंटर क्लस्टर विकसित करने और स्टेट डेटा सेंटर अथॉरिटी के गठन की घोषणा की। इसका उद्देश्य डेटा सेंटर उद्योग को संस्थागत ढांचा देना और निवेश प्रक्रिया को तेज करना है। प्रदेश सरकार ने वर्ष 2030 तक उत्तर प्रदेश में 5 गीगावाट क्षमता वाले 4 से 5 बड़े डेटा सेंटर क्लस्टर विकसित करने का लक्ष्य रखा है। इससे राज्य को डेटा स्टोरेज और क्लाउड सेवाओं के बड़े केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में मजबूती मिलेगी। तेजी से बढ़ते डिजिटल उपयोग, क्लाउड सेवाओं की मांग और डेटा लोकलाइजेशन की नीतियों के कारण डेटा सेंटर उद्योग का महत्व लगातार बढ़ रहा है।

सरकार की योजना के अनुसार करीब 30 हजार करोड़ रुपये के निवेश से 8 डेटा सेंटर पार्क विकसित किए जाएंगे, जिनकी कुल क्षमता लगभग 900 मेगावाट होगी। इनमें से कई परियोजनाओं पर काम आगे बढ़ चुका है। राज्य सरकार की ओर से अब तक 8 परियोजनाओं को लेटर ऑफ कम्फर्ट जारी किया जा चुका है, जिनमें 6 डेटा सेंटर पार्क और 2 डेटा सेंटर इकाइयां शामिल हैं। इन परियोजनाओं के माध्यम से प्रदेश में 21,342 करोड़ रुपये के निवेश और 644 मेगावाट क्षमता सुनिश्चित हो चुकी है।

### डेटा सेंटर सेक्टर में यूपी की बढ़ती ताकत

- वर्ष 2030 तक 5 गीगावाट क्षमता के 4–5 डेटा सेंटर क्लस्टर का लक्ष्य
- लगभग 30 हजार करोड़ रुपये के निवेश से 8 डेटा सेंटर पार्क प्रस्तावित
- कुल क्षमता करीब 900 मेगावाट
- 8 परियोजनाओं को जारी हुआ लेटर ऑफ कम्फर्ट
- 21,342 करोड़ रुपये निवेश और 644 मेगावाट क्षमता सुनिश्चित
- आईटी, क्लाउड और डिजिटल सेवाओं में रोजगार के बढ़ेंगे अवसर

### चार मेडिकल कॉलेजों को मिले 42.55 करोड़

- **अमृत विचार,लखनऊ :** राज्य सरकार ने गोरखपुर मेडिकल कॉलेज समेत चार मेडिकल कॉलेजों को 42.55 करोड़ का बजट जारी किया है। चिकित्सा शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव आनन्द कुमार त्रिपाठी के आदेश के मुताबिक गोरखपुर मेडिकल कॉलेज एवं संबद्ध चिकित्सालय को 26 करोड़ 64 लाख, कानपुर में लालालाजपत राय मेडिकल कॉलेज व गणेश शंकर विद्यार्थी चिकित्सालय को 9 करोड़ 53 लाख, बदायूं मेडकल कॉलेज के लिए 3.81 करोड़ और सहारनपुर मेडिकल कॉलेज के लिए 2.57 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।


भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्य कुलदीप यादव के पिता रामसिंह यादव ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री शिवेन्द्र विक्रम शाही के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की।

# दिव्यांगजन व पिछड़ा वर्ग के सशक्तीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता

## पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण के विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

**अमृत विचार :** राज्य सरकार दिव्यांगजन और पिछड़ा वर्ग के सशक्तीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पहुंचाने के लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। यह बात पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने सोमवार को सचिवालय स्थित कार्यालय में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक में कही।

मंत्री ने कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला स्तर पर नियमित समीक्षा कर योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाई जाए।


राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप

बैठक में डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय लखनऊ और जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय चित्रकूट में रिक्त शिक्षकीय पदों को शीघ्र भरने और निर्माणाधीन परियोजनाएं तय समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान (दिव्यांग पेंशन) योजना के तहत अब तक 11,98,725 दिव्यांगजन लाभान्वित हुए हैं। कुष्ठावस्था पेंशन योजना से 13,395 लोगों को लाभ मिला है। कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना के तहत 22,672 दिव्यांगजनों को 26,830 कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण वितरित किए गए हैं। इसके अलावा उप्र. राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में दिव्यांगजनों को निःशुल्क यात्रा की सुविधा भी दी जा रही है।

पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान बताया गया कि शादी अनुदान योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 232 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। अब तक 94,040 लाभार्थियों को 188.08 करोड़ रुपये डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खातों में भेजे जा चुके हैं। छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के तहत पूर्वदशम और दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत कुल 25,98,344 छात्रों को 1,586.59 करोड़ रुपये की सहायता दी गई है।

वहीं अन्य पिछड़ा वर्ग के युवाओं को कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना के तहत वर्ष 2025-26 में 34,892 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल आर्थिक सहायता देना नहीं, बल्कि दिव्यांगजन और पिछड़ा वर्ग को आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन के लिए सक्षम बनाना है। शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के क्षेत्र में सरकार निरंतर प्रयास कर रही

आहार -2026

दिल्ली के भारत मंडपम में कई देशों के क्रेता-विक्रेता पहुंचेंगे

# अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी में सजेंगे यूपी के खाद्य पदार्थ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- स्टॉलों पर लगेंगे लखनऊ के ऑर्गेनिक पदार्थ, उन्नाव के निर्जलित फल

**अमृत विचार :** 10 मार्च से 14 मार्च तक भारत मंडपम, प्रगति मैदान नई दिल्ली में आयोजित ''आहार 2026'' उत्तर प्रदेश के कृषि निर्यात को प्रोत्साहन एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजार देगा। इस अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी में किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) व निर्यातकों द्वारा जिलों के प्रमुख उत्पाद एवं जीआई टैग आधारित खाद्य पदार्थ कई देशों के सामने प्रदर्शित कर ऑर्डर लिए जाएंगे।

स्टॉलों पर लखनऊ के ऑर्गेनिक पदार्थ, कालानमक, चावल, सोना मोती आटा, बंसी आटा, कोल्ड प्रेस्ड सरसों का तेल, मोरिंगा पाउडर, हल्दी पाउडर प्रदर्शित करके जीआई से पहचान, खासियत और फायदे आदि बताएंगे।

इसी तरह उन्नाव के निर्जलित फल, यानी सूखे फल, सब्जी, फूल, मसाला, मशरूम व जड़ी-बूटी, आगरा का प्राकृतिक शहद, अलीगढ़ से आलू का फ्लेवर पाउडर, प्रतापगढ़ का आवला, मुरब्बा और आंवला कैंडी प्रदर्शित की जाएगी। मेरठ की गुड़, गुड़ पाउडर, चावल, सरसों का तेल तो बुलंदशहर से बेबी गाजर, बेबी कट गाजर, जमी कटी हुई गाजर, सेम की फली, कटे आलू, हरी मटर, मीठा मक्का, फूलगोभी की तरह दिखने वाली रंग-बिरंगी ब्रोकली भी स्टॉलों पर सजेगी। इसी तरह नोएडा से ताजा उत्पाद, छोटी मक्का, मिर्च, लौकी, भिंडी, मिक्स सब्जियां व आम, पपीता के डाइस आदि प्रदर्शित किए जाएंगे। खाद्य पदार्थों की मार्केटिंग (विपणन) से क्रेता-विक्रेता का सीधे आपस में संपर्क बनेगा।

### कृषि विदेश व्यापार निदेशालय को आठ स्टॉल आवंटित

- प्रदर्शनी के लिए कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार निदेशालय को ट्रेड-एक्सपो द्वारा पवेलियन में आठ स्टॉल आवंटित किए गए हैं। जहां, खाद्य पदार्थ प्रदर्शित किए जाएंगे। उद्घाटन के दौरान उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात दिनेश प्रताप सिंह उपस्थित रहेंगे। आयोजन से कृषि निर्यात क्षमता बढ़ाने को प्रोत्साहन मिलेगा। सोमवार देर शाम तक लखनऊ से गए अफसरों ने टीम के साथ तैयारी पूर्ण की।



# 10 लाख के ऋण से खड़ा किया डिजिटल लॉक का व्यवसाय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- महिला उद्यमी के लिए आपदा में अवसर बनीं ओडीओपी
- कोविड काल में शुरू हुआ स्टार्टअप 20 से अधिक को रोजगार

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार की उद्योग प्रोत्साहन नीतियों और वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) योजना ने कई उद्यमियों के लिए नए अवसर खोले हैं। अलीगढ़ की महिला उद्यमी नीलम सिंह इसकी एक प्रेरक मिसाल बनकर सामने आई हैं। उन्होंने कोविड महामारी जैसे कठिन दौर में डिजिटल लॉक निर्माण की यूनिट स्थापित कर न केवल अपना व्यवसाय खड़ा किया, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित किए।

ताला नगरी के नाम से प्रसिद्ध अलीगढ़ में नीलम सिंह ने वर्ष 2019 में अपने सॉफ्टवेयर इंजीनियर पति के साथ मिलकर "ओव्लॉक्स इंडिया" नाम से डिजिटल लॉक बनाने का स्टार्टअप शुरू किया। उस समय देश कोविड महामारी की चुनौती से जूझ रहा था और आर्थिक गतिविधियां काफी प्रभावित थीं। ऐसे मुश्किल दौर में नीलम ने पारंपरिक ताला उद्योग को आधुनिक तकनीक से जोड़ने का निर्णय लिया। हालांकि शुरुआत आसान नहीं थी। आर्थिक संसाधनों की कमी सबसे बड़ी चुनौती थी। इसी दौरान ओडीओपी योजना के तहत उद्योग विभाग के माध्यम से उन्हें बैंक ऑफ बड़ौदा से 10 लाख रुपये का ऋण प्राप्त हुआ, जिसमें लगभग ढाई लाख रुपये की सब्सिडी भी शामिल थी। इस आर्थिक सहयोग ने उनके स्टार्टअप को मजबूत आधार प्रदान किया और धीरे-धीरे उनका कारोबार आगे बढ़ने लगा। आज नीलम सिंह का यह व्यवसाय 10 करोड़ रुपये से अधिक का हो चुका है। ओडीओपी योजना से मिली नई उड़ान ओव्लॉक्स इंडिया के नाम से शुरू की डिजिटल लॉक यूनिट आज 20–25 लोगों को मिला रोजगार कारोबार 10 करोड़ रुपये के पार, उत्पाद देश-विदेश तक पहुंच रहे हैं।



जिंदगी में दो तरह की ट्रेजेडी हैं। एक है अपने दिल की ख्वाहिश खो देना और दूसरी है उसे पा लेना।

–जॉर्ज बर्नाड शॉ, आयरिश लेखक

## क्रिकेट शिखर पर तिरंगा

भारतीय क्रिकेट ने वह कर दिखाया, जो अब तक इस क्षेत्र में असंभव माना जाता था। 2024 में बारबाडोस की जीत के बाद, 2026 में खिताब को सफलतापूर्वक डिफेंड करना न केवल भारतीय टीम के कौशल को दर्शाता है, बल्कि यह विश्व क्रिकेट में भारत के पूर्ण वर्चस्व की घोषणा भी है। 2007, 2024 और 2026 के तीन टी-20 वर्ल्ड कप खिताब जीतने वाला पहला देश बनकर टीम इंडिया ने विश्व क्रिकेट के शिखर पर अपना तिरंगा गहराई तक गाड़ दिया है। विश्व विजेता बनने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बधाई मात्र शिष्टाचार नहीं, उस 'स्पोर्टिंग कल्चर' की स्वीकारोक्ति और सराहना है, जिसे देश ने हाल के वर्षों में आत्मसात किया है।

भारत का यह वर्चस्व रातों-रात नहीं आया है। इसके पीछे भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की कुशल प्रबंधन रणनीति और सरकार का खेल-अनुकूल दृष्टिकोण रहा है। आज भारत के पास दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट ढांचा है। बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी, 40 एकड़ में फैली 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' जो दुनिया का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट प्रशिक्षण केंद्र है, जिसमें 45 पिचें, इनडोर सुविधाएं और रिकवरी सिस्टम हैं। इसके अलावा छोटे शहरों तक फैले अत्याधुनिक स्टेडियमों, स्तरीय कोचिंग केंद्रों ने भी प्रतिभाओं को निखारने का काम किया है। आईपीएल ने भारतीय खिलाड़ियों को दबाव सोखने और अंतर्राष्ट्रीय दिग्गजों के साथ खेलने का जो अनुभव प्रदान किया, उसी का परिणाम है कि आज भारत के पास एक नहीं, बल्कि तीन अलग-अलग 'ए' श्रेणी की टीमें तैयार हैं। इन्हीं सब के चलते 19 बरस से कम क्रिकेटरों के भी विश्वविजेता हम ही हैं तथा महिला क्रिकेट भी बेहद तेजी से प्रगति कर रहा है। उसके पास भी विश्व खिताब है। आज आक्रामक क्रिकेट और डाटा एनालिटिक्स के इस्तेमाल ने भारत को आधुनिक क्रिकेट का अगुआ बना दिया है। यह नया खिताब इस बात की तस्दीक करता है कि भारतीय टीम अब केवल प्रतिभा पर नहीं, बल्कि एक ऐसी व्यवस्था पर टिकी है, जो चैंपियंस पैदा करना जानती है। भारत अब क्रिकेट का सबसे बड़ा बाजार ही नहीं, वह विश्व क्रिकेट का 'पॉवर हाउस' है। भारत के दमदार और आकर्षित करने वाले प्रदर्शनों ने एशियाई उपमहाद्वीप में ही नहीं संसार भर में इस खेल के प्रति लोगों का आकर्षण और लोकप्रियता को बढ़ाया है। भारत की सफलता ने ओलंपिक जैसे वैश्विक मंचों पर क्रिकेट को शामिल करने की राह को और अधिक पुख्ता किया है, जिससे 2028 के ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी पक्की हुई। यह कहना उचित ही है कि भारतीय क्रिकेट वित्तीय शक्ति और मैदानी वर्चस्व का दुर्लभ संगम है।

यह जीत छोटे शहरों के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी और इससे निचले स्तर पर भी इस खेल में निवेश तेजी से बढ़ेगा। निःसंदेह इससे भारतीय क्रिकेट की आर्थिक स्थिति और मज़बूत होगी। उसकी ब्रांड वैल्यू भी बढ़ेगी। कुल मिलाकर 'विजेता मानसिकता' की स्थापना करने वाली यह जीत आने वाले कई दशकों तक क्रिकेट और अन्य भारतीय खेलों के लिए मार्गदर्शक बनी रहेगी, इसके मार्गदर्शन में ऐसी विश्वस्तरीय उपलब्धियां हासिल होती रहेंगी।

# टीम इंडिया ने पूरे भारत को दिया जश्न का मौका





अनिल त्रिगुणायत
लखनऊ

शाबाश! चैंपियन टीम इंडिया। एकतरफा फाइनल मैच में न्यूजीलैंड को हराकर टी20 का विश्व कप लगातार दूसरी व कुल तीसरी बार जीतने वाली टीम को हार्दिक बधाई। भारत को गौरवान्वित करने वाले हमारे क्रिकेटरों को दिल से सलाम। हर तरह की पिच पर विश्व स्तरीय बॉलिंग-बैटिंग और फुर्तीली फील्डिंग कर आपने क्रेजी भारतीय दर्शकों का 'मन मयूर' कर दिया। आपने मैदान पर अपने धैर्य, आक्रमण व जुझारूपन की मिसाल पेश की। आपकी जांबाजी का लोहा क्रिकेट जगत आंख मूंद कर मानने को अब बेबस है। भारतीय टीम बेशक 'चैंपियन आफ चैंपियंस' है। टी20 विश्व कप का खिताब पुनः दिलाकर आपने भारतीय क्रिकेट प्रेमियों को इतराने का सुनहरा अवसर देने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

यह खिताबी जीत भारतीय जोश व एकता की विजय का प्रतीक है, जिसने पूरे देश को गर्व तथा उन्माद से भर दिया। न्यूजीलैंड पर जीत के बाद भारत खुशी से सराबोर है। पूरे देश में जश्न मनाते क्रिकेट प्रेमियों का उत्साह तो देखते ही बन रहा। टीम इंडिया के जांबाजों ने मैदान पर क्रिकेट को जीवंत तो किया ही, टी20 क्रिकेट को नई राह भी दिखा दी है। भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में हुए टी20 विश्व कप के लगातार दो मैचों में 250 रन से ऊपर का स्कोर बना। टीम इंडिया ने पूरे जहान को बता दिया कि वह इस प्रारूप को अभी और ऊपर ले जाएगी।

फटाफट क्रिकेट की धार और पैनी करेगी। क्रिकेट भले ही इंग्लैंड का राष्ट्रीय खेल है, लेकिन इसका असल जादू तो भारत में ही सिर चढ़कर बोलता है। यहां क्रिकेट की सनक वैसे ही है, जैसे लैटिन अमेरिका व यूरोप के देशों में फुटबाल। अमेरिका में बॉस्केटबाल व बेसबाल, क्यूबा में मुक्केबाजी, न्यूजीलैंड व दक्षिण अफ्रीका में रग्बी तथा कैरेबियाई देश जमैका में ट्रैक एंड फील्ड को जिस प्रकार 'अनौपचारिक धर्म' माना जाता है। उसी प्रकार क्रिकेट को भारत में धर्म सरीखा ही माना जाता है।

हमारे देश में क्रिकेट महज एक खेल ही नहीं, वरन एक सांस्कृति स्वरूप है, धर्म मानिंद है। कश्मीर से कन्याकुमारी तथा सिलचर से लेकर काठियावाड़ तक यह खेल करोड़ों भारतीयों में एका का भाव भरता है। भाषा व रहन-सहन के अंतर को मिटाकर यह खेल एकजुटता की राह दिखाता है। वर्ष 1983 में कपिलदेव की कप्तानी वाली भारतीय टीम की वेस्टइंडीज पर खिताबी जीत को भला भारत का कौन क्रिकेट प्रेमी नहीं जानता होगा? उक्त वर्ष विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम ने देश में क्रिकेट के प्रति दीवानगी को एक नया आयाम दिया था। विश्व स्तरीय टूर्नामेंट्स जीतने तथा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) ने इस 'अनौपचारिक धर्म' वाले खेल को भारत में घर-घर तक पहुंचा दिया है।

यह कहना समीचीन है कि क्रिकेट हमारे देश को एकजुट करने वाली शक्ति बन चुका है। यह खेल हमें अटूट बंधन में बांधता है। अपनेपन, भाईचारे व सच्चे प्रेम के भाव से ओतप्रोत करता है... और हो भी क्यों न? क्रिकेट मैच देखते समय कोई भारतीय आपसे आपके धर्म या पेशे के बारे में नहीं पूछता, क्योंकि क्रिकेट देखते समय आप में सिर्फ और सिर्फ राष्ट्र भक्ति की भावना ही रहती है। हमारे देश में क्रिकेट घावों को भरने, क्षमा करने व एकजुट करने की अद्भुत शक्ति प्रदान करता है।

यह कहना अतिश्योक्ति नहीं कि टीम इंडिया आज विश्व की सफलतम टीमों में से एक है। इसने दो क्रिकेट विश्व कप, तीन टी-20 विश्व कप, तीन चैंपियंस ट्रॉफी जीतकर अपनी झोली भरी है। टीम इंडिया वर्ष 1984 से वर्ष 2025 तक कुल नौ बार एशिया कप भी जीत चुकी है। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में दो बार उपविजेता रही है। हमारे पुरुष खिलाड़ी तो कमाल के हैं ही, हमारी महिला खिलाड़ियों ने भी पिछले वर्ष महिला क्रिकेट विश्व कप जीतकर आह्लादित करने का मौका दिया है। जान लें, वर्ष 1932 में इंग्लैंड के दौरे पर टेस्ट क्रिकेट खेलने वाली छठी राष्ट्रीय टीम बनी थी इंडिया। सीके नायडू की कप्तानी में भारत ने अपना पहला टेस्ट मैच इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में खेला था।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय क्रिकेट टीम के दो यादगार पलों को याद करना यहां ठीक रहेगा। पहला, वर्ष 1952 में मद्रास में उसने इंग्लैंड को एक पारी से हराकर अपनी पहली टेस्ट जीत दर्ज की थी। दूसरा, भारत ने वर्ष 1971 में इंग्लैंड में पहली बार टेस्ट सीरीज जीती थी। 1970 के दशक से लेकर आजतक भारतीय क्रिकेट टीम अनेकानेक दौर से गुजरी है। परंपरागत क्रिकेट का स्थान आज पेशेवर क्रिकेट ने ले लिया है। आज क्रिकेट के लिए भारतीय बाजारों ने भी अपने खजाने का मुंह खोल दिया है। कभी पैसों की राह ताकने वाला बीसीसीआई आज दुनिया की सबसे बड़ी अर्थ प्रधान खेल संस्थाओं में से एक बन चुकी है। बाजार हमारे उम्दा क्रिकेटरों को धन संपन्न बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा।

आईपीएल व आईसीसी टूर्नामेंट जैसे बड़े क्रिकेट आयोजन करोड़ों प्रशंसकों को आकर्षित करते हैं, जिससे उपभोग, मीडिया में दर्शकों की संख्या में वृद्धि होती है और निवेशकों के व्यवहार पर भी इसका असर पड़ता है। अरबों डालर के मीडिया अधिकार, विज्ञापन की होड़, उपभोक्ता खर्च में उछाल भारत में क्रिकेट की व्यावसायिकता के प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। खैर, क्रिकेट पंडितों के सारे कयासों को धता बताने वाली टीम इंडिया की टी20 विश्व कप की ऐतिहासिक जीत पर ढेरों शुभकामनाएं। सूर्य कुमार यादव के कुशल नेतृत्व, संजू सैमसन समेत मध्य क्रम के बैट्समैन की धाकड़ बल्लेबाजी, जसप्रीत बुमराह की धारदार गेंदबाजी तथा टीम के अन्य खिलाड़ियों के फलदायी योगदान ने समूचे भारत का मान पुनः बढ़ाया है।

> टीम इंडिया आज विश्व की सफलतम टीमों में से एक है। इसने दो क्रिकेट विश्व कप, तीन टी-20 विश्व कप, तीन चैंपियंस ट्रॉफी जीतकर अपनी झोली भरी है। टीम इंडिया वर्ष 1984 से वर्ष 2025 तक कुल नौ बार एशिया कप भी जीत चुकी है।

## आमने सामने



मैं यह बात सभी से कह रही हूं कि जो लोग अब टीएमसी के साथ नहीं हैं, वे बंगाली नहीं हैं। उन्हें बंगाल में रहने का कोई अधिकार नहीं है, क्योंकि ममता दीदी बंगाल की जनता के लिए यह लड़ाई लड़ रही हैं।

–महुआ मोइत्रा
टीएमसी नेता
पश्चिम बंगाल

टीएमसी का मतलब तानाशाही, मानसिकता और संस्कृति है। महुआ मोइत्रा के बयान से इंदिरा गांधी की उसी तानाशाही मानसिकता की बू आती है। इंदिरा गांधी ने एक बार कहा था, भारत इंदिरा है, इंदिरा भारत है। आज महुआ मोइत्रा कह रही हैं, टीएमसी बंगाली है, बंगाली टीएमसी है।

–शहजाद पूनावाला
भाजपा प्रवक्ता



# कैसे बदला बिहार की राजनीति का केंद्र



योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

भारतीय राजनीति के कैनवास पर कुछ घटनाएं ऐसी होती हैं, जो एक पूरे युग के अवसान की समाप्ति का संकेत बन जाती हैं। बिहार की सत्ता के शिखर पर लगभग दो दशकों तक अडिग रहने वाले नीतीश कुमार का अचानक राज्यसभा की ओर रुख करना राजनीति के उसी बदलते अध्याय का एक निर्णायक संकेत है। होली के अगले दिन सोशल मीडिया पर एक संक्षिप्त पोस्ट के माध्यम से उन्होंने घोषणा की कि वे राज्यसभा जा रहे हैं। उन्होंने इसे अपनी 'व्यक्तिगत अभिलाषा' बताते हुए कहा कि वे लोकसभा, विधानसभा और विधानपरिषद का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं और अब उच्च सदन में जाने की इच्छा रखते थे, परंतु राजनीति केवल इच्छाओं से संचालित नहीं होती। सत्ता की गलियारों में फैसले अक्सर उन समीकरणों से तय होते हैं, जिनकी परछाई जनता को बहुत देर से दिखाई देती है, इसलिए यह प्रश्न स्वाभाविक है कि महज तीन महीने पहले बहुमत के साथ दसवीं बार मुख्यमंत्री बने नीतीश कुमार आखिर अचानक बिहार की सत्ता क्यों छोड़ रहे हैं?

सतह पर दिखने वाली कहानी और वास्तविक राजनीतिक कथा में अक्सर गहरा अंतर होता है। यदि केवल औपचारिक बयान को सच मान लिया जाए तो एक वरिष्ठ नेता का उच्च सदन में जाना एक सामान्य राजनीतिक निर्णय लगता है, लेकिन जब घटनाक्रम की परतें खोली जाती हैं, तो एक अलग तस्वीर उभरती है। होली से दो दिन पहले तक न तो जदयू में और न ही बिहार की राजनीति में यह चर्चा थी कि नीतीश कुमार राज्यसभा जा सकते हैं। पार्टी की ओर से जिन दो नामों पर सहमति बन चुकी थी, उनमें एक रामनाथ ठाकुर का था और दूसरा नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार का। निशांत के राजनीति में प्रवेश की चर्चा पिछले एक वर्ष से चल रही थी और हाल के दिनों में जदयू के वरिष्ठ मंत्रियों ने भी सार्वजनिक रूप से संकेत दिए थे कि होली के बाद वे सक्रिय राजनीति में उतर सकते हैं।

ऐसा लग रहा था कि नीतीश अपनी राजनीतिक विरासत को धीरे-धीरे अपने पुत्र के हाथों में सौंपने की तैयारी कर रहे हैं, लेकिन तीन मार्च की दोपहर के बाद अचानक राजनीतिक माहौल बदलने लगा। जदयू की राज्यसभा उम्मीदवारों की सूची जारी होने में देरी हुई और सत्ता के गलियारों से खबर आने लगी कि भाजपा की ओर से स्पष्ट संदेश दिया गया है कि अब समय आ गया है कि नीतीश कुमार मुख्यमंत्री पद छोड़ दें। यही वह क्षण था, जब बिहार की राजनीति की दिशा बदल गई। बताया जाता है कि इस संदेश के बाद मुख्यमंत्री आवास में गहन मंथन शुरू हुआ। सत्ता हस्तांतरण की संभावना पहले से मौजूद थी, लेकिन जिस तरह से यह अचानक हुआ, उसके लिए शायद खुद नीतीश भी तैयार नहीं थे।

इस राजनीतिक बदलाव की जड़ें कहीं अधिक गहरी हैं। 2020 के विधानसभा चुनाव के बाद ही यह स्पष्ट हो गया था कि बिहार की राजनीति में शक्ति संतुलन बदल चुका है। उस चुनाव में जदयू को केवल 43 सीटें मिली थीं, जबकि भाजपा 74 सीटों के साथ बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। फिर भी भाजपा ने उस समय नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाए रखा। यह निर्णय राजनीतिक शिष्टाचार से अधिक रणनीतिक था। भाजपा जानती थी कि बिहार में अभी भी नीतीश का सामाजिक आधार मजबूत है, विशेषकर अति पिछड़ा वर्ग और महिलाओं के बीच, इसलिए सत्ता का औपचारिक नेतृत्व उन्हें सौंपकर भाजपा ने अपने राजनीतिक विस्तार की रणनीति जारी रखी, लेकिन साथ ही यह भी स्पष्ट था कि यह व्यवस्था स्थायी नहीं है।

समय के साथ संकेत मिलने लगे कि सत्ता का वास्तविक केंद्र धीरे-धीरे बदल रहा है। गृह विभाग भाजपा के पास चला गया, राज्य सरकार में भाजपा की भूमिका बढ़ती गई और जदयू के भीतर भी नेतृत्व का संतुलन बदलने लगा। सम्राट चौधरी को उपमुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने यह संकेत भी दे दिया कि भविष्य की राजनीति में उसकी भूमिका निर्णायक होगी। यही कारण है कि कई राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि नीतीश कुमार का राज्यसभा जाना किसी आकस्मिक निर्णय का परिणाम नहीं, बल्कि लंबे समय से तैयार हो रही राजनीतिक पटकथा का अंतिम दृश्य है।

बिहार में इस परिवर्तन ने प्रदेश की राजनीति में नई बहस को जन्म दिया है। एक महत्वपूर्ण प्रश्न जदयू के भविष्य से जुड़ा है। पार्टी लंबे समय तक नीतीश कुमार के व्यक्तित्व के इर्द-गिर्द संगठित रही है। पार्टी के भीतर ऐसा कोई दूसरा नेता नहीं उभर पाया, जो समान प्रभाव रखता हो। यदि नीतीश सक्रिय राजनीति से धीरे-धीरे दूरी बनाते हैं, तो जदयू के सामने नेतृत्व संकट पैदा होना स्वाभाविक है। निशांत कुमार इस चुनौतीपूर्ण राजनीतिक वातावरण में कितनी दूर तक जा पाएंगे यह अभी स्पष्ट नहीं है। राजनीति का एक कठोर सत्य यह है कि कोई भी दौर स्थायी नहीं होता। कभी बिहार की राजनीति लालू प्रसाद यादव के इर्द-गिर्द घूमती थी, फिर वह केंद्र नीतीश कुमार बन गए। अब एक नए दौर की शुरुआत हो रही है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

> नीतीश कुमार का राज्यसभा जाना सत्ता संतुलन, गठबंधन की मजबूरियां और बदलती रणनीतियों के बीच बिहार की राजनीति में एक नए अध्याय की शुरुआत है।

## प्रसंगवश

# मां न बनने का साहस व मातृत्व का नया विमर्श

जिस दिन कोई युवती यह कह देती है, 'मुझे मां नहीं बनना', उस दिन समाज की सबसे सुरक्षित मान्यता असुरक्षित हो जाती है। यह वाक्य भावनाओं से नहीं, चेतना से पैदा होता है, इसलिए डराता है। यह उस अदृश्य स्क्रिप्ट को जला देता है, जिसमें स्त्री का भविष्य जन्म के साथ ही लिख दिया गया था। लोग चौंकते इसलिए हैं कि पहली बार स्त्री अपनी देह को विरासत नहीं, निर्णय का क्षेत्र घोषित करती है। यह इंकार न तो आक्रामक है, न ही विद्रोही दिखता है, फिर भी यह सबसे गहरी बगावत है, क्योंकि यह बिना चीखे, बिना अनुमति मांगे, व्यवस्था के केंद्र में सीधा सवाल खड़ा कर देता है।

सदियों से स्त्री को यह पाठ पढ़ाया गया कि उसका अस्तित्व स्वयं के लिए नहीं, दूसरों की जरूरतों के लिए है। पहले परिवार, फिर पति और अंततः संतान के लिए। मातृत्व को इतना ऊंचा उठाया गया कि उसके भार तले स्त्री की पहचान दबकर रह गई। उसे सिखाया गया कि त्याग उसका सौंदर्य है और सहनशीलता उसका स्वभाव। आज की बेटियां इसी शिक्षा को जांच की निगाह से देख रही हैं। वे पूछ रही हैं, यदि त्याग ही स्त्री की नियति है, तो पुरुष की नियति क्या है? यह प्रश्न किसी एक भूमिका पर नहीं, बल्कि पूरी सामाजिक संरचना पर सीधा प्रहार करता है।



कृति जैन
लेखिका

शिक्षा ने इन सवालों को भाषा दी है और चेतना ने उन्हें निडरता। आज की युवा महिलाएं जीवन को केवल निभाने की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि जीने का अधिकार मानती हैं। वे जानती हैं कि मातृत्व भावनाओं का उत्सव भी हो सकता है, लेकिन प्रायः यह अदृश्य श्रम, लगातार थकान और स्वयं से मिटते जाने की प्रक्रिया भी बन जाता है। वे साफ देखती हैं कि बराबरी के दावे संकट के समय सबसे पहले टूटते हैं। जब मातृत्व की कीमत एकतरफा वसूली जाए, तब उससे इंकार स्वार्थ नहीं, बल्कि न्याय की मांग बन जाता है।

आर्थिक यथार्थ इस निर्णय को और ठोस बना देता है। आज का समय महंगा है, अनिश्चित है और अस्थिर है। एक बच्चे का पालन-पोषण अब केवल प्रेम का विस्तार नहीं, बल्कि वर्षों तक चलने वाला आर्थिक दबाव है। नौकरी छोड़ना, अवसर खोना और निर्भरता स्वीकार करना अब भी ज़्यादातर स्त्रियों के हिस्से आता है। युवा महिलाएं इस गणित को भावनाओं से नहीं, विवेक से हल करती हैं। वे पूछती हैं, क्या मातृत्व का अर्थ आर्थिक असुरक्षा को स्थायी बनाना होना चाहिए? यह सवाल सुंदर नहीं, लेकिन सच है।

मानसिक स्वास्थ्य वह सच है जिसे सबसे लंबे समय तक दबाया गया। मां को देवी बनाकर उसकी थकान को अदृश्य कर दिया गया। प्रसवोत्तर अवसाद, अकेलापन और हर हाल में 'अच्छी मां' बने रहने का दबाव वर्षों तक मौन में छिपा रहा। नई पीढ़ी की महिलाएं इस चुप्पी को तोड़ रही हैं। वे स्वीकार कर रही हैं कि हर स्त्री मां बनने के लिए मानसिक रूप से तैयार नहीं होती और यह स्वीकार करना कमजोरी नहीं, बल्कि साहस है। वे साफ कहती हैं, यदि मातृत्व के नाम पर स्वयं को खोना पड़े, तो स्वयं को बचाना अधिक ज़रूरी है।

'बेटियां जो मां नहीं बनना चाहतीं' कोई क्षणिक फैशन नहीं, बल्कि चेतना की नई क्रांति है। यह बदलाव असहज है, क्योंकि यह उन गहरी और पक्की मान्यताओं को चुनौती देता है जिनमें समाज ने सदियों तक स्त्री को बाँध रखा था। इतिहास सिखाता है कि हर बड़ा परिवर्तन पहले बेचैनी और अव्यवस्था लाता है। आज की बेटियां केवल इतना पूछ रही हैं, क्या स्त्री का मूल्य उसकी कोख से तय होगा, या उसके विचार, उसकी चेतना और उसकी स्वतंत्रता से? इसका जवाब समय ही देगा।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

## सोशल फोरम

# बदल गए युद्ध के वार



युद्ध के हथियार नही बदले... युद्ध के वार भी बदल गए हैं।

पहला विश्वयुद्ध सीमाओ पर लड़ा गया। ट्रेंच में, बंदूकों और शेल से। दूसरा विश्वयुद्ध शहरों के अंदर आ गया। लोगों ने अपने चौक-चौराहों पर विदेशी बूट बजते देखे।



रिबोर्न मनीष
ब्लॉगर

और जब राजधानी तक पंहुचा तो युद्ध खत्म हो गया।

अब युद्ध राजधानी से ही शुरू होता है।

प्रिसिजन बॉम्बिंग, जीपीएस, और ड्रोन ने इंडिविजुअल किलिंग को महज वीडियो गेम बना दिया है।

शत्रु किसी देश की जनता नहीं होती, राजनेता होते हैं। तमाम टेक्नोलॉजी के बावजूद यह मॉरल बंधन बना हुआ था कि केवल सैनिक ठिकाने पर निशाना लगाया जाएगा। नेता बचे रहते थे। इस युद्ध ने सिविलियन और राजनीतिक ठिकानों पर भी प्रिसिजन अटैक की परिपाटी बिठाई है।

आने वाले दौर में युद्ध लड़ने वाले हर नेता पर, हत्या का खतरा बना रहेगा और सिर्फ खामनेई के लोग कंप्रोजमाइज्ड थे, बाकी के नही होंगे। ऐसा सोचना खामख्याली है।

हर देश में, हर राजधानी के, हर नेता के गिर्द कंप्रोजमाइज्ड लोग रहते है। ये उन्ही के विश्वासपात्र लोग होते हैं और जिन्हें नेता के मरने में लाभ मिलना है।

तो आने वाले दौर के हर युद्ध में राजधानी पर बम गिराकर 'सांप का फन कुचलने' का जुमला सुना दिया जाएगा। दूसरा करे, उसके पहले खुद करने की कोशिश रहेगी।

नेगोशियेशन्स का अंडर टोन कुछ यह होगा, साइन कर, वरना तुझे मरवा दूंगा। युद्ध, बहादुरी और शौर्य का मसला कम, विपक्षी नेता की हत्या का कंपटीशन बनकर रह जाना है। इसे हम सिविलाइज्ड वर्ल्ड ऑर्डर कहते रहेंगे।

गुंडे, मवाली, माफिया और व्यापारी को नेता बनाने का अंजाम यही है।

–फेसबुक वॉल से

## सामयिकी

# ऊर्जा का महत्व, बदलती जरूरतें और मजबूरियां

हाल ही में दुनिया में एक बार फिर ऊर्जा क्षेत्र को लेकर विस्तार से चर्चा हो रही है। यह ऊर्जा क्षेत्र के बढ़ते महत्व को दर्शाता है। दुनिया के कई देश इस बात पर एक राय हो रहे हैं कि जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम की जाए और ऊर्जा के बदलते स्रोतों को अपनाने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाए जाएं। कहा जा रहा है कि साल 2035 तक कोयला आधारित बिजली उत्पादन में कटौती की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी और इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

सवाल यह है कि आखिर क्यों बार-बार एनर्जी सेक्टर पर इतनी गंभीरता से बातचीत की जा रही है? क्यों वैश्विक मंचों पर इस मुद्दे को उठाया जा रहा है? असल में दुनिया ऊर्जा के क्षेत्र में संकटों का सामना कर रही है। सभी इस बात को समझ चुके हैं कि इस क्षेत्र पर अभी गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाला समय चुनौतीपूर्ण होगा। उभरते ऊर्जा संकट, घटते जीवाश्म ईंधन संसाधनों और उच्च तेल की कीमतों के साथ जलवायु परिवर्तन की चिंताओं ने बढ़ती ऊर्जा मांगों को पूरा करने के लिए नवीकरणीय, वैकल्पिक, पर्यावरण अनुकूल और कार्बन तटस्थ ईंधन के विकास की ओर वैश्विक ध्यान आकर्षित किया है। अधिकांश ऊर्जा संकट स्थानीय कमी, युद्ध और बाजार में हेरफेर के कारण हुए हैं। कुछ लोगों ने तर्क दिया है कि कर वृद्धि, ऊर्जा कंपनियों का राष्ट्रीयकरण और इस क्षेत्र के विनियमन जैसी सरकारी कार्रवाई ने इस संकट को बढ़ाया है।



अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

जहां तक भारत की बात है, तो इसके ऊर्जा संकट से निपटने की राह में कई चुनौतियां हैं। पहली बात तो यह है कि सभी के पास सीमित ऊर्जा संसाधन हैं। भारत के पास कोयला, तेल और गैस जैसे सीमित ऊर्जा संसाधन ही मौजूद हैं और वह अपनी बढ़ती ऊर्जा मांगों की पूर्ति के लिए आयात पर निर्भर है। वहीं कोयला भंडार कमजोर है और उनके निष्कर्षण एवं उपयोग से महत्वपूर्ण पर्यावरणीय चिंताएं जुड़ी हुई हैं। परिणामस्वरूप भारत ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों की तलाश कर रहा है, जैसे कि सौर, पवन और जल विद्युत। देश के ऊर्जा क्षेत्र में अभी अपर्याप्त निवेश है।

भारत विश्व के सबसे बड़े ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जकों में से एक है और इसका ऊर्जा क्षेत्र इन उत्सर्जनों का एक प्रमुख योगदानकर्ता है। वहीं जलवायु परिवर्तन देश की ऊर्जा अवसंरचना को भी प्रभावित कर रहा है, क्योंकि मौसमी घटनाओं की आवृत्ति बढ़ती जा रही है। एक अध्ययन के अनुसार, देश में एलईडी बल्ब एवं ट्यूबलाइट के इस्तेमाल से उजाले के लिए खर्च होने वाली बिजली में करीब 75 फीसदी की कमी आई है। भवनों में बिजली की खपत को लेकर भी कई अध्ययन हुए हैं, जो बताते हैं कि ऊर्जा दक्ष उपकरणों के इस्तेमाल से करीब 30 फीसदी बिजली खपत कम की जा सकती है। यानी भवनों में 1.20 लाख गीगावाट बिजली बचाए जाने की संभावनाएं मौजूद हैं।

ऊर्जा दक्षता के मानकों को लागू कर घरेलू और आवासीय भवनों में बड़े पैमाने पर बिजली को बचाया जा सकता है। यदि भवनों में ऊर्जा दक्षता के मानक लागू हो जाएं, तो अतिरिक्त 30 फीसदी बिजली बच सकती है। एक रिपोर्ट के अनुसार, देश में उद्योग जगत सबसे ज्यादा करीब 42 फीसदी बिजली खर्च करता है। दूसरे नंबर पर घरेलू क्षेत्र 24 फीसदी बिजली खर्च करता है। व्यावसायिक भवनों में बिजली की खपत आठ फीसदी है। भवन क्षेत्र की कुल खपत 32 फीसदी है, लेकिन भवनों में ऊर्जा दक्षता के मानकों का क्रियान्वयन सबसे कम हुआ है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

अमृत विचार


# अंतस

नाथ नगरी बरेली एक ऐतिहासिक आध्यात्मिक क्षण की साक्षी बनने जा रही है। देशव्यापी यात्रा के अंतर्गत, पावन सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के 1000 वर्षों तक संरक्षित रहे अवशेष, 30 मार्च 2026 को उत्तर प्रदेश में प्रवेश करेंगे और 10 अप्रैल को बरेली में इस विराट यात्रा का समापन होगा। यह आयोजन केवल धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक अस्मिता और आध्यात्मिक विजय का प्रतीक माना जा रहा है।



श्वेता
वीडीएस स्टेट को-ऑर्डिनेटर
यूपी, आर्ट ऑफ लिविंग

## नाथ नगरी में इतिहास का पुनर्जागरण



### सहस्राब्दी की गाथा (1026 से 2026)

इतिहास के पन्नों में दर्ज है कि 1026 ईसवी में आक्रमणकारी महमूद गजनवी ने मूल सोमनाथ मंदिर को ध्वस्त कर दिया था। परंतु आस्था की लौ बुझी नहीं। मंदिर के कुछ पवित्र अंश अग्निहोत्री पुजारियों द्वारा गुप्त रूप से सुरक्षित रखे गए। पीढ़ी-दर-पीढ़ी इन अवशेषों की पूजा होती रही और उन्हें दुनिया की नजरों से दूर रखा गया। सन् 1924 में तत्कालीन कांची शंकराचार्य ने भविष्यवाणी की थी कि इन अवशेषों को एक शताब्दी तक सुरक्षित रखा जाए और समय आने पर एक योग्य आध्यात्मिक नेतृत्व को सौंपा जाए।




### आध्यात्मिक सेतु: सोमनाथ और आर्ट ऑफ लिविंग

गुरुदेव श्री श्री रविशंकर और आर्ट ऑफ लिविंग वर्षों से भारतीय आध्यात्मिक विरासत को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठित करने का कार्य कर रहे हैं। आर्ट ऑफ लिविंग का मूल दर्शन 'तनावमुक्त मन, हिंसामुक्त समाज' केवल आधुनिक जीवनशैली तक सीमित नहीं, बल्कि प्राचीन आध्यात्मिक मूल्यों की पुनर्स्थापना से भी जुड़ा है। सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के अवशेषों को देशभर के ज्योतिर्लिंगों की यात्रा पर ले जाने का निर्णय इसी दृष्टि का विस्तार है। यह यात्रा किसी संस्था का आयोजन भर नहीं, बल्कि राष्ट्रव्यापी आध्यात्मिक एकता का अभियान बन चुकी है। गुरुदेव ने इसे 'आस्था की अखंड ज्योति' बताते हुए कहा कि यह भारत की आत्मा के पुनर्जागरण का प्रतीक है।

### 2025: भविष्यवाणी की पूर्णता

जनवरी 2025 में परंपरा के अंतिम संरक्षक सीतारामन शास्त्री ने ये पवित्र अवशेष बेंगलुरु स्थित आर्ट ऑफ लिविंग आश्रम में गुरुदेव श्री श्री रविशंकर को सौंपे। महाशिवरात्रि 2025 के पावन अवसर पर इनका सार्वजनिक अनावरण किया गया। श्रद्धालुओं के अनुसार इन अवशेषों में विशिष्ट चुंबकीय और आध्यात्मिक ऊर्जा अनुभव की जाती है। यह क्षण केवल हस्तांतरण नहीं, बल्कि 100 वर्षों पुरानी भविष्यवाणी की पूर्ति और 1000 वर्षों की साधना का फल था।



### सांस्कृतिक अस्मिता की विजय

सोमनाथ की यह यात्रा केवल अतीत का स्मरण नहीं, बल्कि यह संदेश है कि भारत की आध्यात्मिक धरोहर को कोई भी शक्ति समाप्त नहीं कर सकती। 1000 वर्षों का संरक्षण, 100 वर्षों की प्रतीक्षा और आज का पुनरुत्थान यह कथा श्रद्धा, धैर्य और सांस्कृतिक चेतना की विजय है। 10 अप्रैल 2026 को बरेली में होने वाला यह आयोजन इतिहास के स्वर्णिम पृष्ठों में दर्ज होगा। अब झुमका नहीं, सोमनाथ की ज्योति यहां दमकेगी।

### बरेली क्यों बनेगा ऐतिहासिक पड़ाव?

उत्तर प्रदेश में 30 मार्च को प्रवेश के बाद यह यात्रा 10 अप्रैल 2026 को बरेली पहुंचेगी। नाथ नगरी बरेली, जो अपने सात प्राचीन शिव मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है। इस ऐतिहासिक अवसर की साक्षी बनेगी। वर्षों तक बरेली झुमके के लिए पहचानी जाती थी, परंतु अब यह नगरी सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के पावन अवशेषों के स्वागत के लिए जानी जाएगी। यह आयोजन बरेली के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान देगा।

**पौराणिक कथा**

## निष्काम प्रेम व अटूट निष्ठा की शक्ति



एक बार वृंदावन में ऐसा समय आया जब नंदलाल अचानक गंभीर रूप से बीमार पड़ गए। उनकी बीमारी देखकर पूरे ब्रज में चिंता का वातावरण फैल गया। अनेक प्रकार की दवाएं और जड़ी-बूटियां आजमाई गईं, लेकिन किसी भी उपाय से कृष्ण की तबीयत में सुधार नहीं हो रहा था। सभी लोग असहाय होकर किसी चमत्कार की प्रतीक्षा कर रहे थे। तभी श्रीकृष्ण ने स्वयं एक अनोखा उपाय बताया। उन्होंने गोपियों से कहा कि यदि कोई ऐसा व्यक्ति, जो उनसे अत्यंत प्रेम करता हो और उनकी सच्ची चिंता करता हो, अपने पैरों को धोकर उस जल को उन्हें पिला दे, तो वे अवश्य स्वस्थ हो जाएंगे।

यह सुनते ही वहां उपस्थित सभी गोपियां गहरी दुविधा में पड़ गईं। वे सभी कृष्ण से अपार प्रेम करती थीं और उनकी भक्ति में पूरी तरह समर्पित थीं, लेकिन इस उपाय को अपनाने का साहस कोई नहीं जुटा पा रही थी। गोपियों के मन में एक भय था कि यदि किसी ने अपने पैरों का जल कृष्ण को पिला दिया और किसी कारणवश वे स्वस्थ न हुए, तो यह बहुत बड़ा अपराध माना जाएगा। ऐसी स्थिति में नर्क का दंड भी भोगना पड़ सकता था। वे कृष्ण के लिए चिंतित तो थीं, लेकिन संभावित परिणामों के विचार से उनके कदम ठिठक रहे थे। इसी बीच वहां राधा पहुंचीं। जैसे ही उन्होंने अपने प्रिय कृष्ण को उस अवस्था में देखा, उनका हृदय व्याकुल हो उठा। गोपियों ने उन्हें कृष्ण द्वारा बताया गया उपाय समझाया। राधा ने बिना एक पल गंवाए अपने पैरों को धोकर उसी जल से चरणामृत तैयार किया और उसे कृष्ण को पिलाने के लिए आगे बढ़ गईं। राधा को यह भली-भांति ज्ञात था कि वह क्या कर रही हैं। उनके मन में भी वही भय था, जो अन्य गोपियों के मन में था, लेकिन उनके लिए कृष्ण का जीवन और स्वास्थ्य सबसे अधिक महत्वपूर्ण था।

यदि उनके इस कार्य के कारण उन्हें नर्क भी जाना पड़े, तो भी वे इसके लिए तैयार थीं। उनके प्रेम और समर्पण के सामने अपने भविष्य की चिंता नगण्य थी। जैसे ही कृष्ण ने वह चरणामृत ग्रहण किया, उनकी अवस्था तुरंत सुधरने लगी और थोड़ी ही देर में वे पूर्णतः स्वस्थ हो गए। यह राधा के निष्काम प्रेम और अटूट निष्ठा की शक्ति थी, जिसने इस चमत्कार को संभव बना दिया। इस घटना ने यह सिद्ध कर दिया कि सच्चा प्रेम वही है, जिसमें प्रियजन की भलाई के लिए स्वयं के सुख-दुख की चिंता भी त्याग दी जाए।

**बोधकथा**

## कालदेव और समय का वरदान

प्राचीन काल की बात है। हिमालय की तराई में एक छोटा-सा नगर था, जहां सत्यपाल नाम का एक साधारण किंतु परिश्रमी व्यक्ति रहता था। वह अत्यंत धर्मपरायण था, पर उसके मन में एक दुर्बलता थी। वह दूसरों की उन्नति देखकर भीतर-ही-भीतर ईर्ष्या से भर उठता था। यद्यपि वह किसी का प्रत्यक्ष अहित नहीं करता था, पर उसके विचार सदैव नकारात्मक रहते थे। एक दिन सत्यपाल वन मार्ग से गुजर रहा था। मार्ग में उसने एक वृद्ध ब्राह्मण को प्यास से व्याकुल देखा। बिना कुछ पूछे उसने अपने कमंडल से जल निकालकर उसे पिला दिया। जल पीते ही उस वृद्ध का स्वरूप दिव्य हो गया। वे स्वयं कालदेव थे- समय और कर्म के अधिष्ठाता देव। कालदेव बोले, "वत्स, तुम्हारे इस निः स्वार्थ कर्म से प्रसन्न होकर मैं तुम्हें एक अद्भुत वरदान देता हूं। तुम्हें एक घंटे का ऐसा समय दिया जाता है, जिसमें तुम जो भी काम करोगे, उसका फल तुरंत मिलेगा। पर ध्यान रहे- यह समय फिर कभी लौटकर नहीं आएगा।"

यह कहकर कालदेव अंतर्धान हो गए। सत्यपाल का मन उत्साह से भर उठा। उसने सोचा- अब तो मैं अपने भाग्य को बदल दूंगा। वह नगर लौटा और सबसे पहले अपने धनी पड़ोसी के घर गया। मन में आया कि यदि उसका धन नष्ट हो जाए, तो मेरा सम्मान बढ़ेगा। जैसे ही उसने यह विचार किया, पड़ोसी का धन हानि में बदल गया। यह देखकर सत्यपाल के मन में अजीब-सी तृप्ति हुई। फिर वह अपने प्रतिद्वंद्वी के पास गया और उसके पतन की कामना की। वह भी पूरी हो गई। एक के बाद एक, वह दूसरों के अहित की योजनाएं बनाता रहा और समय बीतता गया। उसे लगा जैसे शक्ति उसके हाथ में है और वही सब कुछ है। अचानक सूर्य अस्त होने लगा। सत्यपाल चौंका। उसे याद आया कि उसने



अपने लिए कुछ भी नहीं मांगा। वह दौड़ता हुआ अपने घर पहुंचा और मन ही मन दीर्घायु, सुख और शांति की कामना करने लगा। तभी आकाश में कालदेव की वाणी गूंजी- "वत्स, समय समाप्त हो चुका है। तुमने जो शक्ति पाई थी, उसका उपयोग दूसरों को गिराने में किया, जो मनुष्य समय को द्वेष में गंवाता है, समय उसे ही लील लेता है।" क्षणभर में सत्यपाल का शरीर दुर्बल हो गया। उसे अपनी भूल का बोध हुआ, पर अब बहुत देर हो चुकी थी। यह कथा सिखाती है कि ईश्वर द्वारा दिया गया समय और सामर्थ्य अमूल्य होता है, जो उसका उपयोग दूसरों के कल्याण में करता है, वही वास्तव में धन्य होता है। द्वेष और ईर्ष्या में किया गया प्रत्येक कर्म अंततः स्वयं के पतन का कारण बनता है।

**महत्वपूर्ण त्योहार**

### शीतला अष्टमी

तिथि : 11 मार्च, बुधवार 2026

- चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को शीतला अष्टमी के रूप में मनाया जाता है। कई स्थानों पर इस पर्व को बसोड़ा या बसोड़ा अष्टमी भी कहा जाता है। यह त्योहार विशेष रूप से उत्तर भारत के राज्यों जैसे गुजरात, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में बड़ी श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। मान्यता है कि यह पर्व रोग और संक्रमण से रक्षा की कामना के साथ मनाया जाता है। इस दिन परंपरा के अनुसार अंतिम बार बासी भोजन ग्रहण किया जाता है।



- शीतला अष्टमी के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और पूजा की तैयारी करें। एक थाली में पुआ, दही, रोटी, बाजरा और सप्तमी के दिन गुड़ से बनाए गए मीठे चावल रख लें। दूसरी थाली में आटे से बना दीपक रखें और उसके साथ रोली, वस्त्र, अक्षत, हल्दी, मेहंदी और कुछ सिक्के रखें। दोनों थालियों के साथ ठंडे पानी से भरा एक लोटा भी रखें। इसके बाद माता शीतला की पूजा करें और उन्हें बारी-बारी सभी सामग्रियां अर्पित करें।

## शक्ति उपासना का केंद्र शक्तिपीठ मां देवीपाटन मंदिर

उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जनपद के तुलसीपुर तहसील के पाटन गांव में स्थित मां देवीपाटन मंदिर हिंदू धर्म के प्रसिद्ध 51 शक्तिपीठों में से एक है, जहां माता सती के शरीर का पवित्र भाग गिरा था और यही कारण है कि यह स्थल शक्ति का धाम, आस्था का केंद्र और तीर्थस्थल के रूप में अत्यंत प्रतिष्ठित है। शक्ति पीठों का पौराणिक चरित्र देवी भागवत पुराण, स्कंद पुराण, कलिका पुराण और शिव पुराण में वर्णित है।

देवीपाटन शक्तिपीठ के संदर्भ में माना जाता है कि यहीं पर माता सती का बायां स्कंध (कंधा) वस्त्र सहित गिरा था और इसी कारण से इसे शक्तिपीठ का स्थान प्राप्त हुआ। यहां माता को "पाटेश्वरी" के नाम से पूजा जाता है अर्थात वह देवी, जिसका संबंध उस पाट वस्त्र से स्थापित है। यह स्थल केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, अपितु सांस्कृतिक आस्था, शक्ति, भक्ति और दैवीय शक्ति का प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि देवी के गिरने वाले भाग के कारण यहां शक्ति की ऊर्जा सदियों से जीवित है। श्रद्धालु पवित्र सूर्यकुंड में स्नान कर मंदिर के भीतर स्नानादि अनुष्ठान के माध्यम से स्वयं को दिव्य शक्ति से जोड़ते हैं।



नमिता वैश्य
प्रधानाध्यापक

**महारथी कर्ण ने यहां ली थी दिव्यास्त्रों का दीक्षा:** एक लोक विश्वास के अनुसार द्वापर युग में यहां सूर्यपुत्र कर्ण ने सूर्यकुंड में स्नान करने के बाद परशुराम से दिव्यास्त्रों की दीक्षा प्राप्त की थी। इसी कारण से इस स्थान की महिमा और भी बढ़ जाती है। यहां पर शिव-दुर्गा की शक्ति की अनुभूति अलग-सी होती है। गर्भगृह से नीचे पाताल तक प्राचीन सुरंग की कथा कही जाती है और आज भी माना जाता है कि त्रेतायुग से जलती हुई अखंड ज्योति देवी की शक्तिमत्ता का प्रमाण है। देवीपाटन शक्ति पीठ ऐतिहासिक रूप से उत्तर भारत में शक्ति की उपासना का मुख्य केंद्र रहा है। इस पीठ की स्थापना नाथ संप्रदाय के आदिगुरु गोरखनाथ ने की थी। यहां के आसपास ऋषि-मुनियों के तप और साधना की कहानियां प्रचलित हैं, जिनमें गुरु गोरखनाथ और सिद्ध रत्ननाथ (नेपाल) जैसे संतों का नाम उल्लेखनीय है, जिन्हें यहीं सिद्धि प्राप्त हुई थी, जिससे इस स्थान की आध्यात्मिक महत्ता और भी स्पष्ट होती है।

**भारत-नेपाल का सांस्कृतिक सेतु:** यह शक्तिपीठ दो देशों भारत और नेपाल के सांस्कृतिक सेतु के रूप में भी प्रसिद्ध है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इसे भारत-नेपाल के बीच एक सांस्कृतिक सेतु बताया है, जो देवी के सान्निध्य में सामाजिक एवं आध्यात्मिक जुड़ाव को मजबूती प्रदान करता है। देवीपाटन मंदिर को श्रद्धालु केवल पूजा-स्थल के रूप में नहीं देखते, अपितु यह एक ऐसा स्थान है, जहां देवी की कृपा से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं, ऐसी मान्यता प्रचलित है। भक्त मानते हैं कि मां पाटेश्वरी के दर्शन तथा पूजा से जीवन की इच्छाएं, स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है।

**मुख्य आकर्षण:** शक्ति पीठ के मुख्य आकर्षणों में सूर्यकुंड, अखंड धूनी (जहां निरंतर धूना जलाई जाती है) तथा गोपनीय पूजा-अर्चना शामिल हैं। चैत्र और शारदीय नवरात्र के समय



यहां विशेष रूप से भक्तों का भारी आस्था-ज्वार उमड़ता है। नवरात्रि पर करीब 15 दिनों तक राजकीय मेला लगता है, जिसमें देश के विभिन्न प्रांतों समेत नेपाल के श्रद्धालु आराधना के लिए आते हैं। मंदिर परिसर में नौ दुर्गा रूपों की प्रतिमाएं, विधि-विधान से पूजा-पाठ, दीप प्रज्ज्वलन, हवन-पूजन और लाल चुनरी, सिंदूर, फूलों सहित अनेक भेंट-वस्तुओं का समर्पण इस पूजा परंपरा को और भी समृद्ध बनाते हैं। मां की पूजा अलौकिक एवं अद्वितीय है। अर्द्धरात्रि के दूसरे पहर एक से चार बजे तक पूजा का समय निश्चित है, इसका समय कभी नहीं बदलता। समय के साथ इस मंदिर की महत्ता मात्र धार्मिक ही नहीं रह गई, अपितु यह देश का एक आध्यात्मिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र भी बन गया है। मुख्यमंत्री का दूसरा घर कहे जाने वाले शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर को और भव्य बनाने के प्रयास प्रारंभ हो चुके हैं। अयोध्या धाम में आने वाले धार्मिक पर्यटक शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर की ओर उन्मुख हों, इसके लिए सरकार ने 42 करोड़ 50 लाख रुपये दिए हैं। बलरामपुर प्रशासन और उत्तर प्रदेश सरकार ने मंदिर के आसपास 50 एकड़ क्षेत्र का विकास करने की योजना बनाई है, जिससे यहां धार्मिक पर्यटन को और भी बढ़ावा मिले।

**इस तरह जा सकते हैं मंदिर:** मंदिर तक पहुंचने के लिए सबसे सरल रेल मार्ग सेवा है। लखनऊ तथा गोरखपुर ट्रेन के द्वारा आने पर तुलसीपुर रेलवे स्टेशन पर उतरना होगा। यहां से लगभग डेढ़ किलोमीटर मंदिर तक पहुंचने के लिए रिक्शा आदि की सुविधा है। बस से भी तुलसीपुर पहुंचा जा सकता है। लखनऊ से गोरखपुर की दूरी लगभग 300 किलोमीटर है।

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 77,566.16 | 24,028.05 |
| बढ़त | 1352.74 | 422.50 |
| प्रतिशत में | 1.71 | 1.73 |

सोना 1,64,300 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,68,300 प्रति किलो

अमृत विचार
बरेली, मंगलवार, 10 मार्च 2026
www.amritvichar.com

# कारोबार

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 2475, राज श्री 1950, फ़ॉर्चून कि. 2550, रविन्द्रा 2440, फॉर्चुन 13kg 2260, जय जवान 2095, सचिन 2200, सूरज 2095, अवसर 2040, उजाला 2090, गृहणी 13 kg 2025, क्लासिक (kg) 2350, मोर 2300, चक्र टिन 2445, ब्लू 2275, आशीर्वाद मस्टर्ड 2430, स्वास्तिक 2430
**किराना**–निजामाबाद हल्दी 16600, जीरा 26500, लाल मिर्च 21500–24000, धनिया 12000–13000, अजवायान 14000–19000, मेथी 7000–8000 सौंफ 11000–20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 750–1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330–380, मखाना 900–1050
**चावल** – ( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8800, राजभोग 6850, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8800, गौरी प्रीमियम 10300, सूमो 4000, गौरी डिलाइट 9300, मंसूरी पनघट 4200,लाडली 4200
**दाल दलहन** –मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200–12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7350–9200, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10000–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा हीरा 8700, मोटा हीरा 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 13100
**चीनी** – पीलीभीत 4300, बहेड़ी 4200

## बरेली सर्राफा

(दाम प्रति 10 ग्राम ) सोना–पक्के आभूषण 162000, सोना–गिन्नी 158000, चांदी (पक्की) 2650 (अनुमानित )

## बिजनेस ब्रीफ

### मीशो को 1,500 करोड़ की आयकर मांग का नोटिस

**नयी दिल्ली।** ई–कॉमर्स कंपनी मीशो को आयकर विभाग से लगभग 1,500 करोड़ रुपये की कर मांग का नोटिस मिला है। कंपनी ने इस नोटिस को चुनौती देने का निर्णय लिया है। मीशो ने शेयर बाजार को दी एक सूचना में कहा कि उसे छह मार्च को आकलन वर्ष 2023–24 के लिए आयकर विभाग से यह नोटिस मिला। इसमें विभाग की आकलन इकाई ने ब्याज सहित कुल 1,499.73 करोड़ रुपये की कर मांग रखी है। नियामकीय सूचना के मुताबिक, यह कर मांग कंपनी द्वारा घोषित आय में कुछ बढ़ोतरी और समायोजन को आधार बनाते हुए जारी किया गया है। मीशो ने कहा कि वह इस आकलन आदेश की समीक्षा कर रही है और उसमें की गई टिप्पणियों और समायोजनों से सहमत नहीं है।

### रिलायंस ने किया 'पहाड़ी लोकल' का अधिग्रहण

**नयी दिल्ली।** रिलायंस रिटेल लिमिटेड ने सोमवार को भारतीय सौंदर्य और सेहत से जुड़े ब्रांड पहाड़ी लोकल और उसके कारोबार का अधिग्रहण करने की घोषणा की। यह ब्रांड पहाड़ी गुडनेस प्राइवेट लिमिटेड के तहत संचालित होता था और हिमालयी प्राकृतिक सामग्री पर आधारित उत्पादों के लिए जाना जाता है। कंपनी ने कहा कि इस अधिग्रहण के जरिये रिलायंस रिटेल अपने सौंदर्य और व्यक्तिगत देखभाल उत्पादों को मजबूत करेगी।

## 30 साल बेमिसाल



मुंबई में सोमवार को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ़ इंडिया के हेडक्वार्टर में निफ्टी 50 इंडेक्स के 30 साल पूरे होने पर एक यादगार बुकलेट का विमोचन किया गया। पत्रिका के साथ दायें से सेबी चेयरमैन तुहिन कांत पांडे, रिजर्व बैंक इंडिपेंडेंट डायरेक्टर स्वामीनाथन गुरुमूर्ति और एनएसई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीष कुमार चौहान। ● फोटो : एजेंसी

# गिरते मार्केट में एसआईपी जारी रखना क्यों है समझदारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** शेयर बाजार में सोमवार, 9 मार्च को भारी गिरावट देखने को मिली। दिन की शुरुआत से ही बाजार में दबाव बना रहा और निवेशकों के बीच घबराहट का माहौल दिखाई दिया। बीएसई सेंसेक्स करीब 2300 अंक तक टूट गया, वहीं एनएसई का निफ्टी-50 भी लाल निशान में कारोबार करता नजर आया। हालांकि बाद में गिरावट थोड़ी कम हुई, लेकिन बाजार की तेज कमजोरी ने निवेशकों को चिंता में डाल दिया।

ऐसे समय में म्यूचुअल फंड में निवेश करने वाले कई लोगों के मन में यह सवाल उठ रहा है कि क्या बाजार गिरने पर अपनी एसआईपी (सिस्टेमेटिक इंवेस्टमेंट प्लान) को रोक देना चाहिए।




**गिरावट में एसआईपी बंद करना सही नहीं :**बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि बाजार में गिरावट के दौरान एसआईपी बंद करना समझदारी नहीं है। दरअसल म्यूचुअल फंड का रिटर्न और उसका नेट एसेट वैल्यू (एनएवी) सीधे तौर पर बाजार के उतार-चढ़ाव पर निर्भर करता है। जब बाजार गिरता है तो फंड का एनएवी भी कम हो जाता है।

एनएवी कम होने का मतलब यह है कि उसी रकम में निवेशक को ज्यादा यूनिट्स मिल जाती हैं। यानी गिरावट के समय निवेश करने से निवेशक कम कीमत पर अधिक यूनिट खरीद पाते हैं।

**तेजी आने पर मिलता है ज्यादा फायदाः** मान लीजिए कि बाजार में गिरावट के दौरान किसी म्यूचुअल फंड की 50 यूनिट आपने 1000 रुपये में खरीदीं। इस हिसाब से एक यूनिट की कीमत 20 रुपये हुई। बाद में जब बाजार में तेजी आती है और वही यूनिट 22 रुपये की हो जाती है, तो सिर्फ कीमत बढ़ने से ही आपकी 50 यूनिट पर 100 रुपये का फायदा हो सकता है।

यही कारण है कि लंबी अवधि के निवेश के लिए एसआईपी को बेहतर विकल्प माना जाता है। यह बाजार के उतार-चढ़ाव को संतुलित करते हुए निवेशकों को औसत लागत का फायदा ही देता है।

### लंबी अवधि के निवेशकों के लिए अवसर



सीए शरद मिश्रा बताते हैं कि बाजार में गिरावट भले ही आपदा लगती हो लेकिन अक्सर लंबी अवधि के निवेशकों के लिए अवसर बनकर आती है। एसआईपी एक लॉंग टर्म इंवेस्टमेंट प्लान होती है। बाजार में गिरावट के समय किया गया निवेश अधिक यूनिट दिलवाता है। इसी तरह चढ़ता बाजार उन यूनिट्स पर अधिक लाभ दिलवाता है। नियमित निवेश जारी रखने से भविष्य में बेहतर रिटर्न मिलने की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए मार्केट में गिरावट हो या उछाल दोनों ही स्थितियों में एसआईपी को चलते रहने देना चाहिए।

# अमेरिका ने किया अनुरोध-रूसी तेल खरीद रिफाइनरियों में भेजे भारत

## अमेरिकी ऊर्जा मंत्री ने इंटरव्यू में किया खुलासा, जिससे नियंत्रण में रहें कीमतें

न्यूयॉर्क/ वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका ने भारत से अनुरोध किया है कि वह समुद्री परिवहन में पहले से मौजूद रूसी कच्चे तेल को खरीदकर उसे भारतीय रिफाइनरियों की ओर मोड़ दे, ताकि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच आपूर्ति में संभावित कमी और कीमतों में उछाल की आशंकाओं को कम किया जा सके।

अमेरिका के ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने कहा कि यह कदम बाजार को स्थिर रखने के लिए एक अल्पकालिक और व्यावहारिक प्रयास है। इसके साथ ही राइट ने स्पष्ट किया कि इस पहल का मतलब रूसी तेल को लेकर अमेरिका की नीति में किसी बदलाव का संकेत नहीं है।

उन्होंने रविवार को 'सीएनएन' को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि उन्होंने वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट के साथ मिलकर भारतीय अधिकारियों से बात की थी ताकि चीनी रिफाइनरियों में उतारे जाने की प्रतीक्षा कर रहे रूसी कच्चे तेल के कार्गो को भारत खरीद सके। राइट ने कहा कि भारत इस मामले में एक अच्छा सहयोगी रहा है।



मैंने और वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने भारतीय अधिकारियों से फोन पर बात की और कहा कि अभी बहुत सारा तेल चीन की रिफाइनरियों में उतारा जाना है।" वहां तेल को उतारने के लिए छह सप्ताह तक इंतजार कराने के बजाय, इसे पहले ही भारत खरीदकर अपनी रिफाइनरियों में भेजे ताकि तेल की कमी की आशंका, कीमतों में अचानक बढ़ोतरी और बाजार में व्याप्त चिंताओं को कम किया जा सके।" इसके साथ ही उन्होंने दोहराया कि रूस के प्रति अमेरिकी नीति में कोई बदलाव नहीं आया है और "भारत इस बात को लेकर पूरी तरह स्पष्ट है।"

जब उनसे पूछा गया कि क्या रूसी तेल खरीद के लिए भारत को दी गई 30 दिनों की छूट से ट्रंप प्रशासन का रूस को अलग-थलग करने का लक्ष्य कमजोर होता है, उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है। यह केवल एक व्यावहारिक कदम है और इसका असर केवल अल्पकालिक है। रूस के प्रति नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ।

वित्त मंत्रालय की तरफ से पिछले हफ्ते दी गई छूट के तहत भारत 30 दिनों तक रूस से कच्चा तेल खरीद सकता है। इसके पहले ट्रंप प्रशासन ने रूस से तेल खरीदने पर भारतीय उत्पादों पर 25 प्रतिशत दंडात्मक शुल्क लगा दिया था। लेकिन पिछले महीने अंतरिम व्यापार समझौते पर बनी सहमति के तहत इस शुल्क को हटाने की बात कही गई थी।

राइट ने यह भी कहा कि भारत ने रूसी तेल आयात को पूरी तरह बंद कर दिया है और अमेरिका, वेनेजुएला और अन्य देशों से अपने आयात बढ़ा रहा है। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत माइक वाल्ट्ज ने भी इस निर्णय का समर्थन करते हुए कहा कि यह एक अस्थायी और व्यावहारिक उपाय है।

## लौटते जहाजों को उसी बंदरगाह पर लंगर की अनुमति जहां से गये थे

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सीमा शुल्क विभाग ने पश्चिम एशिया संकट के कारण समुद्री मार्गों में आए व्यवधान और हॉर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने के बीच भारतीय बंदरगाहों पर लौटने वाली निर्यात खेप के प्रबंधन के लिए नियम जारी किए हैं। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) द्वारा आठ मार्च को जारी किए गए और 15 दिन के लिए वैध ये नियम यह निर्धारित करते हैं कि माल के पारगमन के अलावा ऐसे सभी मामलों में जहाज को केवल उसी भारतीय बंदरगाह पर लंगर डालने की अनुमति दी जाएगी जहां से उसने प्रस्थान किया था। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड के परिपत्र के अनुसार, बोर्ड के अधीन क्षेत्रीय कार्यालय ऐसी खेप पर दिए गए 'एकीकृत माल एवं सेवा कर' 'शुल्क वापसी' आदि सहित सभी निर्यात प्रोत्साहनों की स्वयं वसूली करेंगे यदि उनका भुगतान पहले ही किया जा चुका है।

● **बंदरगाहों पर लौटने वाली निर्यात खेप के लिए सीमा शुल्क विभाग ने जारी किए नए नियम**

# ईरान युद्ध में कानपुर के 6,000 करोड़ रुपये स्वाहा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच छिड़ी जंग से तेल की कीमतों में भारी उछाल के बीच दुनिया भर के शेयर बाजारों में भारी गिरावट देखी जा रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड की कीमतों में तेजी से सोमवार को सेंसेक्स करीब 2500 अंकों तक गिर गया था। हालांकि क्रूड ऑयल की कीमतों में नरमी की ख़बरों के बाद थोड़ी रिकवरी आई और कारोबार के अंत में सेंसेक्स 1353 अंक वहीं निफ़्टी 422 अंकों की गिरावट के साथ बंद हुआ। युद्ध शुरू हुए 10 दिन हो गए हैं, इस बीच 5 दिन शेयर बाजार खुला है। गुरुवार 5 मार्च को छोड़कर बाकी 4 कारोबारी दिनों में शेयर बाजार में अच्छी खासी गिरावट हुई है। शेयर बाजार में हो रही भारी गिरावट से शहर के निवेशकों को जोर का झटका लगा है। सीधे तौर पर शेयरों में निवेश के साथ ही म्यूचुअल फण्ड तथा यूलिप (यूनिट लिंक्ड इन्शयोंरन्स प्लान) के पोर्टफोलियो में बाजार भाव में खासी गिरावट आई है। युद्ध के दौरान पिछले 5 कारोबारी सत्रों में शहर के निवेशकों का शेयर बाजार तथा इसपर आधारित योजनाओं में निवेशित पूंजी में करीब 6,000 करोड़ रुपये की कमी का अनुमान लगाया जा रहा है।

### लंबी अवधि के निवेशक फिलहाल धैर्य रखें

आर्थिक विशेषज्ञ राजीव सिंह का कहना है कि ब्रेंट क्रूड में तेजी के कारण बाजार और अर्थव्यवस्था को बड़ा झटका लगा है। अगर अमेरिका–ईरान संघर्ष लंबा चलता है तो भारत जैसे बड़े तेल खरीदार देशों पर असर पड़ेगा। महंगाई बढ़ सकती है। हालांकि भू–राजनीतिक घटनाओं का बाजार पर असर आमतौर पर लंबे समय तक नहीं रहता है। इसलिए लंबी अवधि के निवेशकों को धैर्य रखना चाहिए। मजबूत सेक्टर वाले शेयरों में किश्तों में निवेश किया जा सकता है। अगर बाजार की दिशा समझ में नहीं आ रही हो, या उतार–चढ़ाव से असहज महसूस हो रहा हो, तो बेहतर होगा कि अनुभवी एक्सपर्ट की सलाह लें। अफवाहों से दूर रहें, सोशल मीडिया की अपुष्ट खबरों पर निर्णय न लें।

# बड़े निर्यात अवसर पैदा करेंगे एफटीए : गोयल

नयी दिल्ली, एजेंसी

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि पिछले चार वर्षों में भारत द्वारा अंतिम रूप दिए गए नौ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) घरेलू फार्मा और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्रों के लिए बड़े व्यावसायिक अवसर प्रदान करेंगे।

भारत ने ब्रिटेन, मॉरीशस, ऑस्ट्रेलिया, यूरोपीय संघ, चार देशों के समूह यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए), ओमान, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और न्यूजीलैंड के साथ एफटीए को अंतिम रूप दे दिया है। जबकि मॉरीशस, ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात और ईएफटीए के साथ समझौते लागू हो गए हैं, शेष जल्द ही लागू होने की संभावना है। बजट पर आयोजित एक वेबिनार में गोयल ने कहा कि ये समझौते फार्मा, स्वास्थ्य सेवा और चिकित्सा पर्यटन क्षेत्रों के लिए नए अवसर खोलते हैं।

उन्होंने उद्योग जगत को सुझाव दिया कि वे इन समझौतों का पूरा लाभ उठाएं और मजबूत स्वास्थ्य परिवेश विकसित करें।

उन्होंने यह भी कहा कि हमें एक समग्र, एकीकृत और व्यापक स्वास्थ्य प्रणाली विकसित करने की जरूरत है। मंत्री ने बताया कि खाड़ी सहयोग परिषद और यूरेशिया के साथ एफटीए वार्ता अच्छी तरह से आगे बढ़ रही है।

## रुपया 53 पैसे टूटकर सबसे निचले स्तर 92.35 प्रति डॉलर पर

**मुंबई, एजेंसी।** पश्चिम एशिया के बिगड़ते हालात के बीच कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल और डॉलर के मजबूत होने से सोमवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 53 पैसे टूटकर 92.35 प्रति डॉलर (अस्थायी) के अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया।विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजारों में भारी बिकवाली के बीच विदेशी पूंजी की निकासी जारी रहने से रुपये पर खासा दबाव देखा गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 92.22 पर खुला और थोड़ी देर के लिए मजबूत होकर 92.15 तक पहुंच गया। लेकिन बाद में लगातार गिरावट के बीच यह अंत में 92.35 के अपने रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ।

# ऑडिट आदेशों को सार्वजनिक रखें प्राधिकरण

## वित्तीय रिपोर्टिंग में भरोसा बढ़ाने के लिए केंद्रीय सूचना आयोग की सलाह

नयी दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) ने राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (एनएफआरए) को लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं और मानकों को प्रभावित करने वाले आदेशों, निर्देशों, परिपत्रों और नीतिगत निर्णयों को सार्वजनिक करने की सलाह दी है। यह टिप्पणी सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत दायर दूसरी अपील के निपटान के दौरान की गई। अपील में एनएफआरए द्वारा लेखापरीक्षकों या लेखापरीक्षा कंपनियों को मौखिक सुनवाई के दौरान कानूनी सलाहकारों के जरिये प्रतिनिधित्व की अनुमति देने से संबंधित दस्तावेजों की मांग की गई थी।

एनएफआरए की स्थापना सरकार ने 2018 में कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत की है। यह लेखापरीक्षकों को विनियमित करता है और कंपनियों द्वारा लेखांकन और लेखापरीक्षा मानकों के अनुपालन की निगरानी करता है। यह वित्तीय रिपोर्टिंग में विश्वसनीयता के लिए लेखापरीक्षा सेवाओं की गुणवत्ता की भी देखरेख करता है।

सूचना आयुक्त पी आर रमेश ने आदेश में कहा-'एनएफआरए वित्तीय विवरणों की विश्वसनीयता की रक्षा करता है, जिन पर निवेशक, कर्ज देने वाले और आम जनता भरोसा करते हैं।'आयोग ने प्राधिकरण को सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत उसके दायित्वों की भी याद दिलाई। आदेश में कहा गया कि इस बात में कोई संदेह नहीं है कि सूचना के अधिकार अधिनियम की धारा 4 के प्रावधानों के तहत प्रतिवादी का यह कर्तव्य है कि वह धारा 4(1)(ख) और 4(1)(ग) में उल्लेखित जानकारी को अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित करे ताकि जनता को जानकारी प्राप्त करने के लिए सूचना के अधिकार अधिनियम का सहारा कम-से-कम लेना पड़े।




इसी के अनुरूप, सीआईसी ने प्राधिकरण को सलाह दी कि वह जनहित में सूचना के अधिकार अधिनियम की धारा चार के प्रावधानों के अनुसार अपने विभाग द्वारा जारी विभिन्न परिपत्रों/नीतिगत निर्णयों/आदेशों से संबंधित जानकारी अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराए। सुनवाई के दौरान, एनएफआरए ने कहा कि अपीलकर्ता द्वारा मांगा गया दस्तावेज कोई आदेश नहीं था, बल्कि व्यक्तिगत मामलों में लेखा परीक्षकों या लेखापरीक्षा फर्मों को कार्यवाही का सामना करने के लिए जारी कारण बताओ नोटिस के साथ एक आंतरिक नोट था।

**काम की बात**

**जागरूकता की कमी से बिना बीमा चल रहे 50 फीसदी वाहन स्वामी**

# जरूरी है थर्ड पार्टी इंश्योरेंस, जानिए! नियम और सजा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** सड़क पर वाहन चलाने के लिए थर्ड पार्टी मोटर इंश्योरेंस बहुत जरूरी है। यह केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि कानूनन अनिवार्य सुरक्षा कवच है। इसके बावजूद बहुत बड़े अनुपात में वाहन स्वामी अभी भी इसके बिना वाहन चला रहे हैं। यदि आप भी उनमें से एक हैं तो एक छोटी सी लापरवाही भी आपको बड़े कानूनी और आर्थिक संकट में डाल सकती है।

दरअसल, मोटर व्हीकल एक्ट, 1988 के तहत हर वाहन मालिक के लिए थर्ड पार्टी इंश्योरेंस जरूरी है। इसका मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में पीड़ित तीसरे पक्ष को आर्थिक सुरक्षा देना है। कई बार दुर्घटना में ऐसे लोग प्रभावित होते हैं जिनकी कोई गलती नहीं होती। ऐसे मामलों में यह बीमा उनके इलाज, नुकसान या मुआवजे की भरपाई करने में सहायक होता है।

इंश्योरेंस रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (आईआरडीए) के जनवरी 2026 में जारी एक पत्र के अनुसार, देश में 50 प्रतिशत से अधिक वाहन मालिकों के पास थर्ड पार्टी इंश्योरेंस नहीं है। विशेषज्ञों के अनुसार जागरूकता की कमी से कई लोग इसे गैरजरूरी समझते हैं, जबकि यह कानूनी रूप से अनिवार्य है।



● **अन्य व्यक्ति की मौत, चोट और सामने वाले के वाहन को हुआ नुकसान होता है कवर**

● **बहुत कम होती है प्रीमियम, लेकिन बीमा न होने पर हो सकता है चालान और भारी जुर्माना भी**

**क्या होता है कवरः** थर्ड पार्टी इंश्योरेंस में मुख्य रूप से किसी अन्य व्यक्ति की चोट या मृत्यु, सामने वाले वाहन को हुआ नुकसान और सार्वजनिक संपत्ति को हुई क्षति कवर होती है। हालांकि इसमें आपकी अपनी गाड़ी को हुआ नुकसान, चोरी या मेडिकल खर्च शामिल नहीं होते। यानी यह बीमा केवल तीसरे पक्ष को हुए नुकसान की जिम्मेदारी को कवर करता है।

**क्या है सजा या जुर्माना :** अगर कोई व्यक्ति बिना वैध थर्ड पार्टी इंश्योरेंस के वाहन चलाते हुए पकड़ा जाता है तो उसे कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। पहली बार पकड़े जाने पर लगभग 2,000 रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। दोबारा गलती करने पर जुर्माना बढ़ सकता है, साथ ही जेल की सजा, ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन या रद्द होने का खतरा भी रहता है। इसके अलावा अगर ऐसी स्थिति में दुर्घटना हो जाती है तो पीड़ित को मुआवजा चालक को अपनी जेब से देना पड़ सकता है, जो कई बार लाखों रुपये तक पहुंच जाता है।

**कितना होता है प्रीमियमः** थर्ड पार्टी इंश्योरेंस का प्रीमियम सरकार तय करती है और यह वाहन के प्रकार के आधार पर अलग-अलग होता है। मोटरसाइकिल के थर्ड पार्टी प्रीमियम लगभग 550 से 900 रुपये और कार का थर्ड पार्टी बीमा करीब 2100 रुपये से 4000 रुपये तक होता है। बीमा प्रीमियम में ये अंतर वाहन के इंजन की क्षमता पर निर्भर करता है।

विशेषज्ञों का मानना है कि कानूनी जरूरत पूरी करने के लिए थर्ड पार्टी इंश्योरेंस पर्याप्त है, लेकिन बेहतर सुरक्षा के लिए कम्प्रिहेंसिव इंश्योरेंस (फर्स्ट पार्टी) लेना ज्यादा फायदेमंद रहता है। इसमें दूसरे के साथ ही अपने वाहन को हुए नुकसान, चोरी, आग, बाढ़ जैसी स्थितियों के साथ-साथ जीरो डेप्रिसिएशन और रोडसाइड असिस्टेंस जैसे अतिरिक्त लाभ भी मिल सकते हैं।

# सरकार ने अदला-बदली नीलामी में वापस खरीदे 6,309 करोड़ के बॉन्ड

मुंबई, एजेंसी

सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से आयोजित अदला-बदली नीलामी के तहत 6,309 करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियां (जी-सेक) वापस खरीद ली हैं और उनके बदले 6,431.79 करोड़ रुपये के नए बॉन्ड जारी किए हैं। सरकारी प्रतिभूति कम जोखिम वाले ऋण साधन होते हैं जिन्हें सरकार जारी करती है। सरकारी गारंटी वाली इन प्रतिभूतियों पर निश्चित प्रतिफल मिलता है।

सरकार की तरफ से दोबारा खरीदी गई प्रतिभूतियां अगले वित्त वर्ष में परिपक्व होने वाले निर्धारित बॉन्ड का हिस्सा थीं। इनमें 1,684 करोड़ रुपये मूल्य के 7.33 प्रतिशत जीएस 2026 बॉन्ड, 1,035 करोड़ रुपये मूल्य के 5.74 प्रतिशत जीएस 2026 बॉन्ड, 590 करोड़ रुपये मूल्य के 8.15 प्रतिशत जीएस 2026 बॉन्ड और 3,000 करोड़ रुपये के 8.24 प्रतिशत जीएस 2027 बॉन्ड शामिल हैं।




इन बॉन्ड के बदले सरकार ने 1,719.23 करोड़ रुपये मूल्य के 6.57 प्रतिशत जीएस 2033 बॉन्ड, 986.52 करोड़ रुपये मूल्य के 7.62 प्रतिशत जीएस 2039 बॉन्ड, 605.60 करोड़ रुपये मूल्य के 6.57 प्रतिशत जीएस 2033 बॉन्ड और 3,120.42 करोड़ रुपये के 7.40 प्रतिशत जीएस 2062 के बॉन्ड जारी किए। यह फरवरी के बाद से आरबीआई द्वारा आयोजित बॉन्ड अदला-बदली की चौथी नीलामी है। इस नीलामी के तहत सरकार निकट अवधि में परिपक्व होने वाले बॉन्ड की जगह लंबी अवधि के बॉन्ड जारी करती है।

### रिजर्व बैंक ने खरीदी 50 हजार करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूति

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकिंग तंत्र में नकदी की उपलब्धता बढ़ाने के लिए सोमवार को खुले बाजार से 50 हजार करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद की। केंद्रीय बैंक ने पिछले सप्ताह खुले बाजार से दो किस्तों में एक लाख करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद की घोषणा की थी। पहली किस्त के तहत आज खरीद की गयी है जबकि दूसरे किस्त की खरीद 13 मार्च को की जायेगी। आज खरीदी गयी सरकारी प्रतिभूतियों में चार साल, पांच साल, सात साल, आठ साल, नौ साल, 13 साल और 27 साल की मियाद वाली प्रतिभूतियां शामिल हैं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ताइवान की आजादी की मांग करने वालों को चीन में कड़ी सजा

**बीजिंग।** चीन ने 2025 में ताइवान की स्वतंत्रता की मांग करने वाले कट्टर अलगाववादियों को कड़ी सजा दी है। सुप्रीम पीपुल्स कोर्ट ने सोमवार को अपनी रिपोर्ट में जानकारी दी कि चीन में अलगाव रोधी कानून को सख्ती से लागू किया गया है। सुप्रीम पीपुल्स प्रोक्यूरेटोरेट ने उसी दिन समीक्षा के लिए जमा की गई अपनी वर्क रिपोर्ट में कहा कि राष्ट्रीय संप्रभुता, एकता और क्षेत्रीय अखंडता को सुरक्षित रखने के लिए अलगाववाद को भड़काने के अपराधों के लिए अलगाववादियों को कानून के अनुसार सजा दी गई है।

### बेंगलुरु के पास से अपहृत व्यक्ति का शव तमिलनाडु में मिला

**बेंगलुरु।** शहर के पास से अपहृत किए गए एक रियल एस्टेट कारोबारी का शव सोमवार को पड़ोसी राज्य तमिलनाडु में मिला जिस पर गंभीर चोटों के निशान थे। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान 30 वर्षीय रियल एस्टेट कारोबारी गोपाल उर्फ गोपी के रूप में हुई है, जो बेंगलुरु शहर के बाहरी इलाके में आनेकल तालुक के होन्नाकलासापुरा गांव के निवासी थे। पुलिस ने मोहन बाबू नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जिसे मुख्य साजिशकर्ता माना जा रहा है। उसके दो साथियों को पकड़ने के प्रयास भी जारी हैं।

### ओडिशा : आइसक्रीम फैक्ट्री में विस्फोट, एक की मौत, तीन घायल

**ब्रह्मपुर।** ओडिशा के गंजाम जिले में सोमवार को आइसक्रीम बनाने वाली एक इकाई में हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना धारकोट थाना क्षेत्र के अंतर्गत तलपटना गांव में हुई। मृतक की पहचान जगन्नाथ प्रसाद थाना अंतर्गत कुशापल्ली निवासी बिदेशी प्रधान (56) के रूप में हुई है। घायलों में इकाई का मालिक, उसका बेटा और पत्नी शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि उन्हें यहां एमकेसीजी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## पाकिस्तानी निर्माता टैगोर की लघु कथा 'शास्ति' पर फिल्म बनाएंगे

**● मशहूर बांग्लादेशी फिल्मकार लीसा गाजी करेंगी निर्देशन**

**कराची।** पाकिस्तानी निर्माता आबिद मर्चेंट ने नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर की 1893 की लघुकथा 'शास्ति' (सजा) पर आधारित एक अंतरराष्ट्रीय फिल्म की शुरुआत करने की घोषणा की है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना में पाकिस्तान, बांग्लादेश, अमेरिका, ब्रिटेन, हांगकांग और ऑस्ट्रेलिया के फिल्म पेशेवर शामिल होंगे।

फिल्म का निर्देशन बांग्लादेशी फिल्मकार लीसा गाजी करेंगी, जिन्हें उनकी 2025 की फिल्म 'ए हाउस नेम्ड शाहाना' के लिए जाना जाता है। मर्चेंट ने बताया कि वह अपनी संस्था 'सनात इनिशिएटिव' के बैनर तले इस फिल्म का निर्माण करेंगे। फिल्म में बांग्लादेश की दो प्रमुख अभिनेत्रियां पोरी मोनी और चंचल चौधरी मुख्य भूमिका में हैं। सहलेखिका आनन सिद्दीका और ऑस्ट्रेलियाई-बंगाली अभिनेता अर्का दास भी इसमें शामिल हैं। मर्चेंट ने कहा कि यह फिल्म दो भाई और उनकी पत्नियों के इर्द-गिर्द घूमती है और इसमें हत्या और अदालत का कथानक भी है। हालांकि यह एक व्यावसायिक फिल्म है जिसे हम कई भाषाओं में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रिलीज करना चाहते हैं।

उनसे जब फिल्म में पाकिस्तानी कलाकारों की अनुपस्थिति के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, यह फिल्म बांग्लादेश की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि पर आधारित है, इसलिए प्रामाणिकता महत्वपूर्ण है।

## इजराइल का डिफेंस सिस्टम इतना भी अभेद्य नहीं

ईरान के खिलाफ 28 फरवरी से शुरू हुए ताजा युद्ध में इजराइल को भीषण जवाबी हमलों का सामना करना पड़ा है और इन हमलों ने एक बार फिर इस बहुप्रचारित दावे पर सवाल उठाए हैं कि इजराइल का एयर डिफेंस सिस्टम अभेद्य है। दरअसल, ईरानी मिसाइलों ने इजराइल की राजधानी तेल अवीव के साथ मध्य इजराइल के घनी आबादी वाले इलाकों को निशाना बनाया है जिनकी वजह से न सिर्फ तमाम लोगों की मौत हुई है बल्कि सैकड़ों लोग घायल भी हुए हैं। ईरान के हमलों से बचने के लिए इजराइल की बड़ी आबादी को बंकरों में शरण लेनी पड़ी है। तेल अवीव समेत प्रमुख शहरों में बार-बार लोगों को अलर्ट करने के लिए साइरन बज रहे हैं, जो यह बताने के लिए काफी है कि खुद इजराइल को भी यह एहसास है कि उसका एयर डिफेंस सिस्टम शत-प्रतिशत तौर पर दुश्मन की मिसाइलों को रोकने में सक्षम नहीं है।



### इजराइल पर हमलों का असर

- मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक 28 फरवरी से 4 मार्च के बीच ईरान ने 90 से ज्यादा हमले किए। 9 मार्च को 12 घंटे से भी कम समय में बैलिस्टिक मिसाइलों की 5 बड़ी लहरें दागीं।
- तेल अवीव और मध्य इजराइल के घनी आबादी वाले इलाकों में ईरान की मिसाइलें गिरने से अब तक 24 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। इसके साथ सैकड़ों घायल हुए हैं।
- रामत गन और तेल अवीव के आवासीय भवनों और नागरिक संरचनाओं को भारी नुकसान पहुंचा है। ईरान ने इजराइल की हाइफा रिफाइनरी को भी निशाना बनाया गया है।
- तीन मार्च की रिपोर्टों के अनुसार ईरान की लगभग 20 मिसाइलें सीधे नागरिक क्षेत्रों में गिरीं जो साबित करता है कि कुछ मिसाइलें उसके रक्षा कवच को भेदने में सफल रही हैं।
- ईरान के मिसाइल हमले में जॉर्डन में तैनात एक अमेरिकी थाड सिस्टम का रडार (एएन/टीपीवाई-2) भी नष्ट होने की खबर है, इस रडार की कीमत लगभग 300 मिलियन डॉलर थी।

### ईरान के हमलों के आगे यह है बड़ी चुनौती

- ईरान एक साथ बड़ी संख्या में मिसाइलें और ड्रोन दागकर इजराइल के रडार और इंटरसेप्टर की क्षमता को ओवरलोड करने की कोशिश कर रहा है।
- ईरान ने हाइपरसोनिक मिसाइलों का उपयोग किया है, जो अत्यधिक गति और दिशा बदलने की क्षमता के कारण डिफेंस सिस्टम को चकमा दे देती हैं।
- इजराइल के आयरन डोम की तामीर मिसाइल जैसी इंटरसेप्टर मिसाइलों की संख्या सीमित है। लगातार हमलों से इनका स्टॉक खत्म हो सकता है।
- एक आयरन डोम इंटरसेप्टर की लागत 40,000 से 50,000 डॉलर है, जबकि ईरान के ड्रोन बहुत सस्ते हैं। यह इजराइल के लिए महंगा पड़ रहा है।

- 9 मार्च को तेल अवीव में इजराइली नेताओं का अत्यंत गुप्त बंकर ईरानी मिसाइल ने तबाह कर दिया।

### अभेद्य नहीं

- ईरान के शक्तिशाली हमलों ने यह साबित किया है कि कोई भी सिस्टम 100 प्रतिशत अभेद्य और अचूक नहीं है। बस इतना ही कहा जा सकता है कि इजराइल की वायु रक्षा प्रणाली आयरन डोम, डेविड्स स्लिंग और एरो दुनिया में सबसे उन्नत है।

### बंकरों के भरोसे लोग

- पूरे देश में 12,000 सार्वजनिक बंकर हैं। ये बड़े भूमिगत हॉल होते हैं जिनमें एक साथ सैकड़ों लोग शरण ले सकते हैं।
- 1992 के बाद बने हर घर या अपार्टमेंट में एक सेफ रूम होना अनिवार्य है। ये मिसाइल हमलों के प्रति सुरक्षित माने जाते हैं।
- कई शॉपिंग मॉल, अस्पताल और होटलों के नीचे गहरे बंकर बने हैं, जिनमें जिम, डाइनिंग एरिया और वाशरूम भी होते हैं।

# नेपाल: सबसे युवा और पहले मधेसी पीएम होंगे बालेंद्र

## राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने अब तक 165 में से 124 सीटों पर हासिल की जीत, एक पर और आगे, चार सीटों की गिनती बाकी

**काठमांडू, एजेंसी**



नेपाल में हुए आम चुनाव में युवा नेता बालेंद्र शाह के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने 165 में से 124 सीट पर जीत हासिल कर ली है और एक सीट पर आगे चल रही है। संसद की कुल 275 सीटों में से बाकी बची 110 समानुपातिक (पीआर) सीटों के लिए भी मतगणना अंतिम चरण में है। प्रारंभिक रुझानों में आरएसपी को कुल मतों का लगभग 53 प्रतिशत हिस्सा मिलता दिख रहा है। यदि यही रुझान अंतिम परिणामों में तब्दील होता है, तो आरएसपी अकेले 185-186 सीट तक पहुंच सकती है, जो दो-तिहाई बहुमत (184 सीट) के जादुई आंकड़े से अधिक होगा।

चुनाव आयोग ने 165 में से 162 सीट के परिणाम घोषित कर दिए हैं। नेपाली कांग्रेस 18 सीट जीतकर दूसरे स्थान पर है, जबकि नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी) ने आठ सीट जीती हैं और एक पर आगे चल रही है। नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी को सात सीट हासिल हुई हैं। इन प्रमुख दलों के अलावा श्रम संस्कृति पार्टी के तीन, राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी का एक प्रत्याशी और एक स्वतंत्र उम्मीदवार भी इन चुनावों में सफल रहा है। इस चुनाव का सबसे बड़ा और चौंकाने वाला परिणाम झापा-5 निर्वाचन क्षेत्र से आया है। यहां आरएसपी के प्रधानमंत्री पद के चेहरे बालेंद्र शाह ने नेपाल के कद्दावर नेता और चार बार प्रधानमंत्री रहे केपी शर्मा ओली को करीब 50,000 वोटों के भारी अंतर से शिकस्त दी है।

**पुराने चेहरों के युग का अंत:** ओली की हार के साथ ही नेपाल की राजनीति में दशकों से दबदबा रखने वाले पुराने चेहरों के युग का अंत माना जा रहा है। बालेंद्र शाह अब नेपाल के इतिहास के सबसे युवा और पहले 'मधेसी' प्रधानमंत्री बनने की दहलीज पर खड़े हैं।

### 165 सीटों में से 161 सीट के परिणाम अब तक घोषित

काठमांडू। अब तक प्रत्यक्ष मतदान के तहत 165 सीटों में से 161 सीट के परिणाम घोषित किए जा चुके हैं। शेष चार सीट के परिणाम दोपहर तक आने की संभावना है। आनुपातिक मतदान में आरएसपी को 40,49,604, एनसी को 13,60,281, सीपीएन-यूएमएल को 11,50,679, एनसीपी को 5,91,940, श्रम संस्कृति पार्टी को 2,91,965, जनता समाजवादी पार्टी को 1,16,463 और राष्ट्रीय परिवर्तन पार्टी को 2, 76,931 वोट मिले हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि 40 लाख से अधिक वोट हासिल करने के साथ ही आरएसपी को कम से कम 40 अतिरिक्त सीटें मिल सकती हैं, जिससे 275-सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में उसकी कुल संख्या लगभग 164 हो जाएगी। यह बहुमत के लिए आवश्यक 138 सीट से काफी अधिक है।

### नेपाल : ऊपरी सदन के नवनिर्वाचित 17 सदस्यों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

काठमांडू। नेपाल में निचले सदन प्रतिनिधि सभा के चुनाव की गहमागहमी के बीच संघीय संसद के ऊपरी सदन राष्ट्रीय सभा के नवनिर्वाचित सदस्यों ने सोमवार को पद और गोपनीयता की शपथ ली। काठमांडू के सिंह दरबार में आयोजित समारोह के दौरान राष्ट्रीय सभा के अध्यक्ष नारायण प्रसाद दहल ने 18 में से 17 सदस्यों को शपथ दिलाई। इन सदस्यों का निर्वाचन इसी वर्ष 25 जनवरी को हुआ था। नेपाल के संविधान के अनुसार, 59 सदस्यीय राष्ट्रीय सभा के सदस्यों का कार्यकाल छह वर्ष का होता है। सदन की निरंतरता बनाए रखने के लिए इसके एक-तिहाई सदस्यों का कार्यकाल प्रत्येक दो वर्ष में समाप्त हो जाता है और उनकी जगह नए चुनाव कराए जाते हैं। इस बार 19 सदस्यों का कार्यकाल 4 मार्च 2026 को समाप्त हुआ था।

### मोदी ने रबी लामिछाने और बालेंद्र शाह से बात की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को नेपाल की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के नेता रबी लामिछाने तथा बालेंद्र शाह से बात की और उन्हें चुनाव में जीत के लिए बधाई दी। उन्होंने दोनों देशों की पारस्परिक समृद्धि, प्रगति और खुशहाली के लिए उनके साथ मिलकर काम करने की भारत की प्रतिबद्धता व्यक्त की। नेपाल के दोनों नेताओं के साथ टेलीफोन पर हुई बातचीत में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि संयुक्त प्रयासों से भारत-नेपाल संबंध आने वाले वर्षों में नयी ऊंचाइयों को छुएंगे। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के अध्यक्ष रबी लामिछाने और आरएसपी के वरिष्ठ नेता बालेंद्र शाह के साथ फोन पर सौहार्दपूर्ण बातचीत हुई।

## राज्यसभा चुनाव में तमिलनाडु के सभी छह उम्मीदवारों निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा

**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा से राज्यसभा की छह सीटों के लिए सत्तारूढ़ द्रमुक गठबंधन के चार और विपक्षी अन्नाद्रमुक-राजग के दो उम्मीदवारों को सोमवार को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। नामांकन वापसी की अंतिम तिथि तक केवल इन्हीं छह उम्मीदवारों के नामांकन मान्य होने के कारण निर्वाचन अधिकारियों ने उन्हें विजयी घोषित किया और निर्वाचन प्रमाणपत्र भी सौंप दिए।

**● सत्तारूढ़ द्रमुक और विपक्षी अन्नाद्रमुक के प्रत्याशियों ने ही कराया था नामांकन**

चुनाव के लिए 16 मार्च को मतदान होना है लेकिन तमिलनाडु के लिए इसकी जरूरत नहीं पड़ी, क्योंकि द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) और अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के अलावा किसी अन्य दल के उम्मीदवार चुनाव नहीं लड़ सके। राज्य विधानसभा में उम्मीदवार बनने के लिए कम से कम 34 विधायकों का समर्थन और 10 विधायकों की ओर से प्रस्तावित नामांकन आवश्यक था। निर्विरोध चुने गए उम्मीदवारों में तिरुचि एन शिवा (द्रमुक) शामिल हैं, जो लगातार छठी बार निर्वाचित हुए हैं। द्रमुक के प्रो. जे कॉन्स्टैंटाइन रविंद्रन, कांग्रेस के क्रिस्टोफर तिलक, डीएमडीके के कोषाध्यक्ष एलके सुदीश, अन्नाद्रमुक के वरिष्ठ नेता एम थंबीदुरई और पीएमके के एक धड़े के नेता तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. अंबुमणि रामदास भी निर्विरोध निर्वाचित हुए। कुल 234 सदस्यीय तमिलनाडु विधानसभा में दलों की संख्या के आधार पर द्रमुक और अन्नाद्रमुक उम्मीदवारों की जीत पहले से ही तय मानी जा रही थी।

## कोलकाता में मुख्य निर्वाचन आयुक्त को दिखाए काले झंडे, नारेबाजी की

**● कालीघाट मंदिर पहुंचे थे ज्ञानेश कुमार, वापस जाओ के लगे नारे**

**कोलकाता, एजेंसी**




सीईसी ज्ञानेश कुमार को काले झंडे दिखाकर विरोध प्रदर्शन करतीं महिलाएं।

दक्षिण कोलकाता के प्रतिष्ठित कालीघाट मंदिर में सोमवार सुबह दर्शन करने पहुंचे मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को वापस जाओ के नारों और काले झंडों के साथ विरोध का सामना करना पड़ा। यहां मौजूद पुलिसकर्मियों को स्थिति को नियंत्रित करना पड़ा, जिसके बाद ज्ञानेश कुमार मंदिर में दर्शन के लिए आगे बढ़ पाए।

रविवार रात को भी ज्ञानेश कुमार के पहुंचने पर भी हवाई अड्डे के पास इसी तरह का विरोध किया गया था। जब उनका काफिला हवाई अड्डे से बाहर निकल रहा था, तब तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने एसआईआर को लेकर विरोध करते हुए वापस जाओ के नारे लगाए और काले झंडे दिखाए। हवाई अड्डे के बाहर वाम दल कार्यकर्ताओं ने भी प्रदर्शन किया, जिससे इलाके में कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति बन गई। पुलिस ने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले ज्ञानेश कुमार की तीन दिवसीय यात्रा के मद्देनजर पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं।

### नाम विचाराधीन श्रेणी में देख महिला ने की आत्महत्या

**कोलकाता।** उत्तर 24 परगना जिले में 50 वर्षीय रीना रानी कुंदू एसआईआर के बाद प्रकाशित मतदाता सूची में अपना नाम विचाराधीन श्रेणी में देखकर इतना व्यथित हुई कि सोमवार को आत्महत्या कर ली। उसके दो बेटों के नाम भी सूची से गायब थे। पुलिस के मुताबिक घटना बदुरिया उपमंडल के पश्चिम चांदीपुर गांव में हुई। निर्वाचन आयोग ने 28 फरवरी को जारी मतदाता सूची में 60 लाख से अधिक मतदाताओं को विचाराधीन श्रेणी में रखा था। आयोग की ओर से नियुक्त न्यायिक अधिकारी वर्तमान में गणना प्रपत्रों की 'तार्किक विसंगतियों' को लेकर जांच कर रहे हैं।

### अफसरों को धमका रहे सीईसी, ये दुस्साहस है: ममता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर एक बैठक के दौरान राज्य के अधिकारियों को धमकाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि संवैधानिक पद पर आसीन अधिकारियों का दुस्साहस दिखाना स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने निर्वाचन आयोग की पूर्ण पीठ की बैठक के बाद यह टिप्पणी की है, जिसमें राज्य के वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने अप्रैल में होने वाले पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों की तैयारियों की समीक्षा की। कोलकाता में एसआईआर के विरोध में धरनास्थल पर पत्रकारों से बात करते हुए ममता बनर्जी ने ये आरोप लगाए।

## राजौरी में नदी पार करने के अभ्यास के दौरान सैनिक लापता

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के सुंदरबनी सेक्टर में सोमवार को नदी पार करने के अभ्यास के दौरान सेना का एक जवान लापता हो गया। जवान का पता लगाने के लिए संयुक्त बचाव अभियान शुरू किया गया है।

अधिकारियों ने कहा कि यह घटना खौर इलाके में मनावर नदी में हुई और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की एक टीम जवान का पता लगाने के लिए सेना और पुलिस के साथ अभियान में शामिल है। सेना की व्हाइट नाइट कोर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "सुंदरबनी में नदी पार करने के प्रशिक्षण अभ्यास के दौरान, सिपाही अक्षित शर्मा के आज (सोमवार) दोपहर करीब 12 बजे लापता होने की सूचना मिली। सैनिक का पता लगाने के लिए व्यापक तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

## हादी के हत्यारोपियों के प्रत्यर्पण की प्रक्रिया शुरू

**ढाका।** बांग्लादेश ने सोमवार को कहा कि उसने छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या के आरोपी दो संदिग्ध हमलावरों को वापस लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। एक दिन पहले पश्चिम बंगाल के रास्ते अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने वाले संदिग्धों को भारतीय पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था।

गृह मंत्री सलाहुद्दीन अहमद ने सोमवार को उत्तर-पश्चिमी कॉक्स बाजार में पत्रकारों से कहा, दोनों आरोपियों को प्रत्यर्पित करने की पहल की गई है। ढाका में एक अलग संवाददाता सम्मेलन में बांग्लादेश के पुलिस प्रमुख मोहम्मद अली हुसैन फाकिर ने कहा कि संदिग्धों फैसल करीम मसूद और आलमगीर हुसैन को वापस लाने के लिए राजनयिक प्रयास जारी हैं। इंकलाब मंच के प्रवक्ता और भारत के कट्टर आलोचक रहे हादी जुलाई-अगस्त 2024 के जनांदोलन के दौरान राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध हुए थे। इन आंदोलनों के कारण शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार गिर गई थी।

## पूर्वी प्रशांत महासागर में नाव पर अमेरिकी हमले में छह की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने रविवार को कहा कि पूर्वी प्रशांत महासागर में कथित मादक पदार्थ तस्करी में शामिल एक नाव पर किए गए हमले में छह लोगों की मौत हो गई। यह कार्रवाई मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ अमेरिकी प्रशासन के अभियान का हिस्सा बताई गई है।

रविवार के इस हमले के साथ ही सितंबर की शुरुआत से छोटे जहाजों को निशाना बनाने के अभियान में मरने वालों की संख्या बढ़कर 157 हो गई है। ट्रंप प्रशासन इन लोगों को नार्को-आतंकवादी बताता रहा है। अमेरिकी दक्षिणी कमान ने कहा कि पूर्वी प्रशांत महासागर और कैरेबियाई सागर में किए गए 40 से अधिक हमलों की तरह इस कार्रवाई में भी मादक पदार्थ तस्करों को उनके तस्करी मार्गों पर निशाना बनाया गया। हालांकि सेना ने यह सबूत नहीं दिया कि संबंधित नाव में मादक पदार्थ ले जाए जा रहे थे।

## राष्ट्रपति प्रोटोकॉल मामले में केंद्र को भेजी रिपोर्ट

**● मुख्यमंत्री की अनुपस्थिति का कारण बताया, दस्तावेज भी भेजे**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सिलीगुड़ी दौरे के दौरान कथित प्रोटोकॉल के उल्लंघन के संदर्भ में परिस्थितियों को स्पष्ट करते हुए सोमवार को केंद्र सरकार को रिपोर्ट सौंपी। राज्य की मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती की ओर से केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन को भेजी गई रिपोर्ट में घटनाक्रम का विवरण देने के लिए सहायक दस्तावेज भी शामिल हैं।

पश्चिम बंगाल सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक पूरे घटनाक्रम की विस्तृत जानकारी देने वाली रिपोर्ट संबंधित दस्तावेजों के साथ केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेज दी गई है। उन्होंने कहा, हमने हर चरण में किए गए प्रशासनिक निर्णयों को रिकॉर्ड में रखा है। रिपोर्ट में यह भी स्पष्ट किया गया है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कार्यक्रम में क्यों उपस्थित नहीं हुईं। इसके अलावा, राज्य सरकार ने केंद्र सरकार को राष्ट्रपति मुर्मू के दौरे के दौरान अंतरराष्ट्रीय आदिवासी और संथाल सम्मेलन का स्थल बदलने संबंधी निर्णय से जुड़े कारणों के बारे में जानकारी दी है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सात मार्च को राष्ट्रपति के राज्य दौरे के दौरान प्रोटोकॉल उल्लंघन के आरोपों के बाद पश्चिम बंगाल सरकार से रिपोर्ट मांगी थी। पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को भेजे गए पत्र में राष्ट्रपति के आगमन के दौरान राज्य मेंमुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक की अनुपस्थिति पर प्रतिक्रिया मांगी गई थी, और इसे ब्लू बुक नियमों का गंभीर उल्लंघन बताया गया था।

### एसआईआर : नाम हटाने की याचिका पर विचार करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को उन मतदाताओं की नई याचिका पर सुनवाई करने के लिए सहमति जताई जिनके नाम पश्चिम बंगाल में एसआईआर के दौरान निर्वाचन आयोग ने हटा दिए थे। सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमल्य बागची की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता मेनका गुरुस्वामी के तर्क पर गौर किया कि यह याचिका मतदाता सूचियों से पूर्ववर्ती मतदाताओं के नाम हटाए जाने से संबंधित है। वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा, ये मतदाता हैं, इन्होंने पहले मतदान किया था, लेकिन अब उनके दस्तावेज स्वीकार नहीं किए गए। सीजेआई ने कहा हम न्यायिक अधिकारियों के निर्णयों के खिलाफ अपील को रोक नहीं सकते। एक वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि अपील विचारयोग्य है। इस पर पीठ ने कहा कि याचिका पर मंगलवार को सुनवाई होगी।



## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज मित्रों के साथ अनबन हो सकती है। व्यर्थ के खर्चों में बढ़ोतरी होगी। आर्थिक मामलों को लेकर थोड़े लापरवाह हो सकते हैं।

**तुला** – आज अपनी कमियों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। विरोधियों के ऊपर आपका प्रभाव बढ़ने वाला है। किसी से अधिक अपेक्षा न रखें।

**वृष** – आज सफलता मिलने के योग हैं। मन में नए और रचनात्मक विचार आते रहेंगे। नए लोगों के साथ संपर्क विकसित होंगे।

**वृश्चिक** – आज नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। साझेदारी से जुड़े हुए कार्यों में सफलता मिलेगी। अपने काम पर विश्वास बनाए रखें।

**मिथुन** – आज आप कार्यक्षेत्र में काफी मेहनत करेंगे। व्यवसाय में सुधार करने की आवश्यकता है। बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है।

**धनु** – आज आपको यात्रा करनी पड़ सकती हैं। स्वास्थ्य बिगड़ने की संभावना है। बाजार के भोजन से आपको बचना चाहिए।

**कर्क** – आज आप छोटी-छोटी बातों को महत्व न दें। बुरे लोगों की संगत से बचें। कमीशन संबंधी कार्यों में धन हानि हो सकती है।

**मकर** – आज शेयर मार्केट में धन निवेश लाभकारी होगा। परिजनों पर धन खर्च करेंगे। गैरकानूनी कार्यों में रुचि ले सकते हैं।

**सिंह** – आज नए कार्यों की शुरुआत करना उचित नहीं है। वाणी पर नियंत्रण रखें। वाहन चलाते समय सावधानी रखनी चाहिए।


**कुंभ** – आज प्रबंधन संबंधी कार्यों के लिए दिन विशेष है। स्थायी संपत्ति में वृद्धि होगी। कारोबार में योजनाएं बदलनी पड़ सकती हैं।

**कन्या** – आज राजनीतिक संबंधों के लिए दिन अच्छा है। आप कठिन काम को सूझबूझ से सुलझा लेंगे। व्यवसाय में बड़ी उपलब्धि मिल सकती है।

**मीन** – आज किसी को उधार में धन न दें। कार्यशैली में सुधार कर सकते हैं। आपको इच्छित परिणाम मिलने में कठिनाई होगी।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 10 मार्च, मंगलवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, सप्तमी 11 मार्च 01.54 तक तत्पश्चात अष्टमी।

**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-अनुराधा 19 .05 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

### सुडोकू - 83 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 3 | 6 | 5 | 8 | 7 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 9 | 1 | 2 | 3 | 5 | 8 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 4 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 1 | 6 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 |
| 3 | 8 | 4 | 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 1 | 4 | 9 | 6 |
| 6 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 7 | 5 |
| 1 | 3 | 8 | 2 | 7 | 5 | 6 | 4 | 9 |
| 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 6 | 1 | 8 | 3 |

### सुडोकू -84

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 7 | | 5 | | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 1 | | | |
| 2 | | | | 6 | | | | 1 |
| | | 3 | | | 2 | 5 | 4 | |
| | | | | | | | | |
| | 2 | 6 | 1 | | | 8 | | |
| 5 | | | | 7 | | | | 2 |
| 4 | | | 9 | | 3 | | 6 | |
| | | | | 1 | 8 | | 9 | |

**तनातनी**

**दोनों सदनों में जानकारी दे चुके हैं जयशंकर, विपक्ष की मांग मानने के मूड में नहीं सरकार**

# पश्चिम एशिया पर संसद में चर्चा होने की संभावना नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में मौजूदा संकट पर संसद में चर्चा कराने संबंधी विपक्ष की मांग को सरकार की ओर से स्वीकार किए जाने की संभावना नहीं है क्योंकि विदेश मंत्री एस जयशंकर दोनों सदनों को इस मुद्दे पर जानकारी दे चुके हैं। सूत्रों के मुताबिक सरकार लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा करना चाहती है, जिस पर मंगलवार को चर्चा होने की संभावना है क्योंकि पश्चिम एशिया पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्ष के प्रदर्शन के कारण कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई।

सूत्रों के अनुसार, पश्चिम एशिया में स्थिति पर संसद में कोई चर्चा नहीं होगी क्योंकि विदेश मंत्री दोनों सदनों को इस बारे में जानकारी दे चुके हैं। पश्चिम एशिया में स्थिति पर चर्चा की मांग को लेकर सोमवार को लोकसभा में हुए हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही दो बार के स्थगन के बाद तीसरी बार दिनभर के लिए स्थगित करनी पड़ी। सरकार ने विपक्ष पर सदन के नियमों का पालन न करने का आरोप लगाया।

विदेश मंत्री एस जयशंकर पश्चिम एशिया में स्थिति पर बयान देने के लिए जैसे ही खड़े हुए, विपक्षी सदस्यों ने सरकार के खिलाफ नारे लगाने शुरू कर दिए और पश्चिम एशिया में जारी संकट पर विस्तृत चर्चा की मांग की। पीठासीन सभापति जगदंबिका पाल ने विपक्षी सदस्यों से सदन चलने देने की अपील की। उन्होंने कहा, आप लोग सदन में तख्तियां लेकर आए हैं, आप यह पहले से तय करके आएं है कि सदन नहीं चलने देना है।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कांग्रेस पर गैरजिम्मेदार विपक्षी दल होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि लगता है कि विपक्ष असमंजस में है क्योंकि पहले वह खुद लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अनावश्यक प्रस्ताव लेकर आया और अब दूसरा विषय लेकर आ गया। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने पश्चिम एशिया में संघर्ष और इसकी वजह से भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर पड़ने वाले प्रभावों पर सोमवार को उच्च सदन में संक्षिप्त चर्चा कराने की मांग की।

### असलियत सामने न आ जाए इसलिए डर रहे हैं मोदी : राहुल

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि सरकार संसद में पश्चिम एशिया मामले पर चर्चा नहीं करना चाहती क्योंकि यह बात सामने आएगी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ब्लैकमेल किया जा रहा है और वह कम्प्रोमाइज्ड हो चुके हैं। राहुल गांधी ने यह दावा भी किया, आपने देखा कि प्रधानमंत्री संसद से भाग गए हैं। अब वह सदन के अंदर नहीं आ पाएंगे। राहुल ने कहा, पश्चिम एशिया में आमूलचूल परिवर्तन की लड़ाई चल रही है, जिससे भारत की अर्थव्यवस्था को बहुत नुकसान होने वाला है। पश्चिम एशिया एक जरूरी मुद्दा है, क्योंकि उसका असर ईंधन की कीमत और भारत की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। वहीं, नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका से व्यापार समझौता कर लिया है और हमने स्टॉक बाजार का हाल देख लिया है।



> विश्व कप खिताब का बचाव करने के लिए जज्बा चाहिए और सूर्यकुमार की अगुआई वाली इस टीम ने सबसे बड़े मंच पर असली जज्बे के साथ खेला। संजू ने मौके मिलने पर फिर से दिखाया कि वह मैच विजेता क्यों हैं। अभिषेक शर्मा फाइनल में शानदार थे।
>
> –युवराज सिंह


# स्टेडियम

बरेली, मंगलवार, 10 मार्च 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### जीत की हकदार है पूरी टीम : सचिन

**नई दिल्ली।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने भारत को 'पूरी तरह से जीत का हकदार' बताया जबकि इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने उन्हें 'सीमित ओवरों की सर्वश्रेष्ठ टीम' का तमगा किया।



क्रिकेट जगत ने इस तरह से भारतीय टीम की ऐतिहासिक तीसरी टी20 विश्व कप खिताबी जीत को सराहा। तेंदुलकर ने टीम के प्रदर्शन की सराहना की और मुंबई में अपने घर के बाहर जश्न की एक झलक साझा की। तेंदुलकर ने लिखा लगातार दो बार विश्व कप जीतना, पहली बार किसी टीम ने टी-20 प्रारूप में ऐसा किया है। ट्रॉफी के पूरी तरह से हकदार।

### यह जीत हमारी ताकत दिखाती है : गांगुली

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान और भारतीय क्रिकेट बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा कि यह जीत हर स्तर पर भारतीय क्रिकेट की ताकत दिखाती है।



गांगुली ने पोस्ट किया टी20 विश्व कप जीतने के लिए भारत को बधाई... बहुत मजबूत टीम... बड़े मुकाबलों में बेहतर हुई... भारतीय क्रिकेट शानदार जगह पर है। महिला चैंपियन, अंडर-19 चैंपियन और अब पुरुष टी20 चैंपियन।

### आपकी मुस्कान अच्छी लगती है : धोनी

**अहमदाबाद।** भारत की इतिहास रचने वाली टी20 विश्व कप जीत ने लगभग दो साल बाद महान क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी को सोशल मीडिया पर फिर से सक्रिय कर दिया और उन्होंने इस मौके का फायदा उठाते हुए मुख्य कोच गौतम गंभीर को बताया कि उनके गंभीर चेहरे पर मुस्कान कितनी अच्छी लगती है। धोनी ने इंस्टाग्राम पर पिछला पोस्ट 2024 में किया था। उन्होंने यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में फाइनल देखने के बाद पोस्ट किया अहमदाबाद में इतिहास बना, टीम और सहयोगी स्टाफ तथा दुनिया भर में भारतीय क्रिकेट टीम के सभी प्रशंसकों को बहुत-बहुत बधाई। आप सभी को खेलते हुए देखकर बहुत खुशी हुई।

## सूर्यकुमार का विश्व कप ट्रॉफी के साथ अडालज बावड़ी में हुआ फोटोशूट

**अहमदाबाद, एजेंसी**

- ऐतिहासिक स्मारक परिसर और आसपास की सड़कों पर बड़ी संख्या में प्रशंसकों की उमड़ी भीड़
- अष्टकोणीय आकार की इस मध्यकालीन बावड़ी को देखने आते हैं देश-विदेश के पर्यटक

भारतीय टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव के सोमवार को अडालज बावड़ी में विशेष फोटोशूट के लिए आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप ट्रॉफी के साथ पहुंचते ही उत्सव जैसा माहौल बन गया।

इस ऐतिहासिक स्मारक परिसर और आसपास की सड़कों पर बड़ी संख्या में प्रशंसकों की भीड़ उमड़ पड़ी। कई प्रशंसक सूर्यकुमार की एक झलक पाने के लिए आसपास की दीवारों और छतों पर भी चढ़ गए। जैसे ही कप्तान ट्रॉफी के साथ पहुंचे, प्रशंसकों ने 'इंडिया इंडिया'' के नारों से माहौल को और भी जोशीला बना दिया।

भारत ने रविवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर लगातार दूसरी बार टी20 विश्व कप खिताब को अपने नाम किया। अधिकारियों ने बताया कि अडालत बावड़ी का यह दौरा भारतीय कप्तान और विश्व कप ट्रॉफी के साथ आयोजित एक प्रमोशनल फोटोशूट का हिस्सा था। इससे पहले भी इस ऐतिहासिक स्मारक पर इसी तरह के फोटोशूट आयोजित किए जा चुके हैं। बड़ी भीड़ को देखते हुए बावड़ी परिसर और आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। अडालज नी वाव के नाम से प्रसिद्ध यह बावड़ी गुजरात के प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों में से एक है और देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को आकर्षित करती है। अहमदाबाद से लगभग 18 किलोमीटर दूर स्थित इस बावड़ी का निर्माण वर्ष 1499 में वाघेला शासक राणा वीर सिंह की पत्नी रानी रुदाबाई ने करवाया था। पांच मंजिला यह संरचना अपनी बारीक नक्काशी और विशिष्ट भारतीय-इस्लामिक वास्तुकला शैली के लिए प्रसिद्ध है। अष्टकोणीय आकार की यह बावड़ी मध्यकालीन दौर में पानी के स्रोत के साथ-साथ यात्रियों के विश्राम स्थल के रूप में भी उपयोग में लाई जाती थी। खूबसूरती से तराशी गई दीवारें गुजरात के सबसे आकर्षक विरासत में एक है।



## बारबाडोस से अहमदाबाद तक : क्रिकेट में भारत के दबदबे की अभूतपूर्व दास्तान

### टी-20 में भारतीय टीम को अब हरा पाना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन भी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वेस्टइंडीज के बारबाडोस में मिली जीत ने जहां बरसों की नाकामी का कलंक मिटाया तो अहमदाबाद में नई बादशाहत कायम हुई। वाकई क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में इस भारतीय टीम को हरा पाना मुश्किल ही नहीं, नामुमकिन सा लगने लगा है। न्यूजीलैंड को फाइनल में 96 रन से हराकर भारतीय टीम ने लगातार दूसरी बार चैम्पियन बनने का रिकॉर्ड ही नहीं बनाया बल्कि ताबड़तोड़ क्रिकेट में भारत की बादशाहत की तस्दीक भी कर दी। मैदान पर भारत का प्रदर्शन इस कदर शानदार रहा कि टूर्नामेंट से पहले सुरक्षा कारणों से बांग्लादेश के बाहर होने और भारत के खिलाफ मैच को लेकर पाकिस्तान की बहिष्कार की धमकी को लोग भूल ही गए।

भारत तीन टी20 विश्व कप (2007, 2024 और 2026) जीतने और लगातार दो बार खिताब अपने नाम करने वाली पहली टीम बन गई है। क्रिकेट की आर्थिक धुरी तो बीसीसीआई पहले ही से है। भारतीय क्रिकेट की प्रतिभा ने मिलकर सत्ता और प्रतिभा का बेहतरीन कॉकटेल बना दिया है।



टी-20 विश्व कप जीतने के बाद देर रात तक जश्न मनाती रही भारतीय टीम। एजेंसी

यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा कि दो दशक पहले शुरू हुए खेल के इस प्रारूप में मौजूदा भारतीय टीम अब तक की सर्वश्रेष्ठ टीम है।

भारत का वर्चस्व कुछ उसी तरह का है जैसे 70 या 80 के दशक में वेस्टइंडीज का और मिलेनियम के पहले दशक में आस्ट्रेलिया का हुआ करता था। भारत की जीत के अंदाज और अंतर ने इस प्रारूप में टीम की श्रेष्ठता तो साबित की है लेकिन जिन खिलाड़ियों को टीम में जगह बनाने का मौका नहीं मिल सका, उन पर दृष्टिपात करें तो भारतीय क्रिकेट में प्रतिभा की गहराई का पता चलता है। संजू सैमसन, ईशान किशन, जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे सभी ने जीत में योगदान दिया। लेकिन यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर, शुभमन गिल जैसे खिलाड़ी जो बाहर रहे, वे दुनिया की किसी भी टीम में जगह पाने के हकदार थे। चौदह वर्ष के वैभव सूर्यवंशी को कैसे भुलाया जा सकता है। क्रिकेट पंडितों का मानना है कि भारत अपनी 'ए' टीम खड़ी करके भी विश्व कप जीत सकता है। भारत की सफलता के पीछे टीम प्रबंधन के साहसिक फैसले, विकेट बचाने की बजाय तेजी से खेलने की रणनीति, मैदान पर उस पर सटीक अमल शामिल है।

दूसरी तरफ एक बार फिर आईसीसी के सफेद गेंद के टूर्नामेंट के नॉकआउट में आसानी से घुटने टेककर लगता है कि न्यूजीलैंड ने 'चोकर्स' का ठप्पा दक्षिण अफ्रीका से ले लिया है। कीवी टीम 2015 से 13 आईसीसी टूर्नामेंटों में से छह के फाइनल में पहुंची लेकिन सिर्फ एक 2021 विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप जीती।

इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान क्रिकेट का लंबे समय से चला आ रहा खराब दौर जारी रहा। बार बार कप्तान बदलना, टीम में एकता का अभाव और खिलाड़ी विकास कार्यक्रम की कमी साफ नजर आई।

वहीं एसोसिएट टीमों ने अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ी हालांकि उन्हें अभी लंबा सफर तय करना है। अमेरिका ने भारत को कड़ी चुनौती दी जबकि इंग्लैंड टीम नेपाल के खिलाफ उलटफेर का शिकार होने से बची। कनाडा के युवराज सामरा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ शतक जमाया और जिम्बाब्वे ने आस्ट्रेलिया को ग्रुप चरण में हराकर बाहर किया।

## निजी उपलब्धियों का नहीं मनाया जाएगा जश्न : गंभीर

**अहमदाबाद, एजेंसी**

- आईसीसी के फाइनल में दो बार अपनी टीम के लिए शीर्ष स्कोरर रहे गौतम गंभीर का छलका दर्द

गौतम गंभीर इस एक बात को कहते हुए कभी नहीं थकते। असल में वह इसे हर मौके पर उन लोगों के लिए दोहराते हैं जिन्होंने इस पर ध्यान नहीं दिया है और वह यह है कि मुख्य कोच के तौर पर उनके कार्यकाल में निजी उपलब्धियों का जश्न नहीं मनाया जाएगा। इस सिद्धांत की सबसे नवीनतम झलक तब दिखी जब भारत ने रविवार को यहां फाइनल में बेजोड़ प्रदर्शन करते हुए न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर अपना तीसरा टी20 विश्व कप खिताब जीता।

आईसीसी के वैश्विक फाइनल में दो बार अपनी टीम के लिए शीर्ष स्कोरर रहे गंभीर ने जोर देते हुए कहा मुझे लगता है कि सूर्या (भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव) के साथ मेरा सामान्य सा फलसफा हमेशा से यही रहा है कि उपलब्धियां मायने नहीं रखती। ट्रॉफी मायने रखती हैं। भारतीय क्रिकेट में बहुत लंबे समय से हम उपलब्धियों के बारे में बात करते आ रहे हैं। और मुझे उम्मीद है कि जब तक मैं हूं हम उपलब्धियों के बारे में बात नहीं करेंगे। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद ने क्रिकेट मीडिया से 'उपलब्धियों' नहीं बल्कि 'ट्रॉफी' का जश्न बनाने की अपील की। उन्होंने दोहराया उपलब्धियों का जश्न मनाना बंद करो, ट्रॉफी का जश्न मनाओ। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि टीम खेल का बड़ा उद्देश्य ट्रॉफी जीतना है, ना कि व्यक्तिगत रन बनाना। यह मेरे लिए कभी मायने नहीं रखता था और ना ही कभी रखेगा। गंभीर ने कहा मैं बहुत खुशकिस्मत रहा हूं कि सूर्या और मेरी राय एक ही है, विशेषकर इस मामले में। किसी का नाम नहीं लिया गया लेकिन यह समझना अधिक मुश्किल नहीं है कि वह किन 'उपलब्धियां हासिल करने वालों' की बात कर रहे थे। गंभीर ने संजू सैमसन की पारियों का जिक्र करते हुए कहा कि टीम खेल कैसे खेला जाता है ये पारियां इसका सबसे अच्छा उदाहरण है।

### नहीं मिला श्रेय

भारतीय क्रिकेट में यह एक खुला राज है कि गंभीर को हमेशा से लगता रहा है कि 2011 विश्व कप फाइनल में मैच का रुख बदलने वाली उनकी 97 रन की पारी या 2007 टी20 विश्व कप फाइनल में उनकी 75 रन की पारी को कमतर आंका गया। दोनों ही मामलों में महेंद्र सिंह धोनी का मैच जिताने वाला छक्का (2011) और जोगिंदर शर्मा को आखिरी ओवर देने का उनका मास्टरस्ट्रोक (2007) भारतीय क्रिकेट की लोककथाओं का हिस्सा बन गया।

## आईपीएल में पहली बार उतरेंगे लखनऊ के नमन व अमेठी के प्रशांत

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**





नमन तिवारी व प्रशांत वीर।

- आईपीएल में यूपी का जलवा, 12 खिलाड़ी अलग-अलग टीमों में
- धोनी के साथ ड्रेसिंग रूम शेयर करेंगे प्रशांत वीर
- एलएसजी में नमन तिवारी को मौका मिलने की उम्मीद

**अमृत विचार।** 28 मार्च से शुरू होने जा रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 19वें संस्करण में इस बार यूपी के खिलाड़ियों का जलवा देखने को मिलेगा। खास तौर पर लखनऊ के बाएं हाथ के मीडियम पेसर नमन तिवारी और अमेठी के प्रशांत वीर पर सभी की निगाहें रहेंगी।

दोनों खिलाड़ी पहली बार आईपीएल में पदार्पण कर रहे हैं और अपने प्रदर्शन से पहचान बनाने को तैयार हैं। नमन तिवारी पहले भारतीय अंडर-19 टीम का हिस्सा रह चुके हैं और उन्हें लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने अपनी टीम में शामिल किया है। टीम में पहले से मौजूद मोहसिन खान के साथ नमन को भी इस सीजन में अपनी धारदार गेंदबाजी दिखाने का मौका मिल सकता है। वहीं अमेठी के प्रशांत वीर ने यूपी लीग में शानदार प्रदर्शन कर सुर्खियां बटोरी थीं। मिनी ऑक्शन में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने उन्हें खरीदा, जिसके बाद वे पहली बार आईपीएल का हिस्सा बनेंगे। इस दौरान उन्हें टीम के कप्तान और दिग्गज खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी के साथ ड्रेसिंग रूम शेयर करने का मौका मिलेगा, जो उनके लिए बड़े अनुभव की तरह होगा।

**यूपी के एक दर्जन खिलाड़ी अलग-अलग टीमों में :** इस सीजन में उत्तर प्रदेश के करीब एक दर्जन खिलाड़ी विभिन्न फ्रेंचाइजी टीमों का हिस्सा बनकर मैदान में उतरेंगे। खेल प्रेमियों को उम्मीद है कि ये खिलाड़ी अपने प्रदर्शन से न सिर्फ टीमों को मजबूती देंगे बल्कि खिताब की दौड़ में भी अहम भूमिका निभाएंगे। रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरु की गेंदबाजी की जिम्मेदारी मेरठ के भुवनेश्वर कुमार और प्रयागराज के यश दयाल के कंधों पर होगी। वहीं कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए अलीगढ़ के रिंकू सिंह और हापुड़ के कार्तिक त्यागी मैदान में उतरेंगे। दिल्ली कैपिटल्स में कानपुर के कुलदीप यादव, मेरठ के समीर रिजवी और बाराबंकी के विप्रज निगम को जगह मिली है। इसके अलावा सनराइजर्स हैदराबाद ने लखनऊ के जीशान अंसारी और नोएडा के शिवम मावी पर भरोसा जताया है।

**क्या कहते हैं विशेषज्ञ :** पूर्व भारतीय खिलाड़ी ज्ञानेंद्र पाण्डेय का कहना है कि आईपीएल ऐसा मंच है जहां दुनिया भर के खिलाड़ी एक साथ खेलते हैं। यहां अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी भारतीय टीम के दरवाजे तक पहुंच सकते हैं। इकाना स्टेडियम के सीनियर एमडी उदय सिन्हा के मुताबिक प्रदेश के खिलाड़ियों की बढ़ती मांग यूपी क्रिकेट के लिए सकारात्मक संकेत है और इससे नई प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिलेगा। वहीं उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की जूनियर चयन समिति के चेयरमैन और पूर्व रणजी खिलाड़ी कमलकांत कनौजिया का कहना है कि यूपी के खिलाड़ियों की मौजूदगी से युवा क्रिकेटरों को प्रेरणा मिलेगी और भविष्य में प्रदेश से और भी खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिखाई देंगे।

### किन टीमों में यूपी के कौन-कौन खिलाड़ी

- **दिल्ली कैपिटल्स :** विप्रज निगम (बाराबंकी), कुलदीप यादव (कानपुर), समीर रिजवी (मेरठ)
- **कोलकाता नाइट राइडर्स :** रिंकू सिंह (अलीगढ़), कार्तिक त्यागी (हापुड़)
  लखनऊ सुपर जायंट्स – मोहसिन खान (संभल), नमन तिवारी (लखनऊ)
- **रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरु :** भुवनेश्वर कुमार (मेरठ), यश दयाल (प्रयागराज)
  सनराइजर्स हैदराबाद – जीशान अंसारी (लखनऊ), शिवम मावी (नोएडा)
- **चेन्नई सुपर किंग्स :** प्रशांत वीर (अमेठी)

## अब नजरें ओलंपिक स्वर्ण पर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- 14-30 जुलाई 2028 तक ग्रीष्मकालीन ओलंपिक होगा लॉस एंजिलिस में

टी-20 विश्व कप जीतने वाली टीम की औसत उम्र तीस के करीब है लिहाजा आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में 2028 में होने वाले अगले टी20 विश्व कप में भी उनके खेलने की पूरी संभावना है। लेकिन इससे पहले खिलाड़ियों के पास लॉस एंजिलिस में ओलंपिक स्वर्ण जीतने का भी मौका होगा चूंकि क्रिकेट की 128 साल बाद ओलंपिक में वापसी हो रही है।

भारत की विश्व कप विजेता इस टीम में सिर्फ कप्तान सूर्यकुमार यादव ही 35 साल के हैं लेकिन उनका इरादा 2028 में ये दोनों टूर्नामेंट खेलने का है। अहमदाबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में मिली जीत के बाद प्रेस कांफ्रेंस में सूर्यकुमार ने कहा एक टीम के रूप में हमने जो कुछ हासिल किया है, वह काफी खास है। अगला लक्ष्य ओलंपिक है। ओलंपिक स्वर्ण और उसी साल टी20 विश्व कप भी है। उन्होंने कहा 2024 के बाद से जिस तरह से सफर तय किया गया है, हम काफी रोमांचित हैं। हमने तीन आईसीसी ट्रॉफी (वनडे चैम्पियंस ट्रॉफी समेत) लगातार जीती। 2024 में लंबे समय बाद आईसीसी खिताब जीता। हमें पता है कि हम किस तरह से खेलना चाहते थे। 2024 के बाद सब कुछ बदल गया। सूर्यकुमार ने कहा हमने 2025 में चैम्पियंस ट्रॉफी (रोहित शर्मा की कप्तानी में) जीती और बिल्कुल अलग तरह की क्रिकेट खेली।

## चर्चा में आई जोड़ी



टी-20 विश्व कप का फाइनल जीतने के बाद पार्टनर माहिका शर्मा के साथ जश्न मनाते हार्दिक पंड्या। ● एजेंसी

## प्रेरणा

**सैमसन के रूप में नए खेल आइकन के सामने आने से केरल में खुशी की लहर**

## पिता ने कहा था– संजू अपनी जड़ों से कभी दूर मत जाना

**बेंगलुरु, एजेंसी**

एक छोटी सी कहानी है जो सैमसन विश्वनाथ के अपने बेटे संजू पर गहरे असर के बारे में बहुत कुछ बताती है। केरल का यह क्रिकेटर राजस्थान रॉयल्स के लिए अपने पहले आईपीएल सत्र के बाद एक स्टार की तरह अपने गृहनगर विझिंजम लौटा था।

कभी संजू के साथ सड़कों पर खेलने वाले गांव के युवा क्रिकेटर अब उसके पास जाने से हिचकिचा रहे थे। उनकी हिचकिचाहट को भांपते हुए दिल्ली पुलिस के पूर्व अधिकारी विश्वनाथ ने संजू को कुछ समय के लिए अपने पुराने दोस्तों के साथ खेलने के लिए कहा। उस समय संजू को अपने पिता से सलाह मिली अपनी जड़ों से कभी दूर मत जाना। ये शब्द संजू के साथ तब भी रहे जब उन्होंने खेल के उतार-चढ़ाव का सामना किया।

हाल में संपन्न टी20 विश्व कप में सैमसन 321 रन बनाकर टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने। सैमसन के शुरुआती कोच बीजू जॉर्ज ने बताया मुझे लगता है कि उसके शुरुआती मुकाबलों की तुलना में मुख्य अंतर यह है कि उसके पैरों में स्थिरता लौट आई है, एक मजबूत आधार हमेशा से उसकी ताकत रही है। जब वह क्रीज में पीछे की ओर जाने लगा तो इससे उसका संतुलन बिगड़ गया। उन्होंने कहा लेकिन अब ऐसा लगता है कि उसने वह स्थिर आधार वापस पा लिया है और यह उसकी बल्लेबाजी में दिखता है। मुंबई में सेमीफाइनल में इंग्लैंड के जोफ्रा आर्चर के खिलाफ बेसिक्स पर लौटने से मिली मदद साफ नजर आ रही थी।



संजू सैमसन को शाबाशी देते मुख्य कोच गौतम गंभीर। एजेंसी

यह जानते हुए कि सैमसन अपने शरीर की तरफ आने वाली गेंदों के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं आर्चर ने शॉर्ट गेंद फेंकी लेकिन दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने घूमकर उसे स्क्वायर लेग के पीछे छक्के के लिए पुल कर दिया। अपने अगले ओवर में आर्चर ने फिर से एक शॉर्ट पिच गेंद के खिलाफ संजू की काबिलियत को परखने की कोशिश की और इस बार इस सलामी बल्लेबाज ने गेंद को वानखेड़े स्टेडियम में मिडविकेट के पीछे दूसरे टीयर के स्टैंड पर भेजा दिया। इन दो शॉट में संजू ने आर्चर और बाउंसर के खिलाफ अपनी कमजोरी से सफलतापूर्वक निपटा।

वेस्टइंडीज के खिलाफ आखिरी सुपर आठ मुकाबले से पहले तक संजू का करियर खतरे में था। हालांकि उन्होंने आखिरी तीन महत्वपूर्ण मुकाबलों में नाबाद 97, 89 और 89 रन की पारियां खेलकर भारत को अपना तीसरा टी20 विश्व कप जिताने में मदद की। इसके साथ ही भारत लगातार दूसरा और कुल तीसरा टी20 विश्व खिताब जीतने वाली पहली टीम बना। मुख्य कोच गौतम गंभीर भी सैमसन की कोशिश से बहुत खुश थे और उन्होंने उन्हें एक विशेष प्रतिभा कहा।

### जो भी मौके मिलें उन्हें जाने मत दो

विश्वनाथ ने कहा मैंने उसे (जिम्बाब्वे के खिलाफ मैच के बाद) एक मैसेज भेजा। अपने देश के लिए अच्छा करो, तुम पहले से ही 31 साल के हो और जो भी मौके तुम्हें मिलें उन्हें जाने मत दो। उन्होंने कहा मुझे पता है कि उसमें सभी तरह का कौशल है क्योंकि वह 13 साल की उम्र से गंभीर क्रिकेट खेल रहा है और यह सब उसकी सोच को सही करने के बारे में था। बल्लेबाजी क्रम या ऐसी किसी भी चीज की चिंता मत करो बस खुले दिमाग से खेलो। ऐसा लगता कि सैमसन ने इस सलाह को दिल से मान लिया और लगातार तीन अर्धशतक लगाए। विश्वनाथ ने भावनात्मक होते हुए कहा, मैं अपने पोडियन (बेटे) को जानता हूं। मैं उसे छोटी उम्र से देख रहा हूं। मुझे पता था, हम सब जानते थे कि वह वापसी करेगा।